आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 312, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारतीय महिला टीम ने जीती श्रृंखला 2

अमिताभ ने अभिषेक के साथ देखी कल्कि 2898 एडी 16

खुद को हिंदू कहने वाले करते हैं हिंसा की बात

धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर लोकसभा में हुआ भारी हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जोरदार हमले किए। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलने उठे राहुल गांधी की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी तीखी नोकझोंक हुई। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत हाथ में संविधान की कॉपी लेकर की, लेकिन बीच भाषण में ही उन्होंने भगवान शिव की तस्वीर दिखाते हुए जो टिप्पणी की, उस पर सदन में हंगामा हो गया। राहुल ने कहा, खुद को हिंदू कहने वाले हिंसा की बात करते हैं। राहुल गांधी ने जब भाजपा पर यह आरोप लगाया तो प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ने पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहा है।

दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को फिर से लोकसभा और राज्यसभा का सत्र शुरू हुआ तो केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर संगठित हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अग्निवीर सैनिक 'यूज एंड थ्रो' मजदूर बन गए हैं। राहुल ने भाजपा पर युवाओं, छात्रों, किसानों, मजदूरों, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों में डर पैदा करने का आरोप लगाया।

नीट-यूजी में अनियमितता का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने एक पेशेवर परीक्षा को व्यावसायिक परीक्षा में तब्दील कर दिया है। अब छात्रों को नीट की परीक्षा पर विश्वास नहीं रहा। राहुल गांधी ने भाषण के दौरान भगवान शंकर की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि मोदीजी ने अपने भाषण में एक दिन कहा था कि हिंदुस्तान ने कभी किसी पर हमला नहीं किया। इसका कारण है। हिंदुस्तान अहिंसा का देश है, यह डरता नहीं है। शिवजी कहते हैं- डरो मत, डराओ मत और त्रिशूल को जमीन में गाड़ देते हैं। दूसरी तरफ जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वे 24 घंटे हिंसा-हिंसा..नफरत-नफरत करते हैं। आप हिंदू हो ही नहीं। राहुल गांधी के बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना ठीक नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'नेता विपक्ष ने कहा है कि जो अपने आपको हिंदू कहते हैं, वो हिंसा करते हैं। इनको मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग अपने आप को गर्व से हिंदू कहते हैं, क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं। उन्हें (राहुल) माफी मांगनी चाहिए।

भगवान शिव की तस्वीर दिखाने पर अध्यक्ष ने रोका

राहुल ने अपने भाषण के दौरान भगवान शिव की तस्वीर दिखाई। स्पीकर ओम बिरला ने रोका और एक मिनट रुकने के लिए कहा। बिरला ने कहा कि आपने सवाल उठाया। आपके माननीय सदस्यगण 352 का नियम बता रहे थे। आपने कहा कि नियम प्रक्रिया से सदन चलना चाहिए। नियम में कोई भी प्लेकार्ड या तस्वीर नहीं दिखाया जा सकता। राहुल ने सवाल किया, ''क्या इस सदन में शिवजी की फोटो दिखाना मना है? अगर मैं कह रहा हूं कि मुझे इनसे प्रोटेक्शन मिली, लेकिन आप मुझे रोक रहे हैं। मैं इस तस्वीर को क्यों लाया, क्योंकि इस तस्वीर में आइडिया टू डिफेंड है। शिवजी के गले में सांप हैं, इसके पीछे का मकसद है किसी ने डरना नहीं चाहिए।

प्रधानमंत्री-गृहमंत्री ने कहा-पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना आपत्तिजनक

राहुल ने भाजपा के बारे में बोला: प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी कभी हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते और उन्होंने सदन में भाजपा एवं उसके नेताओं के बारे में बोला है। प्रियंका, राहुल गांधी के भाषण को सुनने संसद भवन पहुंची थीं। प्रियंका ने कहा, मेरे भाई कभी हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते।

हिंदुओं से माफी मांगें राहुल : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदुओं को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने निंदनीय बयान से भारत माता की आत्मा को लहूलुहान करने का कार्य किया है। इसके लिए उन्हें दुनियाभर में फैले करोड़ों हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए।

अग्निवीर पर गलतबयानी कर रहे राहुल : राजनाथ

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने मोदी सरकार की अग्निवीर योजना पर भी तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि एक बारूदी सुरंग से एक अग्निवीर शहीद हुआ। मैं उसे शहीद कह रहा हूं, लेकिन भारत सरकार और नरेंद्र मोदी उसे शहीद नहीं कहते, उसे अग्निवीर कहते हैं, उसे पेंशन नहीं मिलेगी। उस घर को मुआवजा नहीं मिलेगा। शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। राहुल गांधी के भाषण के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गलतबयानी करके सदन को गुमराह करने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि युद्ध के दौरान या सीमा सुरक्षा के दौरान किसी अग्निवीर की मौत होती है तो उसके परिजन को एक करोड़ रुपये सहायता राशि दी जाती है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी खड़े होकर राहुल गांधी को सदन में झूठ न बोलने की नसीहत दी। कहा कि अगर ये अपने बयान का सत्यापन नहीं करते हैं तो उन्हें सदन, देश और अग्निवीरों से माफी मांगनी चाहिए।

भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान

जुलाई में सामान्य से अधिक होगी बारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश में जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल तरीके से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरे देश में जुलाई की औसत बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना है जो लंबी अवधि के औसत (एलपीए) 28.04 सेमी से 106 प्रतिशत अधिक रह सकती है।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि पश्चिमी तट को छोड़कर उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। मध्य भारत, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और पश्चिमी तट पर सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है जबकि उत्तर-पश्चिम के कुछ हिस्सों और मध्य भारत के आस-पास के इलाकों और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने का अनुमान है।

बादल फटने का नतीजा नहीं थी दिल्ली में बारिश

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि पिछले हफ्ते दिल्ली में हुई भारी बारिश बादल फटने का नतीजा नहीं थी। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला ने 28 जून को सुबह 5 से 6 बजे के बीच 91 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की। इसी तरह, लोधी रोड मौसम केंद्र ने सुबह 5 बजे से 6 बजे तक 64 मिमी और सुबह 6 बजे से 7 बजे तक 89 मिमी बारिश दर्ज की। इन घटनाओं को बादल फटने की घटना नहीं कहा जा सकता।

एक नजर

एशियन प्राइज फॉर फिक्शन की सूची में दो भारतीयों के नाम

नई दिल्ली। दो भारतीय लेखकों और एक भारतीय मूल के लेखक की पुस्तकें 'एशियन प्राइज फॉर फिक्शन' की चयन सूची में शामिल हुई हैं। यह पुरस्कार वैश्विक साहित्यिक परिदृश्य को आकार देने वाली विविध आवाजों का सम्मान करता है। अरेफा तहसीन की 'विच इन द पीपल ट्री', मृणालिनी हरचंदराय की 'रेस्क्यूइंग अ रिवर ब्रिज' और नेपाली-भारतीय लेखिका स्मृति रवींद्र की 'वूमन हू क्लाइब्ड ट्रीज' के अलावा इस श्रेणी में संक्षिप्त सूची में शामिल तीन अन्य किताबों में नाइजीरियाई लेखक अयोबामी अदेबायो की 'स्पेल ऑफ गुड थिंग्स', पाकिस्तान की सफीना दानिश इलाही की द आइडल स्टांस ऑफ द टिपलर पिजन और श्रीलंकाई-अमेरिकी लेखक वी.वी. गणेशनाथन की ब्रदरलेस नाइट्स शामिल हैं।

सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के परिणाम सोमवार को घोषित कर दिए गए। यह परीक्षा 16 जून को आयोजित की गई थी। यूपीएससी ने कहा कि अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा के अंक, कट ऑफ अंक व उत्तर कुंजी सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। प्रीलिम्स परीक्षा के लिए 13.4 लाख से अधिक उम्मीदवार उपस्थित हुए। यूपीएससी सीएसई मेन्स 2024 संभावित रूप से 20 सितंबर से आयोजित हो सकता है।

नीट-यूजी पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए ने संशोधित रैंक की सूची भी जारी की
- 1563 अभ्यर्थियों के लिए कराई गई थी परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित किए और संशोधित रैंक सूची जारी की। एनटीए ने पांच मई को आयोजित की गई परीक्षा में छह केंद्रों पर देरी से परीक्षा शुरू होने के कारण समय के नुकसान की भरपाई के लिए 1,563 परीक्षार्थियों को कृपांक दिए थे। इन्हीं परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद यह संशोधित परिणाम जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 23 जून को सात केंद्रों पर आयोजित की गई पुनः परीक्षा में 1,563 परीक्षार्थियों में से 48 प्रतिशत उपस्थित नहीं हुए थे। एनटीए के अधिकारियों ने बताया कि 1,563 परीक्षार्थियों में से 813 ने दोबारा परीक्षा दी जबकि अन्य ने कृपांक छोड़ने का विकल्प चुना। चंडीगढ़ केंद्र में सिर्फ दो अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी वहां एक भी परीक्षार्थी उपस्थित नहीं हुआ।

प्राथमिकी दर्ज होने पर अब तीन साल के भीतर मिलेगा न्याय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावी हो गए। इन तीनों कानून ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 'इंडियन एविडेंस एक्ट' की जगह ली है। इसके साथ ही न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव की शुरूआत हो गई।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नए आपराधिक कानूनों के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर सभी मामलों में सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय मिलेगा। शाह ने उम्मीद जताई कि भविष्य में अपराधों में कमी आएगी और नए कानूनों के तहत 90 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि होने की संभावना है।

नए आपराधिक कानून लागू

- गृहमंत्री शाह ने कहा-अब दंड की जगह न्याय प्रदान करने को मिलेगी प्राथमिकता

गृहमंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर मिल सकता है। तीनों आपराधिक कानूनों के लागू होने से भारत में दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी। उन्होंने कहा कि नए कानून, आधुनिक न्याय प्रणाली को स्थापित करते हैं जिनमें 'जीरो एफआईआर', शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे तरीकों से समन और अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी शामिल हैं। शाह ने बताया कि नए कानून के तहत पहला मामला ग्वालियर में रविवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर मोटरसाइकिल चोरी का दर्ज किया गया।

नए कानून के तहत अमरोहा में दर्ज हुई पहली एफआईआर

- डीजीपी ने कहा-पुलिस कर रखी थीं पहले से तैयारियां

लखनऊ/अमरोहा। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि बिना किसी दिक्कत के प्रदेश के सभी थानों में नए कानून के तहत एफआईआर दर्ज की जा रहीं हैं। इस क्रम में पहले दिन जल्द सुबह बरेली और अमरोहा में दर्ज की गई एफआईआर का जिक्र किया। प्रशांत कुमार ने बताया कि तीनों कानूनों को लागू करने के लिए पहले से ही उप्र. पुलिस ने व्यापक तैयारियां कर रखी थीं। अमरोहा संवाददाता के अनुसार जिले के रहरा थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत सोमवार सुबह 9:51 बजे पहली एफआईआर दर्ज की गई है। जो गांव ढकिया खादर निवासी संजय सिंह ने दर्ज कराई है। सोमवार सुबह संजय के पिता जयपाल उर्फ मंगला धान की पौध लगाने गए थे। उनके पड़ोसी राजवीर ने खेत के चारों ओर बिजली के तार लगा रखे हैं। करंट लगने से जगपाल की मौत हो गई। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि मामले में मृतक जगपाल उर्फ मंगला के बेटे संजय सिंह की तहरीर पर राजवीर उर्फ रज्जु और भूप सिंह उर्फ भोलू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

24 जिले अतिसंवेदनशील, सुरक्षा को सतर्क रहें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बाढ़ की नजर से 24 अति संवेदनशील और 16 संवेदनशील जिलों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनधन की सुरक्षा के इंतजाम समय रहते कर लेने की हिदायत अफसरों को दी है।

मौसम विभाग के अनुमानों का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने सतर्क किया कि इस साल पर्याप्त वर्षा होगी। नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे जिलों में सतर्कता बनाए रखें। उन्होंने कहा, आमजन की सुविधा और राहत एवं बचाव कार्य के बेहतर प्रबंधन के लिए बाढ़ बुलेटिन और मौसम का पूर्वानुमान नियमित रूप से जारी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर हुई एक बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के मद्देनजर जारी तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की नजर से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। इस साल भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

- मुख्यमंत्री ने की बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा
- जलशक्ति मंत्री व दोनों राज्यमंत्री फील्ड में करें व्यवस्था का निरीक्षण

बाढ़ की नजर से संवेदनशील जिले

बाढ़ की नजर से 24 जिले अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। जिसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील हैं।

पर्याप्त रिजर्व स्टॉक एकत्र कर लें

मुख्यमंत्री ने कहा है कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिए पर्याप्त रिजर्व स्टॉक एकत्र कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध हो। जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री द्वारा अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें, साथ ही बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करें।

सीबीआई की गिरफ्तारी को कोर्ट में दी चुनौती

नई दिल्ली। आबकारी घोटाला मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी और विशेष अदालत के केंद्रीय जांच एजेंसी को उन्हें हिरासत में देने के आदेश के साथ ही गिरफ्तारी को उचित बताने की टिप्पणी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ईडी के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल बंद केजरीवाल को 26 जून को औपचारिक तौर पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

कॉमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ 30 रुपये सस्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- विमान ईंधन की कीमतों में 1.2% की हुई बढ़ोत्तरी

अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतों के अनुरूप विमान ईंधन की दर में सोमवार को 1.2% की वृद्धि हुई। हालांकि, वाणिज्यिक एलपीजी (19 किग्रा) सिलेंडर की कीमत में 30 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है।

दिल्ली में विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमत 1,179.37 रुपये प्रति किलोलीटर या 1.2% बढ़कर 96,148.38 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। एक जून को एटीएफ की दर में 6.5% (6,673.87 रुपये प्रति किलोलीटर) की कटौती हुई थी। मुंबई में एटीएफ की कीमत 88,834.27 रुपये से बढ़ाकर 89,908.30 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत 30 रुपये कमकर 1,646 रुपये प्रति सिलेंडर की है। कीमतों में लगातार चौथी बार कटौती की गई है। इससे पहले एक जून को 69 रुपये कम किए गए थे। एक मई को 19 और एक अप्रैल को 30.5 रुपये प्रति सिलेंडर कम किए गए थे।

मेधा पाटकर को पांच माह की जेल, 10 लाख जुर्माना

- मानहानि के मामले में दिल्ली की कोर्ट ने सुनाई सजा

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को 23 साल पुराने मानहानि के मामले में सोमवार को पांच महीने जेल की सजा सुनाई। यह मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दायर किया था जब वह गुजरात के अहमदाबाद में एनजीओ (काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज) के प्रमुख थे। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर पर 10 लाख का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने पाटकर को आदेश के खिलाफ अपील करने का मौका देते हुए सजा को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया। 24 मई को कोर्ट ने कहा था कि सक्सेना को कायर कहना और हवाला में उनकी संलिप्तता का आरोप लगाने संबंधी पाटकर का बयान न केवल अपने आप में मानहानि के समान है, बल्कि इसे नकारात्मक धारणा को उकसाने के लिए गढ़ा गया था। साथ ही यह आरोप शिकायतकर्ता की ईमानदारी और सेवा पर हमला है।

पहली बार

सूर्य के बेहद करीब पहुंचने की कवायद, नासा का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को देगा अंजाम

इंसान अंतरिक्ष में एक और इतिहास रचने को तैयार

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : इंसान सूर्य के बेहद करीब पहुंचने का इतिहास रचने जा रहा है। अमेरिका के नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को अंजाम देने जा रहा है। पार्कर व सूर्य के बीच दूरी 5.3 मिलियन मील रह जाएगी।

यह पहली बार होने जा रहा है, जब कोई मानव निर्मित उपग्रह सूर्य के इतने करीब पहुंचेगा। पृथ्वी व सूर्य के बीच दूरी 15 करोड़ किलोमीटर है और हम जैसे-जैसे सूर्य के करीब पहुचेंगे, पिघला देने वाला तापमान बढ़ता चला जाएगा। जिस कारण सूर्य के करीब पहुंचना बड़ी चुनौती है। जिसे पार करना दुस्साहस भरा कदम है और पार्कर इस चुनौती को फतह करने जा रहा है। पार्कर का सफर यहीं थमने वाला नहीं है, वह दिसंबर में सूर्य के नजदीक पहुंचने का एक और कीर्तिमान बनाएगा। तब वह सूर्य के इतने करीब पहुंच चुका होगा कि वह लगभग सूर्य को स्पर्श कर चुका होगा और इनके बीच की दूरी सिर्फ 4 मिलियन मील रह जाएगी। यह दूरी इस प्रोब को बुरी तरह झुलसा देने वाली होगी। नासा का कहना है कि अंतिम पेरिहेलियन पर पार्कर सोलर प्रोब सूर्य को स्पर्श करेगा। सूर्य की परिक्रमा करते समय पेरिहेलियन निकटतम दृष्टिकोण का बिंदु है। पार्कर ने अपने पेरिहेलियन के समीप पहुंचने के दौरान करीब और करीब आने के मिशन के दौरान वृद्धिशील कदम उठाए हैं। इसमें 26 नियोजित पेरिहेलियन हैं। पार्कर 800,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से यात्रा कर रहा है। इस अंतरिक्ष यान ने लंबे समय से सूर्य के सबसे करीब पहुंचने और सबसे तेज़ मानव निर्मित वस्तु के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस मिशन का सपना पहली बार 1958 में देखा गया था, जब यूजीन पार्कर ने सौर हवा के अस्तित्व की भविष्यवाणी की थी। 60 साल बाद अगस्त 2018 में यह सपना आखिरकार साकार हुआ। इस मिशन का अंतिम लक्ष्य मात्र छह महीने दूर रह गया है।



छह वर्ष में कई रहस्य किए उजागर

अंतरिक्ष मिशन पार्कर छह वर्षों में सूर्य के अनेक रहस्य उजागर करने में कामयाब रहा है। मिशन के डेटा ने सूर्य के बारे में हमारी समझ, सौर मंडल, अंतरिक्ष मौसम और ब्रह्मांड के अन्य सितारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई है, जो नासा ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी वैज्ञानिकों व खगोल विज्ञानजगत के लिए बेहद उपयोगी हैं।

एनआईए ने दी रशीद को सांसद के तौर पर शपथ लेने की सहमति

- तिहाड़ जेल में बंद है कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2019 से तिहाड़ जेल में बंद कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद को 5 जुलाई को सांसद के तौर पर शपथ लेने के लिए सोमवार को विशेष अदालत के समक्ष अपनी सहमति दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह इस पर मंगलवार को आदेश पारित करेंगे। एनआईए के वकील ने कहा कि रशीद को कुछ शर्तों के साथ शपथ लेने की मंजूरी दी जानी चाहिए जैसे कि वह मीडिया से बात न करें। बारामूला से निर्दलीय सांसद रशीद को जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के वित्त पोषण के मामले में 2017 में गिरफ्तार किया गया था। राशीद ने शपथ लेने के लिए अंतरिम जमानत के लिए कोर्ट का रुख किया था। यहां विशेष अदालत ने 22 जून को मामले पर सुनवाई रद कर दी थी और एनआईए से जवाब मांगा था।

तीनों सफेद मिल गए, लाल बाकी है: द्रविड़

ब्रिजटाउन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान कोच राहुल द्रविड़ ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को टी20 विश्व कप जीतने के कुछ घंटे बाद और अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भी एक काम सौंपा है। द्रविड़ ने भारतीय ड्रेसिंग रूम के जश्न के वीडियो में कोहली से कहा तीनों सफेद तो हासिल कर लिए, एक लाल बाकी है। उसे भी हासिल कर लो।

आईसीसी ने इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो डाला है। तीन सफेद से आशय टी-20 विश्व कप, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी है जो कोहली ने जीत रखे है। अब बस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतना बाकी है। भारत दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल (2021 में न्यूजीलैंड से और 2023 में आस्ट्रेलिया से) हार चुका है। 35 वर्ष के कोहली ने विश्व कप जीतने के साथ टी-20 क्रिकेट से विदा ले ली। वह द्रविड़ के इस बयान पर मुस्कुराकर रह गए। इस वीडियो में सूर्यकुमार यादव भी हैं जिन्होंने फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच लपका था। इस उपलब्धि को समझने में उन्हें कम से कम दो दिन लगेंगे। अभी कुछ महसूस नहीं हो रहा। समझ में नहीं आ रहा कि क्या कहूं। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा आत्मविश्वास से क्या हासिल नहीं हो सकता। भारतीय टीम फिलहाल बारबडोस में ही है क्योंकि तूफान बेरिल की चेतावनी के कारण उड़ान सेवाएं निरस्त हैं। भारतीय टीम को दुबई के रास्ते न्यूयॉर्क से अमीरात की उड़ान लेनी थी। एक सूत्र ने बताया कि टीम को चार्टर्ड उड़ान से वापिस लाया जा सकता है। भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ, परिवार और अधिकारियों समेत 70 सदस्य हैं।

कार्तिक होंगे आरसीबी के बल्लेबाजी कोच, मेंटॉर

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपना बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद कार्तिक इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र से आरसीबी के खिलाड़ियों को बल्लेबाजी के गुर सिखाते नजर आएंगे।

कार्तिक ने आरसीबी के बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्ति को लेकर जारी प्रेस विज्ञप्ति में एक बयान में कहा, पेशेवर स्तर पर कोचिंग करने का अवसर पाकर मैं काफी उत्साहित हूं। यह मेरे जीवन का एक नया अध्याय है। मैं उम्मीद करता हूं एक खिलाड़ी के तौर पर मिले अपने अनुभव आरसीबी को दे पाऊंगा। कार्तिक आईपीएल में कुल छह टीमों का हिस्सा रहे। उन्होंने में केकेआर के लिए कप्तानी भी की है।

श्रीलंका दौरे पर जाएंगे नए कोच : शाह

ब्रिजटाउन, एजेंसी

- गौतम गंभीर के नाम की लगाई जा रहीं अटकलें
- भारतीय टीम के साथ बारबडोस में फंसे हैं सचिव

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच इस महीने के आखिर में श्रीलंका में सीमित ओवरों की श्रृंखला के साथ टीम से जुड़ेंगे हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि राहुल द्रविड़ के जाने के बाद किसके नाम पर मुहर लगी है। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के नाम की अटकलें लगाई जा रही है । क्रिकेट सलाहकार समिति ने गंभीर और भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यू वी रमन के इंटरव्यू लिए हैं।

शाह ने कहा कि एक चयनकर्ता की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। शाह टी-20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज आए हैं जिसमें भारत ने फाइनल में श्रीलंका को सात रन से हराकर खिताब जीता। शाह ने कहा कोच और चयनकर्ता की नियुक्ति जल्द ही होगी। सीएसी ने दो उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए हैं और मुंबई जाने के बाद जो उनका फैसला होगा, हम उस पर अमल करेंगे। जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण जाएंगे लेकिन नया कोच श्रीलंका श्रृंखला से ही जुड़ेगा। टीम 27 जुलाई से तीन टी-20 और तीन वनडे खेलने श्रीलंका जाएगी। हार्दिक के प्रदर्शन और रोहित के बाद उनके कप्तान बनने की संभावना पर शाह ने कहा कप्तानी का फैसला चयनकर्ता करेंगे। सम्मान समारोह की बीसीसीआई योजना बना रही है लेकिन तूफान की चेतावनी के कारण बारबडोस हवाई अड्डा बंद है और टीम यहीं फंसी हुई है। शाह ने कहा हम भी यहां फंसे हुए हैं।

भारतीय महिला टीम ने जीती श्रृंखला

दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय महिला टीम के खिलाड़ी व अन्य सदस्य । ● एजेंसी

ट्रॉफी के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर। ● एजेंसी

टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया, राणा बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सोमवार को चौथे और आखिरी दिन दस विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रन पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिये 37 रन का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाये 9.2 ओवर में हासिल कर लिया।

भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रन पर घोषित की थी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था। पहली पारी में 266 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया। लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंद में 122 और सुने लुस ने 203 गेंद में 109 रन बनाए। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा।

वोल्वार्ट ने पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी-20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। काप को दीप्ति शर्मा ने 31 के स्कोर पर पगबाधा आउट किया। वहीं स्नेह राणा ने डेल्मी टकर को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। लंच के बाद सिनालो जाफ्टा रिटायर्ड हर्ट हो गई जबकि एन्ने डेर्कसन पांच रन बनाकर पूजा वस्त्राकर का शिकार हुई। डि क्लेर्क और मसाबाटा क्लास ने 23 रन की साझेदारी करके टीम को पारी की हार से बचाया।

वहीं पहली पारी में भारत की शेफाली वर्मा (205) के एतिहासिक दोहरे शतक और स्मृति मंधाना (149) की शतकीय पारी की मदद से भारत ने छह विकेट पर 603 रन पर घोषित कर दी थी। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिये 292 रनों की रिकार्ड साझेदारी की। इसके बाद स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिए मुफीद चेपॉक की सपाट पिच पर मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली थी। स्नेह राणा के शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: 603/6 (पारी घोषित)
दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 266/10

प्लेयर ऑफ द मैच
स्नेहा राणा

द. अफ्रीका (फॉलोऑन)	373/10 (154.4 ओवर)		
	रन	गेंद	4/6
लॉरा वुलवार्टर पगबाधा राजेश्वरी	122	314	16/0
ऐनेक बॉश पगबाधा दीप्ति	9	18	2/0
सुने लुस बो हरमनप्रीत	109	203	18/0
मारिजाने काप पगबाधा दीप्ति	31	82	3/0
डेलमी टकर का रोड्रिग्स बो राणा	0	3	0/0
नाडिने डि क्लार्क बो राजेश्वरी	61	185	8/1
सिनालो जाफ्ता का शुभा बो राणा	15	36	2/0
एन्नेरी डर्कसन पगबाधा वस्त्राकर	5	17	1/0
तुमी सेखुखुने रन आउट (राजेश्वरी)	6	35	1/0
मासाबाटा क्लास बो शेफाली	2	33	0/0
नोनकुलुलेको म्लाबा नाबाद	1	5	0/0

अतिरिक्त: 12, गेंदबाजी: रेणुका 10-1-30-0, राणा 40-12-111-2, वस्त्राकर 16-7-35-1, दीप्ति 45-10-95-2, राजेश्वरी 30.4-12-55-2, शेफाली 3-1-7-1, हरमनप्रीत 10-0-31-1

भारत दूसरी पारी	37/0 (9.2 ओवर)		
	रन	गेंद	4/6
शुभा सतीश नाबाद	13	26	1/0
शेफाली वर्मा नाबाद	24	30	3/1

गेंदबाजी : म्लाबा 5-0-18-0, टकर 4.2-0-19-0

खेल डायरी

चैंपियनशिप में आडवाणी की नजरें खिताबी हैट्रिक पर

रियाद। भारत के शीर्ष क्यू (स्नूकर एवं बिलियड्र्स) खिलाड़ी पंकज आडवाणी मंगलवार से शुरू होने वाली एशियाई बिलियड्र्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक पूरा करने के लक्ष्य के साथ भाग लेंगे। इस चार दिवसीय टूर्नामेंट में एशिया से शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें आडवाणी के अलावा सौरव कोठारी और ध्रुव सितवाला भी भारतीय चुनौती को पेश करेंगे। आडवाणी ने 2005 के बाद से नौ एशियाई बिलियड्र्स खिताब जीते हैं। उन्होंने स्नूकर में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 2016, 2019 और 2021 में एशियाई खिताब जीतने के साथ-साथ 2017 में टीम खिताब जीतने का स्वाद चखा है। आडवाणी ने कहा मैंने पिछले कई वर्षों से सफलता का स्वाद चखा है लेकिन मैं आत्ममुग्धता से बचते हुए खेल पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करता हूं। इसमें भारत, थाईलैंड, म्यांमार और सिंगापुर के दिग्गज खिलाड़ी भाग ले रहे ।

इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर शुभंकर

रोम। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा तीन होल के अंदर एक बोगी और एक डबल बोगी करने के बाद इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर रहे। शुभंकर तीसरे दिन के बाद चार खिलाड़ियों के साथ तालिका में शीर्ष पर थे लेकिन दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद वह पांचवें स्थान पर खिसक गये। उनका कुल स्कोर आठ अंडर रहा। उन्होंने 13वें होल तक दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये थे लेकिन वह 14वें होल में डबल बोगी और 16वें होल में बोगी कर बैठे।

भारतीय बधिर टीम ने टी-20 श्रृंखला जीती

नई दिल्ली। भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने लीसेस्टर में सातवें और अंतिम टी-20 मैच में मेजबान इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 5-2 से अपने नाम कर ली। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को चार विकेट पर 164 रन पर रोक दिया और फिर अभिषेक सिंह (68) तथा उमर अशरफ (56) के अर्धशतकों की मदद से चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 46 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन अभिषेक और अशरफ ने 95 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई।

क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से हारा भारत

नई दिल्ली। भारत को बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया ने 3-2 से हरा दिया। भारतीय खिलाड़ी अब व्यक्तिगत मुकाबलों में भाग लेंगे। भारत ने मिश्रित युगल टीम में बदलाव करते हुए संस्कार सारस्वत के साथ श्रावनी वालेकर को उतारा। दोनों ने कांग खाइ किंग और एन मेइसाराह की जोड़ी को 21-16, 13-21, 21-17 से मात दी। इसके बाद तन्वी यार्मा ने सिति जुलैखा को एकल वर्ग में 21-15, 15-21, 22-20 से हराकर भारत की बढत दुगुनी कर दी। प्रणय शेट्टिगर को एकल वर्ग में मुहम्मद फैक ने 15-21, 21-18, 21-19 से मात दी। वालेकर और नव्या कंडेरी को बुइ ओंग शिन यि और कारमेन तिंग ने 21-16, 21-15 से हराया। लड़कों के युगल वर्ग में भार्गव एरिगेला और अर्श मुहम्मद को कांग और आरोन तेइ ने 21-18, 21-10 से शिकस्त दी।

आनंद ने 10वीं बार जीता लियोन मास्टर्स खिताब

लियोन (स्पेन)। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद लियोन मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराकर यहां दसवीं बार चैंपियन बनें। आनंद ने 28 साल पहले 1996 में यहां अपना पहला खिताब जीता था। इस प्रारूप में चार खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें आनंद और उनके हमवतन अर्जुन एरिगैसी के अलावा बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव और लटासा शामिल थे। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन को दूसरे सेमीफाइनल में लटासा ने 2.5-1.5 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया था।

प्रज्ञानानंदा को वेस्ली सो ने बराबरी पर रोका

बुकारेस्ट (रोमानिया)। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर शानदार स्थिति में होने बावजूद अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रहे और यह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा। इस दौरान दिन के पांचों मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। अमेरिका के फैबियानो कारूआना 3.5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा उनसे आधा अंक पीछे संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

गुकेश विश्व चैंपियनशिप में लिरेन को देंगे चुनौती

नई दिल्ली। भारत के शतरंज स्टार डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच 2024 विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी सिंगापुर करेगा। फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इसके मायने हैं कि गुकेश दिल्ली या चेन्नई में यह मुकाबला नहीं खेल सकेंगे चूंकि भारत के ये दोनों शहर सिंगापुर से पिछड़ गए। ढाई मिलियन डॉलर (लगभग 21 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाला यह मुकाबला 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच होगा। तमिलनाडु सरकार और एआईसीएफ ने विश्व शतरंज संस्था फिडे को मेजबाजी अलग-अलग बोलियां सौंपी थीं। सिंगापुर शतरंज महासंघ ने फिडे विश्व चैंपियनशिप मैच 2024 की मेजबानी हासिल की है।

एरिना सबालेंका कंधे की चोट के कारण विंबलडन से हटीं

विंबलडन (इंग्लैंड), एजेंसी

- सबालेंका बोलीं- मैदानी शॉट खेल पा रही हूं लेकिन सर्विस नहीं हो रही

तीसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका कंधे में चोट के कारण सोमवार को विंबलडन से हट गईं। दो बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन को ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरुआती दिन पहले दौर में अमेरिका की एमिना बेक्टास से खेलना था।

पिछली दो बार की सेमीफाइन लिस्ट सबालेंका की जगह सोमवार को ड्रॉ में एरिका एंड्रीवा को शामिल किया गया जो पिछले सप्ताह क्वालीफाइंग चरण में हार गई थी। सबालेंका ने एक सप्ताह पहले कंधे में दर्द का हवाला देते हुए बर्लिन लेडीज ओपन के क्वार्टर फाइनल के पहले सेट से हटने का फैसला किया था। उन्होंने कहा था कि उनकी मांसपेशियों में चोट है और यह उनके लिए बहुत निराशाजनक है। सबालेंका ने कहा मैं अभ्यास कर पा रही हूं। मुझे मैदानी शॉट खेलने में कोई परेशानी नहीं है लेकिन सबसे दुखद यह है कि मैं सर्विस नहीं कर पा रही हूं। आपको ऐसा महसूस नहीं होता आप चोटिल है।

ओसीए ईबी ने योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर जताई सहमति : पीटी उषा

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर सहमति जताई है और ओसीए की आमसभा से मंजूरी मिलने पर इसे खेलों में स्थान मिल जाएगा।

उषा ने कहा कि ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह ने उन्हें ईबी के फैसले के बारे में बताया। उन्होंने आईओए की विज्ञप्ति में कहा मुझे खुशी है कि ओसीए के कार्यकारी बोर्ड ने भारत के अनुरोध पर योग को वह मान्यता देने पर मंजूरी जताई है जिसका वह हकदार है। अब यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए आमसभा की खेल समिति के पास जाएगा। आईओए सूत्र ने बताया कि अभी योग को एशियाई खेलों में शामिल करने की दिशा में पहला कदम उठाया है। यह पदक का खेल होगा या नुमाइशी, इसका फैसला ओसीए की आमसभा लेगी।

आईओए ईसी सदस्यों ने पेरिस यात्रा के लिए कोई भत्ता न लेने का किया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

- परिषद के सदस्यों ने कहा- एथलीटों से अधिक भत्ता लेने से होगा छवि को नुकसान

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद (ईसी) के सदस्यों ने पेरिस ओलंपिक के दौरान यात्रा भत्ता नहीं लेने का फैसला किया है। परिषद के सदस्यों को इस बात की चिंता है कि अगर वे पेरिस ओलंपिक के लिए एथलीटों से अधिक भत्ता स्वीकार करेंगे तो उनकी छवि को नुकसान होगा।

आईओए की कार्यकारी परिषद ने यह भी कहा कि वे विदेश यात्रा के लिए सरकारी धन पर निर्भर नहीं है क्योंकि सभी सदस्य अच्छी पृष्ठभूमि से आते हैं। बजट अनुमान के मुताबिक आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्यों को प्रतिदिन 300 डॉलर (लगभग 25,000 रुपये) मिलने थे। सदस्यों को उनकी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान आवास के लिए प्रति दिन अतिरिक्त 1000 डॉलर (लगभग 84,000 रुपये) भी मिलने थे। ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का भत्ता प्रति दिन 50 डॉलर तय किया गया था, जबकि ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल के लिए प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अलग से दो लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी। ईसी के एक सदस्य ने कहा हां, हमने इस मुद्दे पर चर्चा की। अधिकांश सदस्य इस बात पर सहमत थे कि हमें यह भत्ता स्वीकार नहीं करना चाहिए। इससे जनता में गलत संदेश गया है और इसे सुधारने की जरूरत है। ईसी के सभी सदस्य आर्थिक रूप से संपन्न हैं। उन्हें ऐसी यात्राओं के लिए सरकारी कोष पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है।

अकुला, बर्नाडेट ड्राफ्ट में शामिल

मुंबई, एजेंसी

यूटीटी 2024 सत्र

भारत की उभरती हुई खिलाड़ी श्रीजा अकुला, रोमानिया की बर्नाडेट स्जोक्स, नाइजीरिया के अरुणा कादरी और जर्मनी की नीना मित्तेलहम 10 जुलाई को यहां होने वाले अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) 2024 ड्राफ्ट में शामिल शीर्ष खिलाड़ियों में से हैं।

यूटीटी का आगामी सत्र 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में आठ विदेशी पुरुष और महिला खिलाड़ियों सहित 47 खिलाड़ी होंगे और उनमें से 43 को टीमों में शामिल किया जाएगा।

भारतीय सितारों शरथ कमल, मनिका बत्रा, हरमीत देसाई, मानव ठक्कर और जी साथियान को उनकी संबंधित फ्रेंचाइजियों ने पहले ही बरकरार रखा है। दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी 29 वर्षीय बर्नाडेट तीसरी बार यूटीटी का हिस्सा बनने की दौड़ में है जबकि 16वीं रैंक वाली कादरी अपनी चौथी उपस्थिति के लिए तैयार है। देसाई गोवा चैलेंजर्स का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे जबकि ठक्कर यू मुंबा टीटी के लिए खेलेंगे। मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। पुणेरी पल्टन ने अपने किसी भी खिलाड़ी को रिटेन नहीं किया है, इसलिए वे नयी टीमों जयपुर पैट्रियट्स और अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के साथ ड्राफ्ट के शुरुआती दौर का हिस्सा होंगे। आयोजकों ने कहा सभी आठ टीमें दूसरे दौर से ड्राफ्ट का हिस्सा होंगी क्योंकि प्रत्येक फ्रेंचाइजी को छह सदस्यीय टीम बनानी होगी, जिसमें एक विदेशी पुरुष और महिला खिलाड़ी और दो भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ी होंगे। ड्राफ्ट में अन्य अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी, महिलाओं में यशस्विनी घोरपड़े, दीया चितले, पोयमंती बैस्या आदि हैं।

जॉर्जिया को हराकर स्पेन क्वार्टर फाइनल में

यूरो 2024

हेड शॉट का प्रयास करते दोनों टीमों के खिलाड़ी।

कोलोन (जर्मनी)। शुरूआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वें मिनट में आत्मघाती गोल करके जॉर्जिया को बढ़त दे दी थी। इसके बाद रौड्री और फेबियन रूई ने गोल करके स्पेन को मैच में लौटाया। निको विलियम्स और डानी ओल्मो ने बाकी दो गोल किए। स्पेन का सामना शुक्रवार को स्टटगार्ट में क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी से होगा। इस हार के साथ ही जॉर्जिया के स्वर्णिम अभियान पर रोक लग गई जिसने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को 2-0 से हराया था।

बेलिंगम के गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को हराया

गेलसेनकिरचेन। जूड बेलिंगम के बेहतरीन गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक समय पर लग रहा था कि इंग्लैड यूरो चैंपियनशिप के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हो जाएगा जब स्लोवाकिया स्टॉपेज टाइम तक इवान शरांज के गोल के दम पर 1-0 से आगे चल रहा था। बेलिंगम ने हालांकि अतिरिक्त समय में बराबरी का गोल दागा और हैरी केन ने विजयी गोल करके 1966 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतने की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा।

जीत के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

यूरो 2024

गोलरहित ड्रॉ के बाद इक्वाडोर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

ग्लेनडेल। इक्वाडोर ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी शॉट बचाया और मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद उसने कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैक्सिको ने दूसरे हाफ में कई हमले किए जिन्हें इक्वाडोर ने बचाया। अब इक्पाडोर का सामना गुरुवार को ग्रुप ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा। मैक्सिको चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है। वहीं, एडुअर्ड बेलो के गोल के दम पर वेनेजुएला ने ग्रुप बी के मैच में जमैका को 3-0 से हराया। वेनेजुएला ने ग्रुप चरण के तीनों मुकाबले जीत लिए हैं। कोच फर्नांडो बतिस्ता के बिना खेल रही थी जिन्हें मैदान पर देर से आने के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

आज का मौसम

हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

32.2⁰	24.4⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 20	सूर्यास्त 07 : 06

सोमवार को बकसौंधी प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को पढ़ाते शिक्षक। अमृत विचार

गोद लिए मड़वाई प्राथमिक स्कूल में बालिका को कॉपी देते डीएम आलोक सिंह।

बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को समझाते शिक्षक। अमृत विचार

पहला दिन: कहीं खीर-पूड़ी, हलवा तो कहीं बना ही नहीं मिडडे मील

ग्रीष्मावकाश के बाद परिषदीय स्कूलों में शुरू हुई पढ़ाई, बच्चों की संख्या रही कम

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। शासन की मंशा के मुताबिक ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार को खुले परिषदीय स्कूलों में बच्चों की संख्या बेहद कम रही। पहले दिन स्कूलों में मध्याह्न भोजन में बच्चों ने खीर-पूड़ी और हलवा का लुत्फ उठाया, तो कहीं बच्चों को एमडीएम ही नहीं मिला।

परिषदीय स्कूलों में सोमवार को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पहले दिन बच्चों की संख्या कम रही। हालाकि शासन स्तर से पहले दिन को खास बनाए जाने के लिए शिक्षकों को विशेष कवायद किए जाने के निर्देश दिए गए थे। इसमें कुछ खास एक्टिविटी करने के लिए कहा गया था। दोपहर में मिडडे मील में कुछ खास परोसने से लेकर खेलकूद व घुमाने जैसे कार्यक्रमों को करने के लिए कहा गया था। इसके बावजूद शिक्षकों ने पहले दिन स्कूलों में विशेष रुचि नहीं ली। इसके चलते स्कूलों में बच्चों की संख्या बेहद कम रही।

राजपुर ब्लॉक के सरदारपुर प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत 35 बच्चों के सापेक्ष 13 बच्चे ही स्कूल पहुंचे। यहां बच्चों को भोजन में खीर-पूड़ी दी गई। प्रधानाध्यापिका नीरज देवी समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे। इधर पिटाकपुर प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक पंजीकृत 31 बच्चों के सापेक्ष पहले दिन 18 बच्चे ही स्कूल पहुंचे। इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद तलहा ने बताया कि छुटटी के बाद घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक किया जाएगा।

बीहड़ पट्टी के बकसौंधी प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत 28 के सापेक्ष पहले दिन 12 बच्चे ही पहुंचे। यहां बच्चों को मिडडे-मील नहीं परोसा गया। सहायक अध्यापक दीपक वर्मा ने बताया कि रसोइयों की तैनाती होनी है। एमडीएम सामग्री भी नहीं है। मंगलवार से भोजनबनेगा।

डीएम ने गोद लिए स्कूल के बच्चों को बांटा कॉपी-पेन

कानपुर देहात। डीएम ने गोद लिए अकबरपुर तहसील क्षेत्र के मड़वाई प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से प्रश्न किए और एमडीएम की गुणवत्ता जांची। सोमवार को डीएम आलोक सिंह ने सबसे पहले विद्यालय में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति का जायजा लिया। विद्यालय में पंजीकृत कुल 61 छात्र-छात्राओं में से नवीन पंजीकृत 12 नए विद्यार्थियों को कॉपी, पेन आदि वितरित कर उनको शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। इसके बाद विद्यालय में शिक्षा की स्थिति का जायजा लिया। डीएम ने छात्र-छात्राओं से प्रश्न किए। जिसमें छात्रा आफरीन, आयुषी व दिव्यांशी ने बिना झिझके उत्तर दिए। डीएम न शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को और अच्छी शिक्षा प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल में साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। इसके बाद डीएम ने एडीएम का जायजा लिया। जिसमें बताया गया कि सोमवार को मेन्यू के अनुसार रोटी, सोयाबीन-आलू की सब्जी बनाई गई है। साथ ही फल में केला वितरित किया गया है। इस मौके पर एसडीएम सदर अवनीश कुमार, बीएसए रिद्धि पांडेय, शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

प्रधानाध्यापिका को हटाने की जिद, नहीं भेजे बच्चे

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। ब्लॉक के पैलावर डेरा संविलियन विद्यालय में प्रधानाध्यापिका को हटाने का विरोध सोमवार को भी नहीं थमा। ग्रामीणों के विरोध के चलते एक भी बच्चा स्कूल नहीं पहुंचा। सुबह दस बजे तक बच्चों के इंतजार करने के बाद बीईओ के निर्देश पर विद्यालय के शिक्षकों ने घर-घर जाकर बच्चों के अभिभावकों को समझाकर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया, लेकिन अभिभावक प्रधानाध्यापिका को हटाने की मांग पर अडे हैं।

पीतमपुर संविलियन विद्यालय में तैनात शिक्षिका वसीम बानो को कुछ दिन पहले पैलावर डेरा के संविलियन विधालय में बतौर प्रधानाध्यापिका तैनात किया गया है। गांव के लोग प्रधानाध्यापिका को हटाकर दूसरे शिक्षिक को तैनात किए जाने की मांग कर रहे हैं। जिसको लेकर लोग बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। 27 जून को स्कूल में ग्रामीणों ने ताला लगाकर हंगामा किया था। बीईओ संजय गुप्ता ने विद्यालय पहुंचकर ग्रामीणों को समझाकर ताला खुलवाकर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए समझाया था, लेकिन सोमवार को भी बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे। सुबह 10 बजे तक शिक्षकों ने बच्चों का इंतजार किया। इसके बाद बीईओ के निर्देश पर शिक्षकों की टोली डोर टू डोर जाकर अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने को प्रेरित करती रही, लेकिन किसी ने बच्चों को नहीं भेजा।

पैलावर डेरा संविलियन विद्यालय स्कूल के कक्षों में लटका ताला।

- **शिक्षकों ने घर-घर पहुंचकर समझाया, नहीं निकला हल**

संगठन के प्रयासों से शिक्षकों को मिली पुरानी पेंशन:नागेंद्र

कानपुर देहात। एक अप्रैल 2005 के पूर्व विज्ञापित नियुक्त शिक्षक जिन्होंने एक अप्रैल 2005 के बाद कार्यभार ग्रहण किया है। अभी तक ऐसे शिक्षक एनपीएस से अच्छादित थे। लेकिन उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के प्रयासों से अब उन्हें पुरानी पेंशन प्राप्त होगी। यह बात संगठन के जिलाध्यक्ष नागेंद्र भदौरिया ने बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षक पुरानी पेंशन के लिए विकल्प पत्र भर कर प्रधानाचार्य के द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रस्तुत करें। जिससे पुरानी पेंशन की कार्रवाई कराई जा सके। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक अप्रैल 2005 के बाद विज्ञापित एवं नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन दिलाने के लिए संघठन के केंद्रीय नेतृत्त्व ने 25 जुलाई को ज़िला मुख्यालय पर धरना करने के निर्देश दिए हैं। इसमे जनपद के सभी शिक्षकों की उपस्थिति रहेगी।

इस संबंध में जिला कार्यकारणी की बैठक सोमवार को कार्यालय में की गई है। इस मौके पर प्रांतीय संरक्षक ठाकुर प्रसाद यादव, प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमराज सिंह गौर, जिला मंत्री विनोद कुमार मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष विजय कुमार सोनकर, आडिटर समरजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, डॉ. राजेश कुमार, विनय कुमार, गोपाल सिंह, डॉ. रोशन सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी पुरानी पेंशन बहाली को लेकर खुशी जताई और बधाई भी दी।

एक नजर

जनपद के नए बीएसए बने अजय कुमार

कानपुर देहात। प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश शैक्षिक (सामान्य शिक्षा संवर्ग) सेवा समूह ख के अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। जिसके क्रम में जनपद में तैनात बीएसए रिद्धी पांडेय के स्थान पर महोबा में तैनात रहे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा को कानपुर देहात का बीएसए बनाया गया है। वह जनपद अमेठी के ब्लॉक संग्रामपुर के चंदेरिया गांव के रहने वाले हैं। महोबा में तैनाती से पहले वह डायट जौनपुर में वरिष्ठ प्रवक्ता रहे हैं।

नए कानून के तहत पिता पुत्र की हुई गिरफ्तारी

संदलपुर। चौकी प्रभारी अनिलेष कुमार ने बताया कि रामबाबू कश्यप व उसके पिता अंकित कश्यप निवासी सैफ़ाबाद थाना डेरापुर को संज्ञेय अपराध निवारण के लिए एक जुलाई से प्रभावी नए आपराधिक कानून की धारा 170/126/135 (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायालय एसडीएम डेरापुर के यहां पेश किया गया। पिता-पुत्र में मकान बंटवारे/जगह का विवाद चल रहा है। पहले यह कार्रवाई 151/107/116 सीआरपीसी में होती थी।

मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

रूरा। थाना क्षेत्र के वीरपुर नकासिया निवासी गिरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव के ही राजेश घर के आने-जाने वाले रास्ते पर दीवार बना कर रास्ता अवरूद्ध कर रहे थे। मना किया तो उसके साथ मारपीट करने लगे। जिससे उसे चोट आई है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

छत साफ कर रही महिला छज्जे से गिरकर घायल

रसूलाबाद। रविवार देर शाम शास्त्री नगर निवासी शमशुन निशा (50) पत्नी फरीद अहमद अपने घर की छत को साफ कर रही थी। तभी अचानक छज्जा टूट कर गिर गया। जिससे वह छज्जे के साथ नीचे आ गिरी और वह घायल हो गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर सादिक ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलट रेफर कर दिया।

घर में घुसकर मां-बेटे से मारपीट में केस दर्ज

रसूलाबाद। रायपुर निवासी अजय कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि रविवार देर रात उनके घर में रामसनेही के बेटे सोनू, श्यामपुत्र, व अशोक अकारण ही घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो मारने पीटने लगे। बचाने आई मां को भी मारापीटा। जिससे उन्हें भी गंभीर चोटें आई है।

युवक को सांप ने डसा

रसूलाबाद। जोत गांव निवासी रंजीत (36) कमरे में सो रहा था, तभी सांप घुसा और रंजीत के हाथ में दो बार डस लिया। मोबाइल जलाकर देखा तो सांप था। परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर सादिक ने उपचार किया।

घर-घर दस्तक देंगी आशा, एएनएम करेंगी जागरुक

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए सोमवार को राजपुर पीएचसी में एएनएम व सीएचओ को प्रशिक्षण दिया गया।

पीएचसी में सोमवार को ब्लॉक की सभी एएनएम व सीएचओ के साथ बैठक कर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। जबकि दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। अभियान में हर घर आशा कार्यकर्ता दस्तक देंगी और परिवार के सभी सदस्यों को एक स्थान पर बैठाकर स्वच्छता का पाठ पढ़ाएंगी। यह पता लगाया जाएगा कि किसी को बुखार या खांसी तो नहीं आ रही। जिन्हें बुखार होगा उनकी मलेरिया व टायफाइड की जांच कराई जाएगी। दस्तक अभियान के साथ डायरिया रोको अभियान चलेगा। छूटे हुए लोगों की आभा आईडी बनाई जाएगी। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अभियान शुरू हो गया है। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने राजपुर पीएचसी से मुगल सड़क तक जागरूकता रैली निकालकर अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर लोगों ने यह ठाना है, संचारी रोग भगाना है। कचरा कचरा दानी में, सभी सोए मच्छर दानी में, नारों के साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। पीएचसी प्रभारी ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। साथ ही संचारी रोग से बचाव के संबंध में शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि लोगों को मच्छरों के प्रकोप से बचाने और उनसे होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। लोगों को रिक्शा पर लगे लाउडस्पीकर और बैनर के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

राजपुर पीएचसी से जागरुकता रैली निकालते प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह।

- **प्रभारी चिकित्साधिकारी ने रोग से बचाव की दिलाई शपथ**

घायल बाइक सवार की मौत

पुखरायां। पिपरी के समीप बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया था। सीएचसी से परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान घायल युवक की मौत हो गई।

भोगनीपुर क्षेत्र के चांदापुर निवासी सुशील कुमार (30) रविवार को बाइक से कालपी की ओर जा रहा था। पिपरी गांव के समीप बाइक में वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी पुखरायां ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन परिजन अकबरपुर के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई।

सार-संक्षेप

रेलवे के अंडरपास में जलभराव होने से किनारे खड़े लोग। अमृत विचार

बारिश से अंडरपास में जलभराव, आवागमन बाधित

रूरा। क्षेत्र के माझापुरवा गांव में रविवार रात को हुई भीषण बारिश के कारण रास्ते व रेलवे के अंडरपास में पानी भर गया। जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो गया और दिक्कत उठानी पड़ी। अकबरपुर विकासखंड के सरसी ग्राम पंचायत के मजरा माझापुरवा गांव से रोशनमऊ, पतरा, तिर्गाइं आदि गांव जाने के लिए रास्ता है। रविवार रात हुई जोरदार बारिश के चलते माझापुरवा गांव के रास्ते में लबालब पानी भर गया। जिससे सोमवार को रास्ते से लोगों का आवागमन बाधित हो गया। गांव के धीरेंद्र सिंह, सतेंद्र, सूरज आदि ने बताया कि छात्रों को स्कूल जाने व दैनिक यात्रियों को पतरा हाल्ट पर जाने के लिए आवागमन बंद हो गया है। माझापूरवा गांव में दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर अंडरपास संख्या-91 बी से होकर सरसी, माझापुरवा आदि गांवों के लोग आवागमन करते हैं, लेकिन अंडरपास में पानी भरने से लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। एडीओ पंचायत हरिओम सक्सेना ने बताया कि जल्द ही पानी भरने की समस्या का निराकरण कराया जाएगा।

आयोग अध्यक्ष से दोबारा टाइपिंग टेस्ट कराने की मांग

कानपुर देहात। माती पूल्ड हाउस कॉलोनी निवासी आकांक्षा बाजपेयी ने अध्यक्ष लोक सेवा आयोग को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि उनकी 28 जून को आयोग की संदर्भित सेवा के लिए द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे से आईटीआई लखनऊ में शार्टहैंड व टाईपिंग टेस्ट होना था। जिसका रिपोर्टिंग समय दोपहर साढ़े बारह बजे था। लेकिन प्रथम पाली का टेस्ट देरी से होने के कारण उन्हें शाम सवा तीन बजे तक बठाए रखा गया। शार्टहैंड के बाद उनका पांच मिनट का टाईपिंग टेस्ट होना था, लेकिल शार्टहैंड के बाद उनके कंप्यूटर ने काम करना बंद कर दिया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्या बताने पर भी कोई समाधान नहीं हुआ और उनसे प्रत्यावेदन देने की बात कही गई। मामले में कंप्यूटर साफ्टवेयर गड़बड़ी के कारण दोबारा हिंदी टाईपिंग टेस्ट कराने की मांग की गई है।

पंपलेट देकर लोगों को नए कानूनों की जानकारी देते थाना प्रभारी। अमृत विचार

अंग्रेजों का कानून हटा प्रभावी हुए तीन नए भारतीय कानून

मूसानगर। नए कानून को लेकर सोमवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें थानाध्यक्ष ने नए कानूनों के बारे में जानकारी देकर पंपलेट वितरित किए। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि देश में अंग्रेजों के जमाने के कानून की धाराएं अभी तक लागू हो रही थी। जिसको भारतीय दंड संहिता के नाम से जाना जाता था। यह गुलामी को दर्शाता था। लेकिन अब भारतीय न्याय संहिता प्रभावी की गई है। इसके तहत कई धाराओं में बदलाव किया गया है। भारतीय दण्ड संहिता में कुल 511 धाराएं थी। इसके सापेक्ष भारतीय न्याय संहिता में कुल 356 धाराएं है। नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद को परिभाषित किया गया है। महिलाओं, किशोर, 60 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग, दिव्यांग व गम्भीर बीमारी से पीड़ित लोगों को थाने आने से छूट दी जएगी। बैठक में संजय निषाद प्रधान नगीना बांगर, सभासद अर्जुन सिंह, सूरज चौहान, नौशाद, सज्जन निषाद, उज्जवल कौशल, ओमकार सोनकर, मतीन, नदीम अहमद, नसीम कुरैशी, सुनील प्रजापति आदि मौजूद रहे।

समूह की महिलाओं ने ब्लाक प्रबंधक की शिकायत की

संदलपुर। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सोमवार को ब्लाक मिशन मैनेजर संदलपुर पर गंभीर आरोप लगाकर बीडीओ संदलपुर को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही न किए जाने पर धरना देने की चेतावनी दी। ब्लाक संदलपुर की स्वयं सहायता समूह की रिंकी देवी, अंकिता, अनीता, ममता, रीना कटियार, रचना सिंह, प्रियंका देवी आदि महिलाओं ने बीडीओ संदलपुर को शिकायती पत्र व आडियो सुनाते हुए ब्लाक मिशन मैनेजर सुनीत तिवारी पर आरोप लगाते हुए बताया कि रिवाल्विंग फंड निकालने व समूहों का गठन करने के नाम पर पैसे की मांग करते हैं। विरोध करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर समूह से निकाल देने की धमकी देते हैं। ब्लाक मिशन मैनेजर संदलपुर सुनीत तिवारी का कहना है कि महिलाओं द्वारा लगाएं जा रहे आरोप निराधार है। बीडीओ संदलपुर डीपी यादव ने बताया कि महिलाओं ने ब्लाक मिशन मैनेजर संदलपुर पर गंभीर आरोप लगाकर शिकायती पत्र दिया है। आरोपों की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने हेतु उच्च अधिकारी को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

हादसे में मोपेड सवार दो सगी बहनें घायल

सिकंदरा। रसधान ओवर ब्रिज के पास वाहन की टक्कर से मोपेड सवार सगी बहनें घायल हो गई।

सिकंदरा क्षेत्र के मिरगांव निवासी अरुण कटियार की बेटी अंजली (19) व कशिश कटियार (22) सोमवार को मोपेड से बुआ के यहां कोरौवा जा रही थी, तभी रसधान ओवर ब्रिज के पास वाहन ने पीछे से मोपेड में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बहनें गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस अपने वाहन से सीएचसी सिकंदरा ले गई, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

सीएचसी में घायल का उपचार हुआ।

ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर सवार 6 घायल

संवाददाता, सिकंदरा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के खोजाफूल के पास नेशनल हाईवे पर कंटेनर ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर सवार छह घायल हो गए। सीओ ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां पांच की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जनपद जालौन के शाहू नाका मोहल्ला निवासी पूरन सिंह अपने परिवार के लोगों के साथ राजपुर थाना क्षेत्र के गगन ईंट भट्टे पर मजदूरी करता था। सोमवार को काम खत्म होने के बाद हिसाब करा कर सभी मजदूर ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। तभी सिकंदरा क्षेत्र के खोजाफूल गांव के पास नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात कंटेनर ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर ट्राली के परखच्चे उड़ गए।हादसे में ट्रॉली पर सवार गुड्डी (34), शिवा (25), पुष्पा (35), उसकी बेटी आशिका (16), वर्षा (13) व छवि (5) घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे सीओ सिकंदरा संजय वर्मा ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पुष्पा, छवि, शिवम व वर्षा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

ट्रक की टक्कर के बाद हाईवे पर पलटी पड़ा ट्रैक्टर और ट्राली। अमृत विचार

- **सीएचसी से पांच लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया**

गोष्ठी एडीजी, डीआईजी, डीएम और एसपी ने नए कानूनों के बारे में दी जानकारी

तीन नए कानून लागू होने से सुगम होगा न्याय

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। नए कानून लागू होने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एडीजी और विशिष्ट अतिथि डीआईजी कानपुर जोन ने लोगों को नए कानूनों के बारे में जागरूक किया। साथ ही नए आपराधिक कानून के महत्त्वपूर्ण प्राविधानों, अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी।

भारत सरकार द्वारा लागू तीन नए आपराधिक कानूनों को एक जुलाई से देश भर में लागू कर दिया गया है। जिसको लेकर पुलिस लाइन सभागार कक्ष में एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह, डीआईजी कानपुर परिक्षेत्र जोगेंद्र कुमार, डीएम आलोक कुमार व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौजूद लोगों को बताया गया कि देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो चुके हैं। इसके तहत ब्रिटिश काल के कई कानून बदल गए हैं। जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएगा। नए कानूनों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) हैं। इन तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से न्याय सुगम होगा। साथ ही मुकदमे जल्द निपटाए जाएंगे। बताया गया कि नए कानूनों के अंतर्गत महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को विशेष शक्तियां दी गई हैं। इस दौरान एएसपी राजेश पांडेय, सीओ, जनपद के गणमान्य लोग, स्कूली छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

सोमवार को पुलिस लाइन में नए कानूनों के बारे में जानकारी देते एडीजी आलोक सिंह, डीआईजी जागेंद्र सिंह, डीएम आलोक कुमार और पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति। अमृत विचार

जागरुकता गोष्ठी में मौजूद लोग। अमृत विचार

पोस्टमार्टम में भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। गपचरियापुर गांव से धान की बेल लेने निकले किसान का शव रविवार को लकोठिया गांव के पास पानी भरे गड्ढे में औंधे मुंह पड़ा मिला था। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान पाए गए थे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। सोमवार को पोस्टमार्टम में किसान की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जिसपर विसरा सुरक्षित किया गया है।

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गपचरियापुर निवासी किसान राजवीर (50) शनिवार को देर शाम की धान की बेल लेने के लिए घर से निकले थे। जिसके बाद वह घर नहीं लौटे। रविवार की सुबह लकोठिया गांव के लोग शौच के लिए निकले तो सिंहपुर-विषधन रोड पर सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में राजवीर का शव औधे मुंह पड़ा देखा। उसके चेहरे पर कई जगह चोटों के निशान भी पाए गए।

सूचना पर बिरुहुन चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार ने पहुंचकर छानबीन की थी। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए थे। परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। सोमवार को शव के हुए पोस्टमार्टम में किसान की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जिसके चलते विसरा सुरक्षित किया गया है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। परिवार की ओर से जो आशंका जताई गई है, उस पर भी जांच केंद्रित है।

- **लकोठिया गांव के पास किसान का पानी भरे गड्ढे में औंधे मिला था शव, पुलिस कर रही जांच**

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ समझौता नहीं, खत्म होंगे मुकदमे

गाड़ी रोकने से सहमत नहीं, रोकें चेकिंग अभियान: डिप्टी सीएम

- मुख्यमंत्री के आदेश पर प्रदेश भर में वीआईपी कल्चर के खिलाफ पुलिस चला रही है अभियान
- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कृतत्व एवं व्यक्तित्व पर संगोष्ठी में शामिल होने शहर आये थे डिप्टी सीएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। वीआईपी कल्चर को खत्म करने के लिये चल रहे चेकिंग अभियान को लेकर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि इस तरह से नेताओं की गाड़ी रोके जाने से मैं सहमत नहीं हूं। यह अभियान तुरंत रोका जाना चाहिये। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व पर संगोष्ठी में शामिल होने मंदाकिनी होटल साकेत नगर पहुंचे डिप्टी सीएम ने पुलिस को सख्त हिदायत देते हुये कहा कि चेकिंग के नाम पर कार्यकर्ताओं से अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोविंद नगर पुलिस द्वारा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र त्रिपाठी और भाजपा नेता गौरव त्रिपाठी पर दर्ज किये गये मुकदमे को लेकर पुलिस कमिश्नर से बात हो गई है। कार्यकर्ताओं पर हुये मुकदमे खत्म होंगे।

दोपहर 12 बजे संगोष्ठी में पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का मंच पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, दीपू पांडे, विधायक महेश त्रिवेदी, पूर्व विधायक बालचंद मिश्रा ने स्वागत किया। वीआईपी कल्चर को खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस भाजपा नेताओं की गाड़ी रोककर भी हूटर, फ्लैशर, काली फिल्म उतार रही है। ऐसे में डिप्टी सीएम ने पत्रकारों से बातचीत में चौंकाने वाला बयान दिया है।

उन्होंने अभियान को रोकने की भी सिफारिश की। वहीं, संगोष्ठी में पाठक ने कहा कि भारत माता की आजादी के बाद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम देश को एक करने में सबसे ऊपर है। जनसंघ और भाजपा का गठन सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं हुआ था। हमारे महापुरुषों की बदौलत की आज दुनिया में भारत का झंडा फहरा रहा है। कश्मीर के अलगाववादी नेता कहते थे कि 370 हटी तो खून की नदियां बहेंगी लेकिन जब यह हटी तो एक मच्छर भी नहीं मारा गया। आज जो अधिकार कानपुर को मिला है वही कश्मीर को भी है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कृतत्व एवं व्यक्तित्व आयोजित पर संगोष्ठी में डिप्टी सीएम का सम्मान करते भाजपा नेता। अमृत विचार

भाजपा राहत कोष से होगा दिनेश गुप्ता का इलाज

कानपुर। 9 जून को जम्मू में आतंकवादी हमले में घायल टूटी रेलवे लाइन जवाहर नगर कानपुर के निवासी दिनेश गुप्ता के इलाज के लिये सपा के बाद अब भाजपा आगे आई है। जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से घायल दिनेश गुप्ता के इलाज के लिए आग्रह किया तो पाठक ने कहा कि कार्यकर्ता के समूचे इलाज की जिम्मेदारी हम सबकी है। अस्पताल से एस्टीमेट बनवाकर भिजवाइए, प्रदेश सरकार की तरफ से राहत कोष के माध्यम से समुचित इलाज करवाया जाएगा।

कमरे में घुसने पर बमबम को बाहर धकियाया

कानपुर। कार्यक्रम के बाद डिप्टी सीएम बृजेश पाठक होटल में ही बने कमरे में लंच के लिए चले गए। पाठक के खाने की व्यवस्था व गेट की जिम्मेदारी जिले के मंत्री अर्जुन बेरिया को दी गई थी। इसी दौरान भाजपा कार्यकर्ता सर्वेश शुक्ला 'बमबम' गेट पर पहुंचा और डिप्टी सीएम से मिलने के लिये कहा, अर्जुन बेरिया के मना करने के बाद सर्वेश शुक्ला ने जबरन अंदर घुसने की कोशिश की इस दौरान धक्का देने पर मामला बढ़ गया। दोनों नेताओं के बीच गाली गलौज और धक्कामुक्की हो गई। भाजपा पदाधिकारियों को भी यह हरकत नागवार गुजरी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध कर दिया। कार्यकर्ताओं ने बमबम को बाहर धकेल दिया। हंगामा बढ़ता देख जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह व अन्य नेताओं ने बीच-बचाव किया।

केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। सपा अध्यक्ष के जन्मदिन पर जिले में कई जगहों पर कार्यक्रम हुए। इस दौरान मिष्ठांन का वितरण किया गया।

सोमवार को जनपद न्यायालय माती में अधिवक्ताओं ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाकर दीर्घायु की कामना की गई। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने अधिवक्ताओं का मुंह मीठा कराते हुए कहा कि सपा अध्यक्ष गरीबों के सच्चे हितैषी हैं। प्रदेश में वह कमजोरों की आवाज बनकर उन्हें न्याय दिलाने के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। इस मौके पर अधिवक्ता रमेश चंद्र सिंह गौर, संपत लाल यादव, सुलेखा, हरिओम मिश्रा, शिव गिरिजा शंकर पाल, जावेद अहमद, अनूप सिंह यादव, घनश्याम सिंह राठौर, कुलदीप सिंह संखवार, सुभाष चंद्र, जगदेवी, बबलू यादव, रूपेश कुमार, अनुज कुमार सागर, हर्ष यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र यादव ने किया। इसी तरह रसूलाबाद में कार्यकर्ताओं ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन पार्टी कार्यालय में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ में मनाया। जिला कोषाध्यक्ष गोपाल गुप्ता ने केक काटकर कार्यकर्ताओं को खिलाया और लड्डू का वितरण कराया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान, अकील खान, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष वीरू कुशवाहा, प्रमोद कुमार गुप्ता, डॉ. आरपी पाल, राजेंद्र बहादुर, विधानसभा अध्यक्ष मनोरमा संखवार, रजत कुशवाहा, नरेंद्र यादव, अजय यादव आदि लोग मौजूद रहे। वहीं सपा अध्यक्ष के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। जिसमें हाजी फैजान खान, वीरू कुशवाहा, रामनारायण यादव, सात्विक द्विवेदी, चांद बाबू, शिवम सेंगर, रजत कुशवाहा, पवन कटियार समेत करीब 15 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। पावन गंगा सेवा समिति कानपुर के डॉक्टर अरविंद अवस्थी द्वारा रक्तदान लिया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटते सपाई। अमृत विचार

सपा अध्यक्ष के जन्मदिन पर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते अधिवक्ता। अमृत विचार

डीएम ने पारिजात का पौधा लगा शुरू किया वन महोत्सव

सोमवार को माती के ईको पार्क में पारिजात का पौधा लगाकर वन महोत्सव का शुभारंभ करते जिलाधिकारी आलोक सिंह। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- जिले में 7 जुलाई तक चलेगा वन महोत्सव कार्यक्रम

अमृत विचार। एक जुलाई से सात जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम आलोक सिंह ने माती ईको पार्क में पारिजात का पौधा लगाकर किया। इस दौरान लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के प्रति जागरूक किया गया।

सोमवार को कार्यक्रम के दौरान डीएफओ अनिल कुमार द्विवेदी ने डीएम को बताया कि जनपद में एक जुलाई से सात जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव कार्यक्रम में सभी रेंज और विद्यालयों में पौधरोपण महाभियान, जन जागरूकता कार्यक्रम, पेंटिग, नुक्कड़ नाटक, रैली, संगोष्ठी आदि की जाएगी। इसी क्रम में सोमवार को ईको पार्क में पौधरोपण के साथ-साथ विद्यालय के छात्र छात्राओं की पेंटिग प्रतियोगिता की गई। साथ ही विभिन्न प्रजातियों के सौ पौधों का रोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी केशव नाथ, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, उपायुक्त मनरेगा पीपी त्रिपाठी, डीपीआरओ विकास पटेल ने भी ईको पार्क में पौधे रोपित किए। डीएम ने सभी से अपील करते हुए कहा इस वर्षाकाल में जो भी पौधरोपण किया जाए। उसे बचाने का भी प्रयास करें। उन्होंने सभी विभागों को भी आवंटित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए अभी से तैयारी करने के निर्देश दिए। साथ ही पौधरोपण महाभियान में एक पौधा मां के नाम या पूर्वजों के नाम पर अवश्य लगानें व बचाने का आवाहन किया। डीएफओ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें और इसका महत्व समझें।

उन्होंने पौधरोपण करते हुए मेरी लाइफ पोर्टल पर भी अपलोड़ करते हुए इस महाभियान का हिस्सा बनने को प्रेरित किया। इस दौरान क्षेत्रीय वनाधिकारी अकबरपुर, सर्वेश कुमार भदौरिया, जिला परियोजना अधिकारी (जिला गंगा समिति) विवेक कुमार सैनी, उपक्षेत्रीय वनाधिकारी यादवेंद्र सिंह, वन दरोगा अमित कुमार, जेआरएफ अंकिता कटियार आदि मौजूद रहे।

मुगल रोड के भरे गड्ढे, क्योंटरा बांगर में सफाई

अमृत विचार का असर

संवाददाता, मूसानगर

अमृत विचार। जोरदार बारिश के चलते भोगनीपुर-चौडगरा मुगल रोड के धंसने से गड्ढा होने व क्योंटरा बांगर में कीचड़-जलभराव से आवागमन दुश्वार होने की खबर अमृत विचार में प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदार हरकत में आए। सोमवार को मुगल रोड पर जहां गड्ढों को भरा गया। वहीं क्योंटरा बांगर गांव में साफ-सफाई कराई गई।

मूसानगर से भोगनीपुर की तरफ जाने पर नयापुरवा गांव के सामने बारिश के चलते सड़क धंसने से गड्ढा हो गया था। जिससे बारिश का पानी उसी होल में समा रहा था और सड़क भी धंसकर अंदर से खोखली हो गई थी। जिससे वाहनों के गड्ढे में फंसने से हादसा की आशंका बनी हुई थी। एक जुलाई को अमृत विचार अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसर हरकत में आए और भोगनीपुर-चौडगरा मुगल रोड की धंसी सड़क में हुए गड्ढे को भरा गया। पीडब्लूडी के जेई वेद विक्रम ने बताया कि कर्मचारी कामता पाल को भेज कर गड्ढे की मरम्मत करा दी गई है।

वहीं मूसानगर क्षेत्र के क्योंटरा बांगर गांव में पिछले दिनों हुई बारिश से सड़क में कीचड़ व जलभराव हो गया था। इससे पैदल निकलना दुश्वार हो गया था और कीचड़ में फिसलने से दुपहिया वाहन सवार गिरकर चुटहिल हो रहे थे। लोगों की समस्या को अमृत विचार अखबार ने 30 जून को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसका संज्ञान लेते हुए ग्राम प्रधान रेखा देवी के प्रतिनिधि राहुल निषाद ने सोमवार को साफ-सफाई कराई। साथ ही सड़क से पानी निकासी की व्यवस्था दुरस्त कराई।

- अमृत विचार में समस्या को प्रमुखता से उठाने पर हरकत में आए जिम्मेदार अफसर

भोगनीपुर-चौडगरा रोड पर भरे गए गड्ढे।

क्योंटरा बांगर में सड़क से जलभराव व कीचड़ की सफाई करते कर्मी।

बारिश से भोगनीपुर-चौडगरा मुगल रोड धंसा

मूसानगर। बारिश से भोगनीपुर-चौडगरा मुगल रोड धंसने से गड्ढा हो गया है, जिससे हादसे का अंदेशा है। मूसानगर से भोगनीपुर की तरफ जाने पर नयापुरवा के सामने सड़क धंसने से गड्ढा हो गया है। बारिश का पानी उसी होल में समा जाता है, जिससे सड़क अंदर से खोखली हो गई है।

एक जुलाई को प्रकाशित खबर।

33 वीडीओ व 23 ग्राम पंचायत अधिकारी बदले

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- सभी को तैनाती वाले स्थानों पर चार्ज लेने के निर्देश

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के बाद जनपद के ब्लाकों में कई सालों से जमे 33 ग्राम विकास अधिकारी व 23 ग्राम पंचायत अधिकारियों की तैनाती में फेरबदल किया गया है। सभी को नई तैनाती वाली जगह कार्यभार लेने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद झींझक ब्लाक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार यादव को डेरापुर, इसी ब्लाक के अनुराग त्रिवेदी को अमरौधा, मैथा ब्लाक के हृदेश कुमार सिंह को झींझक, यहीं के रोहित कुमार गौतम को रसूलाबाद, सूरज कुमार को डेरापुर, मलासा ब्लाक के धीरू को सरवनखेड़ा, यहीं के जिज्ञासू मिश्रा को राजपुर, अभय कुमार यादव को रसूलाबाद, कृष्ण मोहन को झींझक, दीपक यादव को सरवनखेड़ा, राजपुर के चंद्रजीत सिंह पटेल को रसूलाबाद, यहीं के विकास सिंह को रसूलाबाद, स्वाती कटियार को अमरौधा, नीलम कटियार को संदलपुर, रसूलाबाद के ब्रम्हराज को अकबरपुर, यहीं के दिनेश कुमार सोनकर को मैथा, कमलेश कुमार को अमरौधा, शिव बहादुर सिंह को झींझक, ऊदन सिंह को संदलपुर, सरवनखेड़ा की शिल्पी देवी को मलासा, यहीं के सुधीर अवस्थी को संदलपुर, संदलपुर के दिलीप कुमार को डेरापुर, यहीं के धीरज कुमार रसूलाबाद, डेरापुर के आशीष कुमार केसरवानी को संदलपुर, अमरेश कुमार को मलासा, अकबरपुर के लाल साहब यादव को मलासा, अंशिका सिंह को अमरौधा, नीलू वर्मा को मलासा, अमरौधा के अंकित सचान को राजपुर, यहीं की रिंकल सिंह को मलासा, दिग्विजय अधिकारी को रसूलाबाद, राजेश सिंह यादव को झींझक व संजय कुमार त्रिवेदी को विकासखंड झींझक में स्थानांतरित किया गया है। वहीं डीपीआरओ विकास पटेल ने बताया कि मैथा ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी श्याम सुंदर को विकासखंड सरवनखेड़ा, यहीं की खुशबू श्रीवास्तव को राजपुर, मलासा की नम्रता राव को अकबरपुर, यहीं के विपिन यादव को राजपुर, बोस्की शर्मा को अकबरपुर, राजपुर के संदीप कुमार निषाद को मलासा, यहीं के कमल किशोर को अमरौधा, छत्रपाल सिंह को मलासा, अर्शिता कटियार को संदलपुर, रसूलाबाद के रोहित वर्मा को सरवनखेड़ा, यहीं की अमिता मिश्रा को मलासा, सरवनखेड़ा के अमित कुमार को मैथा, जय सिंह को रसूलाबाद, अक्षय कुमार को मैथा, प्रियंका राठौर को अमरौधा, संदलपुर के अजय कुमार रस्तोगी को झींझक, अकबरपुर के शिवम अग्निहोत्री को डेरापुर, मलासा की प्राची सचान को अकबरपुर, अकबरपुर की निधि बाजपेयी को डेरापुर, प्रियंका शुक्ला को सरवनखेड़ा, अमरौधा के धर्मेंद्र यादव को राजपुर, यहीं के दीपक यादव को सरवनखेड़ा, मधुलता को अकबरपुर में तैनाती दी गई है।

नालियों को रखें साफ, लगाएं मच्छरदानी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान लोगों को संचारी रोगों के लक्षण व उनसे बचाव के बारे में जागरूक किया।

सोमवार को डीएम ने रैली के दौरान कहा कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए गमलों व क्यारियों की नियमित सफाई करें। पुराने टायर व कबाड़ में पानी का जमाव न होने दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें और पानी की टंकी को ढक कर रखें। नालियों की सफाई रखें और हैंडपंप के पास पानी जमने न दें। कूलर व फ्रिज की ट्रे की साप्ताहिक सफाई करें। कचरेदानी को ढक कर रखें। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से नालियों की साफ-सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव, फागिंग व अन्य संबंधित गतिविधियां तहसील, ब्लाक व गांवों में कराई जाएंगी। अभियान के दौरान आशा व आंगनबाड़ी घर-घर जाकर लोगों को जागरूक भी करेंगी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 31 जुलाई तक और दस्तक अभियान व डायरिया रोको अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई के मध्य चलेगा।

अकबरपुर सीएचसी में हरी झंडी दिखाकर अभियान शुरू करते डीएम आलोक सिंह।

- डीएम ने अकबरपुर सीएचसी से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की

हत्या के आरोप के साथ लगाया जाम

कानपुर देहात। रसूलाबाद-बिल्हौर मार्ग पर जिताईपुरवा के ग्रामीणों ने मन्नीराम की हत्या किए जाने का आरोप लगाकर सड़क पर जाम लगा दिया। कोतवाली प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।

पिता मानसिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि 20 जून को करन से बच्चों को लेकर विवाद हुआ था। विवाद में करन ने 10 दिन के अंदर परिवार को जान से मार देने की धमकी दी थी। 29 जून को पुत्र मन्नीराम ककवन से घर वापस आ रहा था, तभी करन, रामलखन, पन्नू, कंचन, आकाश निवासी जिताईपुरवा ने अपनी वैन से सरैया बम्बा के पास मार डाला।

आयोजन

पुलिस कार्यालय में जनता के साथ आयोजित हुई गोष्ठी, पुलिस कमिश्नर ने अधीनस्थों को समझाईं बारीकियां

पुलिस अफसरों ने जनता को नए कानूनों के बारे में जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता व साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गई है। सोमवार को नए कानूनों के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए पुलिस कार्यालय सभागार में गोष्ठी की गई।

गोष्ठी में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, अपर पुलिस आयुक्त अपराध विपिन कुमार मिश्रा, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर मौजूद रहे। नागरिकों, व्यापार मंडल के अध्यक्ष और पदाधिकारियों तथा डॉक्टरों के साथ ही पुलिस कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारी व कर्मचारियों को नए कानूनों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि समय के साथ कानूनों में बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही थी। कई धाराओं में परिवर्तन हुआ है। इसमें मारपीट, महिला अपराध, चोरी, मिथ्या साक्ष्य, लूट, विवाहित महिला संबधी अपराध, सड़क दुर्घटना, महिला संबधी अपराध शामिल हैं। कुछ अपराधों के लिए नई धाराएं भी जोड़ी गईं हैं। नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को मृत्युदंड दिया जाएगा। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर कमिश्नरेट के 52 थानों में थानेदारों ने लोगों को नए कानून के बारे में जानकारी दी। चारों जोन में डीसीपी ने भी बैठक की। थानों को भी इस मौके पर सजाया गया था। गोष्ठी में मौजूद भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने पुलिस कमिश्नर से ड्राइवर से संबंधित कानून के बारे मे जानकारी देने को कहा तब सीपी ने इस कानून के फिलहाल स्थगित होने की जानकारी दी। उन्होंने वाहनों और भारी संख्या में हो रहे चालानों पर रोक लगाने की मांग की। व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गुरुजिन्दर सिंह ने कहा कि बर्रा थाना में एक व्यापारी मनीष वंसदानी पर झूठा मुकदमा लिखवाया गया जिसे स्पंज करने की मांग की। सर्राफा एसो. के मुकुल वर्मा व पुष्पेंद्र जायसवाल ने थानों में पीड़ित द्वारा भी अपने लिए मोबाइल से रिकॉडिंग करने की बात कही। इस मौके पर व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अब्दुल वहीद, वरिष्ठ मंत्री संजय भदौरिया, ग्रामीण अध्यक्ष मुन्ना रॉय, युवा महामंत्री विनायक पोद्दार, मनीष वंसदानी, ग्रामीण महामंत्री सौरभ गुप्ता, जीतेन्द्र सिंह, किशोर सक्सेना आदि रहे।

पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में मौजूद पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, एडिशनल सीपी क्राइम विपिन मिश्रा, एडिशन सीपी कानून एवं व्यवस्था हरीश चंदर। अमृत विचार

नए कानून का पहला मुकदमा कल्याणपुर थाने में दर्ज हुआ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। एक जुलाई से लागू नए कानून के अंतर्गत कमिश्नरेट के थाना कल्यानपुर में प्रथम मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही 4 थानों पर कुल 4 अभियोग नए कानूनों के अनुसार दर्ज किए हैं। लागू नई संहिताओं के अनुसार थाना कल्यानपुर, चौबेपुर, जाजमऊ और बिल्हौर में एक-एक मुकदमे पंजीकृत किए गए हैं। सबसे पहला मुकदमा थाना कल्यानपुर में 11:40 मिनट पर धारा-79/296 भारतीय न्याय संहिता के अनुसार दर्ज किया गया है। सभी जोन के पुलिस उपायुक्तों ने अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत थानों पर अधिकारी व कर्मचारियों और लोगों के साथ गोष्ठी कर नए कानूनों के बारे में जागरूक किया।

सं.	थाना	अभियोग सं	नए कानून की धारा	पुराने कानून के अनुसार लागू
01	कल्यानपुर	308/24	79, 296	294,509
02	चौबेपुर	224/24	125, 281	336, 279
03	जाजमऊ	143/24	115(2), 333	323, 452
04	बिल्हौर	196/24	103(1)	302

नए कानूनों को लेकर जिला जेल में हुई संगोष्ठी

कानपुर। नये आपराधिक कानूनों के बारे में जेल में जागरुकता संगोष्ठी आयोजित की गई। जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय ने बताया कि संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शुभी गुप्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर ने नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों पर चर्चा की। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चीफ लीगल एड डिफेन्स काउसिंल अखिलेश कुमार व अन्य लीगल एड डिफेन्स काउसिंल राजेश्वर प्रसाद तिवारी, रीना कटियार, देवयानी विलतकर, रजत श्रीवास्तव, तजीन फातिमा तथा पैरालीगल वालन्टियर्स आशुतोष बाजपेई, योगेश बाजपेई और कारागार के अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं सतीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवास्तव की पॉलिसी सं0-219225951 है। जिसे मैं विषम परिस्थितियों के कारण सरेंडर करना चाहता हूँ। जबकि आधार व बैंक पासबुक पर हर्ष श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवास्तव है, त्रुटिवश पालिसी बाण्ड में सतीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवस्तव दर्ज है। अतः मेरा सही नाम हर्ष श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवास्तव पढ़ा व समझा जाये।

सूचना

सूचित हो कि मैं **खाकी प्रसाद यादव पुत्र औतार यादव, निवासी- अग्घरवा दा0 चन्दईपुर थाना विशेश्वरगंज तहसील- पयागपुर, बहराइच।** मैने अपने पुत्र राम अशीष यादव के चाल-चलन से तंग व परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ इसके द्वारा किये गये कोई भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

बारिश ने दी राहत, जगह-जगह जलभराव से परेशानी

नगर पालिका की खुली पोल, कीचड़ व गंदगी से बीमारियां फैलने की संभावना, खोदी गई सड़कों व गलियों के हाल खराब

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में मानसूनी बारिश शुरू होते ही जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली वहीं नगर पालिका द्वारा कराए गए जल निकासी के लिए नाला सफाई की पोल खुल गई। शहर में सड़कों व गलियों में हुए जलभराव से लोगो को आवगामन में खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं कीचड़ व गंदगी से बीमारी फैलने का खतरा बन रहा है। ऐसे ही जलजीवन मिशन के तहत गांवों में पाइप लाइन डालने के बाद खोदी गई सड़कों व गलियों में हुआ कीचड़ व जल भराव मुसीबत का सबब बन गया।

शहर में जल भराव की समस्या से निजात के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा लाखों रुपये खर्च करके नाला सफाई कराने का दावा किया जा रहा है। लेकिन इससे भी जलभराव की समस्या का निदान नहीं हो पाया। तेज बारिश होने से मुख्य मार्ग के साथ ही कई मोहल्ले और सरकारी कार्यालय परिसर पानी से लबालब दिखे। इससे लोगों को आवगामन में खासी परेशानी हुई। जबकि उमसभरी गर्मी से परेशान बच्चे बारिश शुरू होते ही भीगने का आंनद उठाते रहे। लोगों का कहना है कि हालात में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में जलभराव की समस्या विकराल बनेगी। लोगों ने जल निकासी के नालों की सफाई कराने की मांग की है।

ईओ ने बताया कि नालियों की सफाई करवाई गई है। कुछ मोहल्ले में दिक्कत है उसका निदान कराने का प्रयास हो रहा है। बारिश के मौसम में शहर में हर कदम पर खतरा है। पालिका की संवेदनहीनता से मुख्य मार्गों के होल और खुले नाले खतरे की घंटी बजा रहे हैं। बारिश में सड़कें लबालब होने पर यह होल जानलेवा हो सकते हैं। नालों के मुंह लोगों की जान सांसत में डाल रहे हैं। रविवार की रात से लेकर सोमवार दोपहर तक हुई बारिश के बाद की गई पड़ताल पर हकीकत सामने आई।

सीओ ऑफिस के सामने पहली ही बारिश में जलभराव। अमृत विचार

पनी मोहल्ले की गली बनी तालाब। अमृत विचार

बक्सपुर के अंडरपास में जलभराव से गुजरते वाहन।

सरकारी कार्यालय परिसर भी रहे लबालब

पहली भारी बारिश में सरकारी कार्यालय परिसर भी अछूते नहीं रहे। शहर स्थित मुख्य डाकघर के गेट में, जिला अस्पताल के सामने, सीओ कार्यालय के समीप समेत मोहल्लों में मसवानी, पीरनपुर, रस्तोगीगंज, लोधीगंज समेत अन्य मोहल्लों में जलभराव की स्थिति देखी गई।

पहली बारिश में ही रेलवे के अंडरपास लबालब

फतेहपुर। रेलवे अंडर पास की तकनीकी खामियों ने हजारों लोगों के सामने मुसीबत खड़ी कर दी है। हल्की बारिश में तालाब बने अंडरपास परेशान कर रहे हैं। सालों से इस समस्या पर जिम्मेदारी की संवेदनहीनता के कारण बारिश में कई गांवों का आवागमन ठप हो जाता है। शहरी भी परेशानी से जूझ रहे हैं। रविवार की रात से लेकर सोमवार को हुई बारिश में अंडरपास तालाब की शक्ल में तब्दील नजर आए। अस्ती स्थित 51 नंबर रेलवे फाटक पर बने अंडरपास में पानी भरने से पैदल व साइकिल सवार रेलवे लाइन से निकलने पर मजबूर रहे। लाइन उस पर खेत होने के कारण किसान भी परेशान हो रहे हैं। यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन है, उन्हें पानी से गुजर कर जाना पड़ता है। इसी तरह से मिठनापुर अंडरपास में पानी भरने से करीब दो दर्जन से अधिक गांवों के लोग परेशान है। यहां पर टीन शेड है लेकिन बारिश के समय मार्ग का पानी बहकर पहुंचने से यहां पर होने वाले जलभराव से आवागमन करने वालों को गंदे पानी से होकर जाना पड़ता है। ऐसे ही फैजुल्लापुर अंडरपास में करीब दो फिट पानी भरे होने से घुस कर निकलना पड़ रहा है। समस्या से दो दर्जन गांव के लोग प्रभावित हैं। यहां पर बारिश के समय पानी भरा होने के कारण ग्रामीणों को दस किमी का चक्कर काटकर जाना पड़ता है।

बिजली ने खूब छकाया तेज हवाओं से फॉल्ट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- उमस भरी गर्मी के बीच विभाग की जर्जर व्यवस्थाएं
- दिन का सुकून व रातों की नींद छीन ली

अमृत विचार। उमस भरी गर्मी के बीच बिजली विभाग की जर्जर व्यवस्थाएं उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही हैं। बारिश के संग चलने वाली हवाओं के कारण बाधित होने वाली आपूर्ति ने लोगों का दिन का सुकून व रातों की नींद छीन ली है।

राधानगर उपकेंद्र में देर रात आने वाली फाल्ट के कारण आपूर्ति बाधित हो गई। बारिश होने के कारण आपूर्ति को बहाल कराए जाने के प्रयास नहीं किए जा सके, वहीं फाल्ट आने के बाद उपकेंद्र का मोबाइल बंद किए जाने के कारण आपूर्ति बहाल होने की जानकारी भी उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रही थी। वहीं मुराइनटोला से पोषित होने वाले लोकल फीडर में भी रात से गुल हुई बिजली सुबह बहाल होने के बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

गंगानगर कालोनी व अंदौली पुलिया की आपूर्ति रात भर बाधित रही। फाल्ट के कारण वोल्टेज की समस्या रही, बहुआ, जोनिहा व फतेहपुर फीडर की आपूर्ति करने वाले उपकेंद्र के सैकड़ों उपभोक्ता विभाग की लचर व्यवस्था से आजिज हो रहे हैं। जिससे इनके अंदर विभाग के प्रति रोष व्याप्त हो रहा है।

हादसों को दावत दे रहे खुले नाले

नगर पालिका एवं पीडब्लूडी एवं जलनिगम द्वारा शहर क्षेत्र में निर्मित किए गए नालों को सही ढकने का काम नहीं किया गया। बारिश में उफना रहे खुले नाले हादसों का दावत दे रहे हैं। शादीपुर चौराहा स्थित गैस गोदाम मार्ग पर बीच रोड पर नाले का खुला मुंह राहगीरों के लिए आफत है। महीनों से सड़क धंस जाने के कारण नाला खुल गया था लेकिन यातायात पुलिस की ट्राली को खड़ा कर इतिश्री कर ली गई। इसे दुरुस्त नहीं करवाया जा सका।

सरकार से भेजा गया अभिभावकों के खातों में डीबीटी का पैसा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों के बच्चों के लिए ड्रेस, जूते मोजे, स्वेटर, स्टेशनरी का पैसा अभिभावकों के खाते में शासन सेसीधे भेज दिया गया है। इस बार जुलाई में ही धनराशि मिल जाने से समय पर बच्चों को यूनीफार्म आदि मिल सकेगी।

जिले के करीब 2126 परिषदीय स्कूलों में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक समेत कम्पोजिट स्कूलों में 2.5 लाख बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। लेकिन तमाम अभिभावकों के आधार लिंक ना होने से डीबीटी का पैसा उनके खाते में नहीं पहुंच रहा था। बेसिक शिक्षा विभाग ज्यादा से ज्यादा बच्चों का आधार कार्ड लिंक करने के बाद उन्हें स्वेटर, जूते मोजे, स्कूल बैग के लिए डीबीटी के माध्यम से पैसा भेजने की लगातार प्रयास कर रहा था। अब शासन द्वारा ड्रेस, जूता मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग क्रय के लिए प्रति छात्र-छात्रा 12 सौ रुपये की धनराशि उनके माता पिता व अभिभावकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेज दी गई है। जनपद में पहले चरण में करीब 1.5 लाख अभिभावकों के बैंक खाते में प्रति छात्र 1200 रुपये की धनराशि भेज दी गई है। इससे दो जोड़ी यूनिफॉर्म, एक स्कूल बैग एक स्वेटर, जूता मोजा और स्टेशनरी का क्रय अभिभावकों के द्वारा किया जाना होता है।

- सत्र से पूर्व ही मुख्यालय आ चुकी थीं निःशुल्क पाठय पुस्तक

डाटा अपलोड न करने पर होगी कार्रवाई

शासन द्वारा डीबीटी का पैसा अभिभावकों के खाते में भेजने के बाद अब यूनिफॉर्म सहित बच्चों का फोटो प्रेरणा पोर्टल पर सरकारी परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को अपलोड करना अनिवार्य है। ऐसा ना करने वाले शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए स्वेटर, जूते मोजे, स्कूल बैग का पैसा डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में भेजा गया है। प्रेरणा पोर्टल पर डीबीटी की स्थिति शिक्षकों को अनिवार्य रूप से डाटा भेजना है, इसके लिए सभी को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

-पंकज यादव, बीएसए

मानसून में बदलाव होने से मरीजों की संख्या बढ़ी

फतेहपुर। बारिश से मौसम में बदलाव होने से अस्पतालों में खांसी, बुखार, पेट और स्किन के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है।

ऐसे में सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिला। भीषण गर्मी के बीच अब बारिश का मौसम लोगों को बीमार बना रहा है। सोमवार को जिला अस्पताल मरीजों का जमावड़ा लगा नजर आया।

डाक्टरों ने मरीजों को दवा के साथ साथ बदल रहे मौसम में खुद का बचाव करने के टिप्स भी दिए गए। डा. रघुनाथ सिंह ने बताया कि जुलाई में कभी बारिश कभी तेज धूप का स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। खासकर बच्चों एवं बुजुर्गो का सावधानी बरतनी चाहिए। इन पर सबसे ज्यादा बदलाव का असर होता है।

कानूनों में हुए बदलाव को लेकर असमंजस

संवाददाता, फतेहपुर

- विभिन्न वर्ग के लोगों में अलग अलग प्रतिक्रियाएं

अमृत विचार। कई दशक से चली आ रही भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में एक जुलाई से अमूल चूल परिवर्तन हो गया है। अब इसकी जगह भारतीय न्याय संहिता को लागू कर दिया गया है। इसको लेकर विभिन्न वर्ग के लोगों में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। किसी ने इसे बेहतर कदम बताते हुए न्याय प्रक्रिया को और मजबूत करने वाला प्रयास बताया तो किसी ने असमंजस प्रकट करते हुए अधिवक्ताओं के लिए इसकी ब्रीफिंग करने की वकालत की। हालांकि, नई व्यवस्था को लेकर सबने भरोसा जताते हुए इसे बेहतर कदम बताया है।

भारतीय न्याय संहिता में केवल धाराएं ही नहीं बदली गई हैं बल्कि सजा और जुर्माने के प्रावधान में भी फेरबदल किया गया है। अधिवक्ताओं ने बताया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और नागरिक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) को लागू करने के लिए प्रमुख जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं। अब मारपीट, हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, छेड़खानी, दुष्कर्म, लूट सहित अन्य सभी अपराधों में अब तक प्रचलित धाराओं को बदलकर नई धाराएं जोड़ी गई हैं। अब उसी के आधार पर सजा और जुर्माने का प्रावधान भी बदल दिया गया है। थानों में नई संहिता के तहत मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सार-संक्षेप

आधार की तर्ज पर बनेंगे किसान कार्ड

फतेहपुर। किसान सम्मान निधि से लेकर अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य होगा। आठ जुलाई से प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जाएंगे। जिसमें लेखपाल, पंचायत सहायक से लेकर कर्मचारी मौजूद रहेंगे जो किसानों का पूरा डाटा एकत्रित कर किसान कार्ड जारी करेंगे। समय से कागजात मुहैया न करने पर किसानों को आने वाले समय में सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल पाएगा। योजनाओं में होने वाली धांधली को रोकने के साथ ही पात्रों को किसान सम्मान निधि व अन्य योजनाओ का लाभ दिलाने के लिए जल्दी ही जिले भर में अभियान चलाया जाएगा। आठ जुलाई से प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगेंगे जहां पर किसानों से उनकी सहमति से उनके नाम, पिता का नाम उनके स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सह खातेदार होने की स्थिति में गाटे में किसानों का अंश, मोबाइल नंबर, आधार नंबर लेकर पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा। किसी भी प्रकार के स्वामित्व हस्तांतरण पर रजिस्ट्री में बदलाव किया जा सकेगा। इसमें किसान से हर गाटे में दो सत्र में होने वाली फसल का विवरण भी दर्ज होगा तत्पश्चात किसानों को आधार की तर्ज पर किसान कार्ड जारी किए जाएंगे। इससे पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहूलियत होगी और ऋण से लेकर विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन करने वाले किसानों को बार-बार राजस्व रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं करने पड़ेंगे। एक क्लिक पर उनका सारा रिकॉर्ड निकल आएगा।

योगा क्लासेज से फिट होंगे परिषदीय स्कूलों के बच्चे

फतेहपुर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों में बच्चे प्रार्थना सभा के बाद पांच से सात मिनट योग भी करेंगे। अब तक इन स्कूलों में सिर्फ खेल कूद ही हुआ करता था लेकिन इस सत्र से इसमें योगा को भी जोड़ दिया गया है। स्कूलों में उत्पीड़न, भेदभाव और शारीरिक दंड के बिना माहौल बनाकर बच्चों को पढ़ाया जाएगा। शासन की ओर से गाइड लाइन जारी की गई है, इसमें स्कूल खुलने के बाद 15 मिनट पहले प्रार्थना सभा होगी और पांच से सात मिनट योग कराया जाएगा। प्रार्थना सभा में प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अनिवार्य रूप से रहना होगा। कार्यक्रम के फोटो, वीडियो बनाकर टैबलेट में अपलोड किए जाएंगे। प्रत्येक विषय की कक्षा 40 मिनट की होगी। शिक्षकों, शिक्षक संगठनों द्वारा आयोजित किसी भी गतिविधि को विद्यालय की अवधि में नहीं किया जाएगा। शिक्षण कार्य पूरा कराने की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक और शिक्षक की होगी। सभी कक्षाओं के लिए मासिक पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया है, हर हाल में इसे पूरा करवाना होगा। ऐसा न करने पर शिक्षक की डायरी में इसे लिखा जाएगा। हालांकि प्रार्थना सभा के बाद योग कराने की गाइड लाइन पहले भी जारी की जा चुकी है लेकिन इसपर अभी तक अमल नहीं किया गया है। लेकिन अब उसको फिर से अमल में लाने को कहा गया है। शिक्षकों का कहना है कि कई स्कूल ऐसे हैं जिसमें पर्याप्त जगह तक नहीं है। योग के लिए तो ठीक जगह होना चाहिए तभी बच्चों को योग कराना संभव हो सकेगा। अब देखने वाली बात होगी कि प्रार्थना सभा के बाद कितने स्कूलों में योग कराया जाता है।

गायब रहने वाले शिक्षकों का कटेगा वेतन

फतेहपुर। अब शिक्षकों की मनमानी नहीं चलेगी। शासन ने स्कूल से गायब रहने वाले शिक्षकों पर नकेल कस दी है। अब बिना अनुमति गायब रहने वाले शिक्षकों का वेतन तो कटेगा ही साथ ही संबंधित प्रधानाध्यापक के खिलाफ भी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जो शिक्षक 15 मिनट लेट होंगे, उनका आधा दिन का वेतन काटा जाएगा। इससे अब शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। प्रधानाध्यापक को शिक्षक स्टाफ की सही जानकारी देनी होगी।

परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों का होगा समायोजन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शिक्षकों को किया जाएगा इधर से उधर
- बच्चों की संख्या के आधार पर तैनात होंगे शिक्षक

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों में आरटीई के दायरे में फिट नहीं बैठने वाले स्कूलों के शिक्षकों को अब दूसरे स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। जून माह में गैर जनपद स्थानांतरण की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद कम पंजीकरण वाले स्कूलों से शिक्षकों को अधिक पंजीकरण वाले स्कूलों में पदस्थापित किया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया जल्द शुरु होगी।

जनपद के 2126 स्कूलों में छात्रांकन आरटीई मानक से कम होने के कारण स्कूलों को बंद कर बच्चों को पास के स्कूलों में समायोजित करने के साथ शिक्षकों को अधिक पंजीकृत संख्या वाले स्कूलों में भेजा जाएगा। विभाग की ओर से समायोजित किए जाने वाले शिक्षकों को 25 स्कूलों का ऑनलाइन विकल्प देने की छूट मिलेगी। दोआबा के अधिकांश स्कूलों में छात्र संख्या बहुत कम होने के कारण बीते दिनों बीएसए ने शिक्षकों से स्पष्टीकरण तलब किया था। कम व अधिक पंजीकरण वाले स्कूल चिह्नित किए जाने के बाद 5 जुलाई से 11 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया संचालित होगी।

नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर

फतेहपुर। जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने बताया कि पद्म पुरस्कार-2025 के लिए ऑनलाइन नामांकन व सिफारिशें एक मई से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर शुरू हो गई हैं। नामांकन व सिफारिशों की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। केवल ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त नामांकन व सिफारिशों पर विचार किया जाएगा।

पद्म पुरस्कार, अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। और कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं।

9वीं से 12वीं तक प्रवेश 5 अगस्त तक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड ने बोर्ड परीक्षा 2025 की तैयारी शुरू कर दी है। यूपी बोर्ड ने कक्षा नौ से 12 तक के विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए अग्रिम पंजीकरण की समय सारिणी घोषित कर दी। पांच अगस्त तक प्रवेश लिए जाएंगे। बोर्ड सचिव द्वारा विभाग को दिए गए दिशा निर्देशों के मुताबिक, 10वीं एवं 12वीं की कृषि भाग-एक की परीक्षा में शामिल होने वाले पंजीकृत छात्रों के आवेदन ऑनलाइन अपलोड किए जाएंगे।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं से प्राप्त परीक्षा शुल्क 10 अगस्त तक प्रधानाचार्य कोषागार में जमा करा सकेंगे। शुल्क की सूचना एवं छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विवरण वेबसाइट पर 16 अगस्त तक अपलोड किए जाएंगे। 10 अगस्त के बाद 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क 16 अगस्त तक जमा होगा, जिसकी सूचना और शैक्षिक विवरण 20 अगस्त तक अपलोड किए जा सकेंगे। परीक्षण 21 से 31 अगस्त तक होगा। एक से 10 सितंबर तक त्रुटि सुधारने का अवसर रहेगा। 30 सितंबर तक कक्षा नौ से 12 तक के पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटोयुक्त नामावली एवं कोषपत्र की एक प्रति परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए डीआइओएस कार्यालय में प्रधानाचार्यों को जमा करनी होगी।

कंपार्टमेंट के छात्र 20 अगस्त तक ले सकेंगे दाखिला

बोर्ड ने कक्षा नौ व 11 के छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण का कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा वर्ष 2026 एवं वर्ष 2025 की कृषि भाग-एक की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले 11वीं के छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण आवेदन परिषद की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। हाईस्कूल कंपार्टमेंट परीक्षा उत्तीर्ण एवं सन्निरीक्षा (स्क्रूटनी) में उत्तीर्ण अभ्यर्थी कक्षा-11 में 20 अगस्त तक प्रवेश ले सकेंगे। कक्षा नौ व 11 के छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण शुल्क 50 रुपये कोषागार में चालान के माध्यम से जमा करने तथा पंजीकरण की सूचना व विवरण परिषद की वेबसाइट पर 25 अगस्त की मध्य रात्रि तक अपलोड किए जा सकेंगे। अपलोड विवरणों की जांच 26 अगस्त से पांच सितंबर तक होगी। इसमें मिली त्रुटि छह से 20 सितंबर की मध्य रात्रि तक सुधारी जा सकेगी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अंकुश नहीं | ई- रिक्शा के रवैये से यातायात व्यवस्था होती प्रभावित, लगता जाम

हाईवे से शहर तक ई-रिक्शा की मनमानी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बिना कोई अंकुश के शहर क्षेत्र में दौड़ रहे ई-रिक्शा न सिर्फ दुघर्टनाओं का कारण बन रहे हैं, बल्कि यातायात प्रभावित करने का सबसे बड़ा कारण भी बने हैं।

शहर में अतिक्रमण का मकड़जाल के साथ शहरवासी ई-रिक्शा वालों की अधिकता और मनमानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। राहगीरों के आने जाने व जाम में यह रिक्शे ही मुख्य कारण बनते हैं। ऐसा नहीं है कि प्रशासन ने इनकी मनमानी रोकने के लिए प्रयास नहीं किए। कोडिंग, रूट निर्धारण सब हुआ लेकिन धरातल पर कारगर कुछ नहीं दिखा। हफ्ते दस दिनों में कड़ाई का सिलसिला थम सा जाता है।

शहर के मार्गों पर फैले अतिक्रमण और ई रिक्शा जाम के बाधक बन रहे हैं। चौराहों पर मनमानी इनकी हावी दिखती है। इसकी योजनाएं भी पालिका व यातायात कार्यालय की फाइलों में दब गई है, तभी तो इनकी मनमानी पर कोई रोक टोक नहीं दिखती। इनका कोई रूट नहीं है। परमिट भी नहीं होता है।

बाकरगंज में मनमाने ढंग से खड़े ई-रिक्शा। अमृत विचार

योजना अमल में नहीं आई

शहर में जाम की समस्या को दूर करने के लिए भले ही अफसर गंभीरता बरतने के दावे करते रहे हों, लेकिन धरातल पर सुधार होता दिखाई नहीं देता। पूर्व में समस्या के निस्तारण के लिए पालिका, एआरटीओ के अलावा यातायात व विभागीय अफसरों ने रूट प्लान निर्धारित किया था, लेकिन इस पर अमल न होने से समस्या जस की तस बनी हुई है।

बिना पंजीकरण के वाहन

मनमाने ढंग से ई-रिक्शा का संचालन जारी है। संभागीय परिवहन विभाग में तकरीबन 2200 ई-रिक्शा पंजीकृत हैं, यही जाम का कारण बने हुए हैं। बिना पंजीकरण के भी सैकड़ों ई-रिक्शा, ऑटो सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं।

बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे

ई-चालान से बचने के लिए बिना नंबर की प्लेट लगाकर शहर में दौड़ रहे ई-रिक्शा चालकों पर ट्रैफिक पुलिस का कोई शिकंजा नहीं है। अधिकतर ई- रिक्शे व ऑटो में या तो प्लेट गायब है, या कागज पूरे नहीं है। नाबालिगों के हाथ मे स्टेयरिंग हादसों का सबब बनती है। चेकिंग अभियान बन्द पड़ा है, यानी इस मनमाने रवैये पर लगाम नहीं लग पाई। कई बार तो नाबालिक मनमाने स्पीड से ऑटो, ई रिक्शे दौड़ाते तो बैठी सवारियां भी सिहर जाती, इस पर न ही यातायात, न थाना पुलिस कार्रवाई करती है।

बिजली विभाग के अफसर शिकायत तक नहीं सुनते

संवाददाता, फतेहपुर

- सीयूजी फोन भी नहीं उठाए जाते, पब्लिक परेशान

अमृत विचार। अघोषित बिजली कटौती से इन दिनों उपभोक्ता परेशान हैं। बावजूद इसके जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में बिजली व्यवस्था सुधर नहीं रही। बिजली समस्या को लेकर उपभोक्ता अफसरों से शिकायतें कर रही हैं। लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं हो रहे हैं।

विद्युत वितरण खण्डों के एसडीओ और पावर हाउस के जेई सीयूजी फोन भी नहीं उठाते हैं। इससे आजिज उपभोक्ता बिजली के लिए परेशान होकर 1912 पर काल कर रहे हैं, फिर भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे में बिजली उपभोक्ताओं को दुश्वारी झेलनी पड़ रही है। दरअसल ध्वस्त बिजली व्यवस्था से आमजन मानस बुरी तरह से हलकान हैं। चिपचिपाती गर्मी की रातें बिजली बिना बामुश्किल काटे कट रही है। बिजली उपभोक्ता जब इलाके में आवाजाही कर रही लाइट की समस्या को पावर हाउस या संबंधित एसडीओ व जेई के सीयूजी नम्बर पर सूचना देने के लिए काल करते है,तो कई बार काल करने पर भी उनका फोन रिसीव नहीं होता। जिस कारण लोग उमस भरी गर्मी में रातें जागकर काट रहे हैं। शहर के दक्षिणी भाग स्थित राधानगर बिजली उपकेन्द्र से जुड़े उपभोक्ता खासे परेशान रहते हैं। इन इलाको में बिजली की बड़ी कटौती की जा रही है। दिन रात हो रही अघोषित कटौती से पानी की समस्या भी विकराल बन गई है। ग्रामीण इलाकों मे बिजली की समस्या बढ़ रही है।

बारिश से गिरी छत, किसान की दबकर मौत

नलकूप की कोठरी में सो रहा था, शासन को भेजने के लिए दैवीय आपदा की रिपोर्ट की जा रही तैयार

संवाददाता, खागा फतेहपुर

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के टेनी मजरे नरौली गांव में बारिश के चलते ट्यूबवेल की छत गिर जाने से कोठरी में सो रहे किसान की मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। राजस्व टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया।

खागा तहसील क्षेत्र के कोतवाली अंतर्गत टेनी मजरे नरौली गांव निवासी नारायण उम्र लगभग 57 वर्ष पुत्र हुबलाल की ट्यूबवेल में सोते समय बारिस के कारण छत गिरने के कारण दबकर मौत हो गयी। बताया जाता है कि सोमवार को सुबह समय लगभग 10 बजे अपने ट्यूबवेल में सोते समय बारिस के कारण छत अचानक भरभराकर गिर गयी। जिससे दबकर मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंच गए। लेकिन तब तक में मौत हो चुकी थी। वही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है। वहीं तहसील अधिकारियों ने बताया कि दैवीय आपदा की रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। चेक प्राप्त होते ही परिजनों को सौंप दी जाएगी।

घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

विद्युत पोल में उतरे करंट से गाय व बंदर की मौत: बिन्दकी। बारिश के कारण बिजली के पोल मे करंट उतर आया। पोल मे उतरे करंट की चपेट मे आने से एक गाय व बन्दर की मौत हो गई। मौके पर पहुचे बजरंग दल कार्यकर्ता ने नगर पालिका टीम द्वारा अंतिम संस्कार किया गया।

बारिश के मौसम मे नगर पर लगे लोहे के बिजली के पोल मे आये दिन करंट उतर आता है। सोमवार की सुबह नगर मे हुए तेज बारिश के चलते नगर के निजामी चौराहा मे लगे विधुत पोल पर करंट उतर आया। पोल मे उतरे करंट के कारण गाय खम्भे मे चिपक गई। जिससे मौके पर गाय की मौत हो गई।वही नगर के मोहल्ला बजरिया मे विधुत करंट पर चपटने से एक बन्दर की मौत हो गई। मौके पर पहुचे बजरंग दल कार्यकर्ता हर्षित द्विवेदी की सूचना पर पहुंची नगर पालिका टीम द्वारा गाय व बन्दर के शव का दाह संस्कार किया गया। इस मौके पर विमलेश बाजपेई, नगर संयोजक सजल शर्मा, सह संयोजक हर्षित द्विवेदी, विश्वास गुप्ता, दीनू सविता, उदयराज सैनी, सत्यम् कश्यप आदि मौजूद रहे।

करंट से महिला की हालत गंभीर

- बिंदकी। घर में काम करते समय महिला करंट की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों को जानकारी हुई तो परिजनों में हड़कंप मच गया फिर परिजन महिला के पास पहुंचे और डंडे मार कर करंट से बाहर किया। महिला की हालत गंभीर देख इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। कोतवाली क्षेत्र के दौलताबाद गांव निवासी मेहंदी हसन की 26 वर्षीय पत्नी अफसाना घर के अंदर काम कर रही थी तभी पंखे का तार लगा था। तार कटा होने से महिला करेन्ट की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई। महिला की हालत गंभीर देख परिजनों ने आनन-फ़ानन करके निजी वाहन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया।

स्कूलों में उत्साह से मनाया गया प्रवेशोत्सव

संवाददाता, खागा-फतेहपुर

अमृत विचार। सोमवार को सभी परिषदीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव मनाया गया। शिक्षा क्षेत्र धाता के परिषदीय विद्यालयों में नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का स्वागत उत्सव मनाने के जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में आज शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा विद्यालयों को गुब्बारों, फूल पत्तियों आदि से सजावट के साथ नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को विशेष रूप से रोली टीका लगाकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालयों में एआरपी,एस आर जी,बीईओ,डायट प्रवक्ता, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया।

छात्र-छात्राओं के स्वागत उत्सव मनाया जाने का उद्देश्य छात्र-छात्राओं का विद्यालय व शिक्षकों के प्रति जुड़ाव पैदा हो जिससे नियमित उपस्थिति एवं पठन-पाठन में गतिविधियों में सक्रियता एवं उत्पन्न होगी। उत्सव मनाने हेतु विद्यालयों कोअध्यापकों द्वारा गुब्बारों, फूल पत्तियों आदि से सुसज्जित किया गया साथ ही भोजन में हलुवा एवं खीर परोसा गया।

स्वागत उत्सव में भाग लेते अपर खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

प्राथमिक विद्यालय डेंडासई में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को रोली टीका लगाकर स्वागत किया। साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूर्य प्रकाश सिंह , पुष्पेंद्र सिंह द्वारा कहा गया कि पूर्ण मनोयोग से पठन-पाठन कार्य किया जाएगा। बीईओ अजय कुमार तिवारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय टेकरी में बच्चों को टीका लगाकर हलुवा खिलाया।

प्राथमिक विद्यालय अमदरा में एआरपी नरेश कुमार ,प्राथमिक विद्यालय सधुवापुर में एआरपी हनुमंत प्रताप सिंह तथा पौली में एआरपीजयशंकर प्रसाद, प्राथमिक विद्यालय पाई में एडीओ पंचायत राज कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय भूला में अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार बागी, केशव रायपुर केवटमई में डायट के प्रवक्ता राजेंद्र कुमार एवं इं प्रधानाध्यापक सतीश कुमार सिंह द्वारा नव प्रवेशी बच्चों के उत्सव में भाग लेकर बच्चों के साथ अपने विचार साझा किए।

धान रोपित करने को किसान तैयार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। समय पर झमाझम बारिश होने पर किसानों के चेहरों में मुस्कान आ रही है। खरीफ की फसल के अंतर्गत धान की फसल की तैयारियों में किसान जुट गए हैं। अभी तक पड़ रही भीषण गर्मी के कारण किसान धान की नसर्सरी नहीं तैयार कर पा रहे थे।

गर्मी में बारिश का तड़का लगते ही मौसम में बदलाव दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं से जूझते लोग बारिश होने के बाद अच्छे मौसम का आनन्द लेते रहे। बारिश जहां किसानों के लिए संजीवनी बनी तो वहीं बारिश से मौसम सुहावना हो गया। बारिश रविवार रात से लेकर सोमवार को भी हुई। आसमान में बादलों की चहलकदमी होती रही। जिससे लोगों तक तेज धूप नहीं पहुंच पाई। हालांकि लोग बदलों को देखकर बारिश होने का अंदाजा लगा रहे थे लेकिन जिले के कुछ इलाकों पर बारिश छुटपुट ही हुई। सुबह से शाम तक बादल आते-जाते रहे। मौसम कृषि वैज्ञानिक वसीम खान ने बताया कि अगले दो दिनों में हल्की मध्यम बारिश तेज हवाओं के साद होने की सम्भावनाएं हैं।

- **मौसम विभाग का अनुमान, दो दिनों में हल्की, मध्यम बारिश की संभावना**

मायूस किसानों के चेहरे खिले

एक दिन की तेज बारिश ने महीनों से मायूस किसानों के चेहरों पर ताजगी ला दी। बारिश होने के बाद अब किसान धान की बेड़ बोने के साथ दलहनी व तिलहनी फसल को बोने की तैयारियों में जुट गए हैं। जिन किसानों ने धान की बेड़ पहले ही बो दी थी। वह भी खुश होकर और बारिश होने का इन्तजार कर रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक वसीम खान ने बताया इन दिनों बारिश किसानों के लिए संजीवनी है। इससे धान की फसल, दलहन व तिलहन के साथ गन्ना की फसल को फायदा होगा।

धान की रोपाई के लिए बारिश लाभदायक

उप निदेशक कृषि राम मिलन कहते हैं कि धान की रोपाई के लिए बारिश लाभदायक है। जिला कृषि अधिकारी बृजेश सिंह का कहना है कि खेतों में मिट्टी नम हो गई है। बेड़ सूख रही थी। उसे नया जीवन मिला है। खरीफ सीजन बारिश पर निर्भर करता है, जिसके लिए बारिश उपयोगी है।

तालाब में डूबकर छात्र की मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के मवईया जमालपुर गांव के समीप खेत की मेड़ बांधने गए इंटर के छात्र का पैर फिसल गया और वह पास ही बने तालाब के गहरे पानी में डूब गया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत उसको बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के मवईया जमालपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार यादव का 20 वर्षीय पुत्र गौरव यादव आज सुबह अपने खेत की मेड बांधने गया था। तभी उसका खेत की मेड पर पैर फिसला और वह समीप स्थित तालाब के गहरे पानी में डूब गया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत उसको तालाब से निकाल अस्पताल लेकर पहुंचे।

पहले पीटा, फिर प्लास से निकाले पैर के नाखून

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बकेवर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में टेंट हाउस में काम करने वाले दलित मजदूर को दबंगों ने पीट-पीट कर मरणासन्न कर दिया। फिर प्लास से उसके पैर के नाखून उखाड़े। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जगदीशपुर गांव निवासी शिवम कोरी (19) पुत्र संतोष कोरी को दबंग एक कार्यक्रम में टेंट-लाईट के काम को अंजाम देते समय उठा ले गए और बाहर ले जाकर अमानवीय व्यवहार की सारी सीमाएं पार कर दी। जिला अस्पताल के स्ट्रेचर पर मरणासन्न हालत में पड़े मजदूर पर दबंगों का ऐसा कहर बरपा, जिसकी कहानी सुनकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। घायल के पिता संतोष कोरी ने बताया कि शिवम कोरी टेंट हाउस में मजदूरी का काम करता है। बकेवर कस्बे में एक भंडारा में टेंट लगाए हुए था। वहां पर किसी बात को लेकर आपस में वाद-विवाद हो गया, जिसके बाद दबंगों ने उसे रॉड से बुरी तरह पीटा। प्लास से पैर के नाखून तक निकाल दिए। पीड़ित शिवम की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के दौरान ग्रामीणों के मौके पर पहुंचते ही दबंग फरार हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित कर अस्पताल में भर्ती कराया।

- **पिता की शिकायत पर पुलिस कर रही जांच**

सार-संक्षेप

महिला की मौत, मां ने पुलिस को दी तहरीर

बिंदकी फतेहपुर। महिला की मौत के बाद उसकी मां ने पुलिस को तहरीर दिया। जिसमें आरोप लगाया कि उसके दामाद को घर वालों ने बाहर भेज दिया। जिसके गम में उसकी पुत्री बीमार हो गई और ब्रेन हेमरेज होने से उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर के मोहल्ला जहानपुर में सोमवार की सुबह महिला प्रीति गुप्ता उर्फ़ गुड़िया देवी पत्नी शिवम गुप्ता की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद मायके पक्ष के लोगों ने जमकर हंगामा काटा और कोतवाली बिंदकी पहुंचे। मृतक महिला की मां फूल कली देवी पत्नी फूलचंद की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक महिला की मां की तहरीर के अनुसार उसकी पुत्री प्रीती गुप्ता उर्फ़ गुड़िया देवी की शादी मेरे मोहल्ला जहानपुर के ही रहने वाले शिवम गुप्ता के साथ कोर्ट द्वारा हुई थी कोल्ड मैरिज के बाद दोनों के बीच 7 माह का एक बच्चा भी है। शिवम गुप्ता वर्तमान में कहीं बाहर है। मृतक महिला की मां का आरोप है कि उसके परिजनों ने कहीं शिवम को बाहर भेज दिया है। अपने पति के गम में उसकी पुत्री बीमार हो गई और ब्रेन हेमरेज हो गया। जिससे उसकी मौत भी हो गई है। इस संबंध में कस्बा इंचार्ज नीरज कुशवाहा ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

अतिक्रमण कर बनाए गए होटल पर चला बुलडोजर

फतेहपुर। अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाया गया एक होटल पर सोमवार को प्रशासन का बुलडोजर गरजा तो पल भर में होटल जमीदोज हो गया। प्रशासन की कार्यवाही पर अन्य अतिक्रमणकारियों पर हड़कम्प मचा रहा। नेशनल हाईवे-2 के लोधीगंज बाईपास पर होटल सिटी कार्नर पर सोमवार को सदर एसडीएम, नायब तहसीलदार एवं पुलिस फोर्स अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। अवैध रूप से बने होटल को जेसीबी द्वारा जमीदोज किया गया। टीम के अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से खड़े होटल पर कार्यवाही की गई है। किसी भी हाल में अवैध कब्जों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

घर में लगी आग, फंसे व्यक्ति को दमकल जवानों ने निकाला

फतेहपुर। सदर क्षेत्र के मोहल्ला मसवानी के एक मकान में आग लग गई। जिसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। घटना स्थल मोहल्ला मसवानी के कालिकन देवी मंदिर के पीछे पारस गुप्ता के मकान में आग लग गई। जिसमें राजेन्द्र शुक्ला उर्फ बब्लू उम्र लगभग 50 वर्ष फंस गए। जिनको फायर सर्विस जवान सचिन कुमार व मोहित यादव द्वारा तत्परता के साथ कार्यवाही कर बाहर निकाला गया तथा यूनिट प्रभारी अग्निशमन द्वितीय अधिकारी दीपक कुमार के कुशल नेतृत्व में अग्निशमन कार्य करते हुए फायर कर्मी शुभम कुमार, विजय कुमार, देवेंद्र कुमार, नारंतक प्रसाद मिश्रा, कमला शंकर, संजीव कुमार ने आग पर थोड़ी ही देर में काबू पा लिया। आग से दो एलपीजी सिलेन्डर, एक स्कूटी, एक साइकिल आदि क्षतिग्रस्त हो गया।

सपा प्रमुख के जन्मदिन पर लगाए गए पौधे

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के खागा नगर अध्यक्ष शिव सिंह यादव व युवा सपा नेता मोहसिन नफीस ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। खागा नगर अध्यक्ष शिव सिंह यादव व युवा नेता मोहसिन नफीस के साथ सपाइयों ने खुसियारीपुर मोड स्थित सबदीन सिंह हाईस्कूल विद्यालय परिसर में पीडीए पेड़ अभियान चलाया। सपाईयों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। आहवान किया कि पौधरोपण के साथ-साथ इसका संरक्षण भी अवश्य किया जाए। जिससे यह पेड़ आगे चलकर हमें छांव व आक्सीजन दे सके। इस मौके पर संतोष गुरुजी, दिनेश यादव, जावेद ज्वाला राईन, विनोद पासवान, संदीप कुमार, मुकेश यादव आदि रहे।

हरसिंगपुर गोली कांड में चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

औंग फतेहपुर। थाना क्षेत्र कल्यानपुर के ग्राम हरसिंहपुर में हुए गत दिवस गोली काण्ड में गम्भीर रूप से घायल उदयप्रताप सिंह के सगे भाई अभय प्रताप सिंह पुत्र लवकुश सिंह ने लिखित तहरीर देकर अनुराग सिंह , रौनक सिंह पुत्रगण राघवेंद्र सिंह , पूनम सिंह तथा राघवेन्द्र सिंह सहित चार लोगों को नामजद करते हुए गोली मारकर हत्या का प्रयास किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। एक अदद पिस्टल , चार अदद खोखा कारतूस व एक काले रंग का एंड्रॉयड आईफोन पुलिस ने फर्द बरामदगी दिखाई है। मौके पर फरार सभी आरोपी अभी तक पकड़े नहीं जा सके । पुलिस गिरफ्तारी के लिए संभावित जगहों पर दबिश दे रही है ।

सीसी रोड का ईओ ने किया निरीक्षण

धाता। नगर के अम्बेडकर नगर वार्ड में बनाई जा रही सीसी रोड का औचक निरीक्षण करने के लिये अधिशाषी अधिकारी अजीत कुमार बागी, अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू पासवान सोमवार को पहुंचे। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता न करने के लिये उन्होंने ठेकेदार को कार्य की सराहना करते हुए नियमित पानी का छिड़काव करने के लिये भी निर्देशित किया। इस दौरान वार्ड के जयचंद्र सोनकर, मनीष पासवान, इंद्रपाल सोनकर, शकुनी सरोज कल्लू समेत अन्य लोगों से उन्होंने निर्माण कार्य पर सतत नजर रखने और कहीं कोई चूक होने पर सुधार कराने के लिये भी कहा। नगर में कई वर्षों से इस क्षेत्र के प्रमुख मार्ग का निर्माण करने की मांग की जा रही थी। इस कार्य के पूरा हो जाने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा रहेगी। अब तक जर्जर मार्ग के कारण लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज ने बताया कि भाजपा नेता चन्दन सिंह सहित क्षेत्र के लोग कई वर्षों से सड़क का निर्माण कराने की मांग कर रहे थे, इसी कारण प्राथमिकता के आधार पर इसका निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों को किया सम्मानित

फतेहपुर। डॉक्टर्स डे के अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिकनपॉक्स बचाव व चिकित्सक सम्मान अभियान चलाया। जिसके अंतर्गत डॉ अनुराग द्वारा सर्वप्रथम श्री राम मॉडर्न पब्लिक स्कूल के 110 बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि प्रदान की गई। साथ ही सभी बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। भोजन से पहले व शौच जाने के बाद साबुन से अच्छी तरह से हाथ धुलने के लिए बताया गया। तत्पश्चात चिकित्सा जगत में जनपद में अपनी अभूतपूर्व सेवाएं दे रहे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ इश्तियाक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रभाकांत सिंह व जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ अमरीश चंद्रा को माल्यार्पण व शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अर्जुन गुप्ता, अध्यापक संतप्रकाश, ललिता देवी सहित सुरेश श्रीवास्तव सदस्यता प्रमुख इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ उपस्थित रहे।

युवती को सर्प ने डसा

बिन्दकी। थाना कल्याणपुर क्षेत्र के दलाबला खेड़ा गांव निवासी जितेंद्र सिंह की 18 वर्षीय पुत्री सलोनी देवी को सर्प ने डस लिया। युवती को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया। युवती की हालत में सुधार होते ही घर लेकर चले गये।

न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक लेते जिला जज। अमृत विचार

राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाएं अधिक मामले

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। आगामी तेरह जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने के लिए सोमवार को जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रणंजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन मीटिंग कक्ष में किया गया। जिसमें अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर जोर दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा ने तेरह जुलाई को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए सभी न्यायिक अधिकारियों को अधिकाधिक वादो को चिन्हित कर निस्तारण के लिए निर्देश दिए। एमवी एक्ट के ई-चालान, धारा एनआई एक्ट, आपराधिक शमनीय वादो को चिन्हित कर प्री-ट्रायल बैठक द्वारा सुलह-समझौता के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा वादो को शार्ट लिस्ट करके अन्तिम निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया। कहा कि चिन्हित वादों को समय पर सीआईएस पोर्टल में दर्ज कराएं।

पेड़ से लटका मिला महिला का कंकाल

फतेहपुर। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सकूलपुर में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने किशोरी का कंकाल बरामद करते हुए विच्छेदन गृह भेजा है। कंकाल एक पेड़ से लटकता पाया गया। वहीं मृतका की बुआ व चाचा ने गांव के ही चार लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

सकूलपुर गांव निवासी मुन्नालाल कोरी की पुत्री लक्ष्मी देवी (17) विगत 14 जून को सुबह घर से शौचक्रिया के लिए निकली थी। तभी अचानक लापता हो गई। उधर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग न लगा। घर वालों ने थाने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई। सोमवार की सुबह गांव से दो किलोमीटर दूर जंगल में एक पेड़ से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने कंकाल बरामद किया। घर वालों ने बताया कि गांव के ही लोगों ने महिला का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी।

चोरों ने लाखों की नकदी-जेवर किए पार

संवाददाता, धाता-फतेहपुर

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के देवरार गांव में बीती रात चोरों ने सेंध काट कर नगदी सहित लाखों के जेवरात पार कर दिया। पीड़ित संजय पाठक परिवार सहित अपने घर के अंदर बने बरामदे में सो रहे थे। पीड़ित ने बताया कि वह लगभग 12:00 बजे तक घर के बाहर ही बैठे हुए थे उसके बाद आकर बरामदे में सो गए। सुबह लगभग 05:30 बजे मेरी 17 वर्षीय पुत्री उठी तो कमरा खोल कर देखा तो कमरे के अंदर पीछे से रोशनी आती हुई दिखाई दी तभी जाकर देखा तो पीछे के दीवार की तरफ सेंध कटी हुई थी। उसके शोर मचाने पर हम लोग भी उठ कर कमरे पर जाकर देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। घर के पीछे खेत की जमीन पड़ी है। खोजबीन किया तो कुछ दूर पर अटैची खुली पड़ी मिली, देखा तो डेढ़ लाख रुपए नगद के रूप में रखा हुआ पैसा भी नहीं मिला और घर के रखे जेवरात की गायब मिले पिछले तीन दिन पहले ही मेरी बहन की बहू अनामिका दुबे के गहने भी नदारत मिले।

पीड़ित ने बताया कि अनुमानतः यह घटना लगभग रात 1:00 बजे से 3:00 बजे के बीच हुई है। जैसे ही घटना की जानकारी हुई 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी गई फोन करने के उपरांत धाता थाना अध्यक्ष आलोक कुमार पांडे मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए। वहीं खागा सीईओ बृजमोहन राय भी थोड़ी देर बाद ही घटना स्थल पर पहुंच गए। थाना अध्यक्ष एवं खागा क्षेत्राधिकारी ने मौके का मुआयना किया और घर वालों से पूछताछ किया और पीड़ित को यह आश्वासन दिया कि घटना की जांच कर जल्द ही खुलासा होगा।

चोरी के बाद बिखरा पड़ा समान। अमृत विचार

- **सेंध लगाकर चोरों ने घटना को दिया अंजाम घरवाले सोते रहे**
- **सुबह जागने पर भुक्तभोगी परिवार को हो सकी घटना की जानकारी**

पहली बारिश बरसात से पहले नहीं हुए इंतजाम, सोमवार की बारिश लोगों के लिए मुसीबत लेकर आई

घरों से लेकर विद्यालयों के भीतर तक पहुंचा बारिश का पानी

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

अमृत विचार। सीजन की पहली झमाझम बारिश ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई। रास्तों, सड़क, स्कूल व लोगों के घरों में पानी भर गया। अब लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से पहले यदि जल निकासी के पुख्ता इंतजाम हो गए होते तो आज ये हालात नहीं होते।

क्षेत्र के यमुना तटवर्तीय इलाके में देर रात से हो रही बारिश जहां किसानों के लिए चमक बन कर आई हैं। वहीं यही बारिश लोगों के लिए आफत भी बन गई है। क्षेत्र के कई गांवों में पक्का मार्ग न होने से सम्पर्क मार्ग टूट गए हैं। वहीं बरसात से पहले जिम्मेदारों की अनदेखी भी लोगों के लिए आफत बन गई है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से रास्ते तालाब बन गए हैं तो वहीं तालाबों का पानी भी लोगों के घरों में घुस गया है। विजयीपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मड़ौली के मजरे भ्योखर गांव में बने करीब आठ बीघे के तालाब पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया है। तालाब में दूषित पानी भरा हुआ है। रविवार की रात से सोमवार की सुबह तक हुई बारिश से तालाब का दूषित पानी लोगों के घरों में घुस गया है। गांव में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। करीब दो वर्ष पहले तालाब के पानी की जल निकासी के लिए नाला निर्माण भी कराया गया था। लेकिन नाला की साफ सफाई न होने की वजह से तालाब का पानी नहीं निकल पा रहा है। जिससे पड़ोस के रहने वाले विजयपाल यादव, आमिल यादव, बुद्धसेन निषाद, विनोद निषाद सहित कई लोगों के घरों में पानी भरा हुआ है। जिससे लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

- **कई गांवों में पक्का मार्ग न होने से आवाजाही की समस्या बढ़ी**

स्कूल कैंपस से लेकर कक्षा तक जलभराव। अमृत विचार

व्यापारी के गोदाम में पानी भरने से लाखों का सामान नष्ट

किशनपुर। थाना क्षेत्र के विजयीपुर चौराहे समीप चंद्र मूलेश्वर पुत्र जवाहरलाल निवासी अमनी थाना किशनपुर किराए के भवन में घरेलू उपयोग खाने पीने की सामग्री बिक्री के लिए किराना स्टोर चलाता है। जहां सोमवार बीती रात जोरदार बारिश से बेसमेंट के गोदाम में पानी भर गया जिससे गोदाम में रखा लाखों का सामान भीग गया। जब व्यापारी ने सुबह अपना गोदाम खोला तो पानी से लबालब भरा था। यह देख व्यापारी के होश उड़ गए। व्यापारी का रो- रोकर बुरा हाल रहा। हालांकि सूचना पर संबंधित दुकान में बीमा के बैंक कर्मचारियों ने निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दिया है।

विद्यालय परिसर बना तालाब

किशनपुर। विजयीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल के मजरे काशीपुर गांव में बना प्राथमिक विद्यालय बारिश की वजह से तालाब बन गया है। बच्चों के बजाय विद्यालय के अंदर पानी भरा हुआ है। जिस वजह से जुलाई के पहले दिन स्कूल में ताला लटकता रहा। काशीपुर गांव में बना प्राथमिक विद्यालय तालाब में तब्दील हो गया। जल निकासी की व्यवस्था न होने की वजह से बारिश का पानी विद्यालय की कमरों में जमा हो गया। अध्यापक विद्यालय पहुंचे जहां तालाब जैसे हालात देख उन्हें वापस लौटना पड़ा। वहीं विद्यालय पहुंचे बच्चों को भी बैरंग वापस लौटना पड़ा। विद्यालय में बरसात का करीब दो फिट गहरा पानी भरा होने से विद्यालय में बाढ़ जैसे हालात देखने को मिले। लोगों का आरोप रहा कि बारिश के पहले जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों को निभाते तो शायद आज विद्यालय के हालात यह नहीं होते। यमुना तटवर्तीय इलाके के ज्यादातर इलाकों का यही हाल है जहां जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से बरसात के दिनों में लोगों के लिए आफत तैयार हो जाती है।

मड़ौली गांव में मकान गिरा

थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव में देर रात हुई बारिश की वजह से एक असहाय विधवा महिला का मकान भरभरा कर गिर गया। जिससे महिला की ग्रहस्थी मकान के नीचे दब गई। मड़ौली गांव निवासी विद्या देवी के पति की मौत करीब तीन वर्ष पहले बीमारी के चलते हो गई थी। पति की मौत के बाद महिला अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ एक कच्चे मकान में रहकर गुजर बसर करती थी। रविवार की रात से शुरू हुई बारिश की वजह से सोमवार की सुबह महिला का मकान भरभरा कर गिर गया। जिसमें महिला की ग्रहस्थी भी दब गई। सुबह पड़ोसियों की मदद से महिला की गृहस्थी को मलबे से बाहर निकाला गया। मकान गिरने से महिला के सिर छिपाने के लिए छत भी नहीं बची है। महिला सरकारी योजनाओं से वंचित हैं न तो महिला का राशनकार्ड बना हैं न ही महिला की विधवा पेंशन योजना का लाभ मिल पा रहा है। वहीं ग्राम पंचायत गढ़ा के मजरे नरौली गांव निवासी श्यामलाल निषाद का भी मकान भरभरा कर गिर गया। जिससे पीड़ित परिवार का काफी नुकसान हो गया है।

एक नजर

पुरानी पेंशन बहाली पर शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया

छिबरामऊ, कन्नौज। अटेवा पेंशन बचाओ मंच की नगर के जगदीश्वर दयाल जनता इंटर कॉलेज में हुई बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया गया। शिक्षकों ने कहा कि उनके आदेश से प्रदेश के लगभग 60 हजार शिक्षक कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल हुई है। अटेवा जिलाध्यक्ष प्रवीण पाठक ने कहा कि ऐसे कार्मिक जिनकी नियुक्ति एक अप्रैल 2005 के बाद हुई है परंतु नियुक्ति का विज्ञापन 28 मार्च 2005 को जारी हुआ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एनपीएस लागू किए जाने की प्रदेश सरकार ने सरकार ने घोषणा कर दी। उत्तर प्रदेश सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय का अटेवा कन्नौज स्वागत करता है।

तालग्राम चेयरमैन ने लगाया षड्यंत्र का आरोप

तालग्राम, कन्नौज। नगर पंचायत तालग्राम अध्यक्ष मोहसिन उर्फ जानू ने सोमवार को जारी किए गए पत्र में बताया कि वह लगातार जनहित में कार्य कर रहे हैं। इसके बाद भी कुछ लोग राजनैतिक द्वेष व निजी स्वार्थ के लिए उनके खिलाफ षडयंत्र रचकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। पिछले कार्यकाल में सरकारी धन का दुरूपयोग होने का आरोप लगाया। कहा कि वर्ष 2012 से 2022 तक कराए गए विकास कार्यो की जांच कराई जाए।

तीन माह से नहीं मिला सौ शैय्या के गार्डों को मानदेय

छिबरामऊ, कन्नौज। सौ शैया अस्पताल में 14 सिक्योरिटी गार्ड्स एसडी इंटरप्राइजेज कंपनी के माध्यम से लगे हैं। इनको तीन माह से मानदेय न मिलने से उन्हें दिक्कत हो रही है। पीड़ित गार्डों का कहना है कि कंपनी ने तीन महीने से मानदेय नहीं भेजा गया है। ऐसा चलने पर हम अपने बच्चों के स्कूल की फीस भरने तथा घर का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। सीएमएस सुनील कुमार ने बताया कि एस डी इंटरप्राइजेज कंपनी को पत्र लिखा जा चुका है और जल्द से जल्द सभी गार्डों का मानदेय दिलाया जाएगा।

आज रवाना होगा लोक अदालत प्रचार वाहन

कन्नौज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को सभी न्यायालयों में होगा। इसके लिए आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। मंगलवार को जिला जज चंद्रोदय कुमार आज सुबह दस बजे न्यायालय परिसर में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह वाहन पूरे जिले में लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देगा।

पुलिस लाइन में पौधरोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प

कन्नौज। पौधरोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाये जा रहे वन महोत्सव के दृष्टिगत पुलिस लाइन में मन्त्री असीम अरुण, डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित कुमार आनंद व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने पुलिस लाइन में पौधरोपण किया। इस मौके पर पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौपी गई। इस अवसर पर एसपी ने बताया कि वन महोत्सव का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देना है। विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे। इनमें फलदार, छायादार और औषधीय पौधे शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराने और हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प लेते हैं। जनपद वासियों से अपील कि अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए।

चालक को झपकी आने से हुआ हादसा, दो घरों में फुंके विद्युत उपकरण

लोडर की टक्कर से पोल टूटा घरों में दौड़ा हाईटेंशन करंट

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। चालक को झपकी आने की वजह से तेज रफ्तार लोडर पोल से टकरा गया और उसके तार मकान की छत पर रख गए। इससे दो मकानों में 11 हजार वोल्टेज का करंट दौड़ गया, जिससे मकानों की वायरिंग समेत विद्युत उपकरण फुंक गए। इस हादसे में दोनों घरों में लाखों रुपये का नुकसान हो गया। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से स्पीड ब्रेकर बनवाए जाने की मांग की है।

मकान के बाहर टूटा पड़ा बिजली का पोल। अमृत विचार

घटना की जानकारी देता चालक अर्जुन राजपूत। अमृत विचार

> पलिया गांव में जेई को भेजकर सर्वे कराया जाएगा और मोड़, विद्यालय तथा रिहायशी इलाकों में स्पीड ब्रेकर बनाए जाएंगे। साथ ही गांव के दोनों तरफ साइन बोर्ड और स्पीड लिमिट बोर्ड लगाए जाएंगे। सड़क पर पीली रेडियम स्ट्रिप भी बनवाईं जाएंगीं।
>
> –संजीव कुमार, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

छिबरामऊ-तालग्राम रोड स्थित ग्राम पलिया में हादसा रात डेढ़ बजे के करीब हुआ। तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम सुतहा निवासी चालक अर्जुन राजपूत पुत्र बाबूलाल खाली लोडर लेकर गांव जा रहा था। पलिया गांव में झपकी आने से तेज रफ्तार लोडर रामाधार दुबे के दरवाजे पर लगे 11 हजार वोल्ट के पोल से टकरा गया, जिससे पोल तीन जगह से टूटकर उसके तार मकान व टिनशेड पर गिर गए।

विद्युत आपूर्ति चालू होने की वजह से रामाधार दुबे व उनके भतीजे प्रतीक दुबे के घरों में हाईटेंशन करंट दौड़ गया। इससे घरों में लगे इन्वर्टर, फ्रिज, कूलर, पंखे समेत सभी उपकरण व विद्युत वायरिंग फुंक गई। ग्रामीणों ने 33 केवी विद्युत उपकेंद्र पर फोन कर आपूर्ति बंद कराई। परिवार के लोग छत पर ही सो रहे थे। हादसे में वह लोग बाल-बाल बच गए। घटना की जानकारी पाकर अवर अभियंता विद्यासागर व लाइनमैन वीरेश शाक्य मौके पर पहुंचे और सोमवार दोपहर नया पोल लगाकर आपूर्ति बहाल की।

स्पीड ब्रेकर न होने से आए दिन होते हादसे

- पलिया गांव के ग्रामीणों ने बताया कि छिबरामऊ- तालग्राम रोड आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से जुड़ता है, जिससे 24 घंटे ट्रक, डंपर, डीसीएम व लोडर गांव के बीच से तेज रफ्तार से निकलते हैं। स्पीड ब्रेकर न होने से कई बार वाहन सड़क किनारे लगे विद्युत पोल तोड़ चुके हैं तो ट्रक व ओवरलोडेड वाहन मकानों से टकरा जाते हैं। इसी रोड पर प्राथमिक विद्यालय बालक और बालिका दोनों हैं। ब्रेकर न होने से यहां किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। गांव में एक अंधा मोड़ भी है, जहां आए दिन हादसे हो रहे हैं। खास बात यह है कि यहां कोई साइन बोर्ड या स्पीड कंट्रोल बोर्ड भी नहीं लगाया गया है।

कोटेदारों ने मंत्री से की भीगा राशन मिलने की शिकायत

कन्नौज। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री ने जब कोटेदारों के साथ बैठक कर राशन वितरण की समीक्षा की तो कोटेदारों ने भींगा हुआ और मिट्टी मिला हुआ राशन मिलने की शिकायत की। इस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि गोदाम का निरीक्षण किया जाएगा और गोलमाल करने वाले अधिकारियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

सोमवार को समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कलेक्ट्रेट सभागार में राशन वितरण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक तक पूरा राशन पहुंचे, यह कोटेदारों की जिम्मेदारी है। घपला और घटतौली करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नागरिक घटतौली की शिकायत 1077 पर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक में प्रतिक्रिया वाहन तैनात किया जाएगा। इसमें राजस्व व पूर्ति विभाग के अधिकारियों को नियुक्त किया जाएगा, जो क्षेत्र में प्रत्येक राशन की दुकान का निरीक्षण करेंगे। जिले में 651 सरकारी राशन की दुकानें संचालित हैं। बैठक में सभी अधिकारी व कोटेदार उपस्थित रहे।

मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में लगी मरीजों की लाइन।। अमृत विचार

उमस से मेडिकल कॉलेज में बढ़े संक्रामक रोगी

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- प्रतिदिन एक से डेढ़ हजार तक पहुंच रही मरीजों की संख्या

अमृत विचार। बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही उमस बढ़ने से बुखार-उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में रोज एक से डेढ़ हजार मरीज पंजीकरण कराकर उपचार करा रहे हैं। सबसे अधिक भीड़ मेडिसिन विभाग में उमड़ रही है। सोमवार को भी भारी संख्या में मरीजों के पहुंचने से रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी लाइन लगी रही।

बदलते मौसम के साथ ही संक्रामक रोगों ने पैर पसारना प्रारंभ कर दिया है। मेडिकल कॉलेज में दिन प्रतिदिन मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सबसे ज्यादा मरीज गर्मी लगने के पहुंच रहे हैं। सोमवार को भी ओपीडी में 1000 से अधिक मरीजों ने पंजीकरण कराकर दवा ली। मेडिसिन विभाग में मरीजों की संख्या सबसे अधिक रही। ओपीडी मे सबसे ज्यादा मरीज उल्टी-दस्त व बुखार से पीड़ित थे। डाक्टरों की मानें तो गर्मी से बचाव न होने के कारण बीमारियां बढ़ रही हैं। धूप मे चलने के बाद ठण्डा पानी नहीं पीना चाहिए। डिहाईड्रेशन से बचने के लिए पर्याप्त पेयजल व रस लेने के साथ-साथ धूप से बचाव जरुरी है।

अस्थायी गो आश्रय स्थल वैसापुर, गदौरा विकास खंड तालग्राम का निरीक्षण करते मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कर्णवीर वर्मा व अन्य। अमृत विचार

निरीक्षण को पहुंचे सीवीओ को गौशाला में मिला कीचड़

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- खड़ंजा लगवाने के निर्देश चारों तरफ लगी जाली के नीचे से घुसते हैं कुत्ते

अमृत विचार। दो दिन पहले मृत गोवंश को कुत्तों द्वारा नोचे जाने का वीडियो वायरल होने के बाद मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने सोमवार को गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां कोई मृत गोवंश तो नहीं मिला लेकिन टिनशेड के बाहर कीचड़ था। इसके अलावा चारों तरफ लगी जाली के नीचे मिट्टी खोदकर कुत्तों के आने की जानकारी मिली। इस पर परिसर में खड़ंजा तथा चारों तरफ करीब एक फीट की दीवार खड़ी करने के निर्देश दिये।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कर्णवीर वर्मा ने बताया कि अस्थायी गोआश्रय स्थल वैसापुर गदौरा, विकास खंड तालग्राम का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें मृत गोवंश को कुत्ते नोचते दिखाई दे रहे थे। मामला संज्ञान में आने पर गोशाला का निरीक्षण किया तो वहां बताया गया कि दोपहर के समय गोवंश की मौत हो गई थी। इस बीच केयरटेकर खाना खाने चला गया था। तभी चारों तरफ लगी जाली के नीचे की मिट्टी खोदकर किसी तरह से कुत्ते घुस आये और मृत गोवंश को नोचने लगे। तभी किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। हालांकि शाम को गोवंश को दफना दिया गया। बताया कि मौके पर टिनशेड के आसपास कीचड़ था। इसके साथ ही जिस टैंक में जानवरों के पीने के पानी की व्यवस्था की जाती है उसके आसपास भी दलदल की स्थिति थी।

इस पर बीडीओ को टिनशेड के आसपास चार से पांच फीट दायरे में तो टैंक के आसपास खड़ंजा लगवाने के निर्देश दिये हैं। यहां मौजूद 46 में से एक गोवंश बीमार मिला जिसका इलाज करा दिया गया। साथ ही चारों तरफ जाली के नीचे एक फीट ऊंची दीवार भी बनाई जाएगी ताकि मिट्टी खोदकर कुत्ते आदि प्रवेश न कर सकें। मौके पर पांच छह क्विंटल भूसा था जिस पर बताया गया कि घर में रखा है। इस पर गोशाला में ही रखने के निर्देश दिये गये। इस दौरान पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विकराल सिंह, बीडीओ मनोज कुमार के अलावा पंचायत सचिव व केयरटेकर मौजूद रहे।

तुरंत नहीं लागू होगा हिट एंड रन केस का प्रावधान

जलालाबाद, कन्नौज। अपर जिला जज ने जिला कारागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर नए आपराधिक कानून के विषय में बंदियों को जानकारी देकर जागरूक किया। सोमवार को शिविर में अपर जिला जज लवली जायसवाल ने बताया कि नये कानून के लागू होने के बाद जो धाराएं अपराध की पहचान बन चुकी थीं उनमें भी बदलाव होगा। हत्या के लिए लगाई जाने वाली आईपीसी की धारा 302 अब 101, ठगी की धारा 420 अब 316 होगी। हत्या के प्रयास की धारा 307 अब 109 कहलाएगी। दुष्कर्म की धारा 376 अब 63 होगी। हिट एंड रन केस का संबंधित प्रावधान तुरंत लागू नहीं होगा। इस दौरान जेलर/डिप्टी जेलर, लीगल एड डिफेन्स, पैनल अधिवक्ता, अभिषेक कुमार, पराविधिक स्वयं सेवक चित्रांगना, रोहित, अर्पित, शिवांस, निर्मल एवं बार के अधिवक्तागण सर्वेश कुमार त्रिवेदी, जय शुक्ला आदि रहे।

ओएचई में खराबी, 20 मिनट बाधित रहा ट्रैक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बरसात के बाद कार्बन आने से रेलवे की विद्युत आपूर्ति में आई दिक्कत

अमृत विचार। बरसात के बाद रेलवे की ओएचई (ओवरहेड इलेक्ट्रिक) के इंसुलेटर में कार्बन आने से आपूर्ति में दिक्कत आ गई। इस पर रेलवे की कार्यदायी संस्था इरकॉन के इंजीनियरों ने 20 मिनट का माइक्रो ब्लॉक लेकर इंसुलेटर की मरम्मत की, तब जाकर ट्रेनों का आवागमन शुरू हो गया। इस दौरान उत्सर्ग एक्सप्रेस को जसोदा स्टेशन पर रोक दिया गया था।

सोमवार दोपहर कन्नौज रेलवे स्टेशन के पास विकास भवन के सामने ओएचई के इंसुलेटर में कार्बन आने की वजह से आपूर्ति में दिक्कत हुई। इससे पहले मालगाड़ी के चालक ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। थोड़ी देर बाद रेलवे की ओएचई वैन वहां पहुंची और रामाश्रम स्थित उपकेंद्र से शटडाउन लेकर 20 मिनट का ब्लॉक ले लिया।

फर्रुखाबाद से कानपुर जा रही उत्सर्ग एक्सप्रेस को जसोदा स्टेशन को रोक दिया गया। इरकॉन के इंजीनियर सौरभ कुमार ने बताया कि बरसात के बाद इंसुलेटरों में कार्बन आना स्वाभाविक है। ओएचई का रुटीन परीक्षण किया जाता है, जहां दिक्कत मिली, वहां तत्काल दुरुस्त किया जाता है।

जामुन के पेड़ से गिरकर किसान घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भौराजपुर सरैया निवासी शिमलेश पुत्र फूलसिंह सोमवार को अपने खेत में मूंगफली खोद रहा था। तभी वह जामुन खाने के इरादे से पेड़ पर चढ़ गया और गिरकर घायल हो गया। आसपास खेतों में काम कर रहे परिजनों ने उसे सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां से सैफई रेफर कर दिया गया।

250 साल पुराना पीपल का पेड़ काटा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। अत्यधिक विकास भी विनाश की ओर ले जाता है..किसी दार्शनिक के ये विचार रेलवे स्टेशन पर परिलक्षित हो रहे हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन के कायाकल्प के दौरान परिसर में खड़ा करीब 250 वर्ष पुराना पीपल का पेड़ काट डाला गया। खास बात यह है कि रेलवे ने वन विभाग से अनुमति भी नहीं ली। अब वन विभाग रेलवे पर कार्रवाई का तानाबाना बुन रहा है।

जिले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने जीटी रोड का चौड़ीकरण किया, जिसमें हजारों पुराने वृक्षों पर आरी चला दी गई तो रेलवे ने योजना के तहत स्टेशन के आधुनिकीकरण के लिए परिसर में खड़े पुराने पीपल के पेड़ को जड़ से ही खत्म कर दिया। इस पेड़ के नीचे अक्सर यात्री बैठकर ट्रेन का इंतजार किया करते थे। कार्यदायी संस्था ने पेड़ को जड़ हटा दिया। वन विभाग का कहना है कि पिछले वर्ष जिले में पुराने वृक्षों की जिओ टैगिंग कराई गई थी, जिसमें यह पेड़ भी शामिल था। अब जिले में पुराने बरगद और पीपल की संख्या नाममात्र को ही रह गई है। वहीं, रेलवे के कार्य निरीक्षक मुन्ना सिंह का कहना है कि कार्यदायी संस्था अपना काम करा रही है, जिसमें वह बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं। प्रभारी वनाधिकारी डॉ. हेमंत कुमार सेठ का कहना है कि रेलवे स्टेशन पर पुराने पीपल को काटने से पहले वन विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई है। रेलवे को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और जुर्माना भी लगाया जाएगा।

रेलवे स्टेशन पर पीपल की जड़ को क्रेन से हटाते श्रमिक। अमृत विचार

सार-संक्षेप

साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते अपर जिलाधिकारी आशीष सिंह व साथ में जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह व अन्य। अमृत विचार

किसानों को जागरूक करने को निकाली साइकिल रैली

कन्नौज। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कृषकों को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। फसल बीमा का प्रीमियम काटने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। जनपद में चार फैसले धान मक्का बाजरा एवं तिल अधिसूचित फैसले हैं। साइकिल रैली को साइकिल रैली को अपर जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह व डीडी कृषि प्रमोद सिरोही आदि मौजूद रहे।

संचारी रोगों से बचाव के लिए किया जागरूक

जलालाबाद, कन्नौज। कृषि रक्षा इकाई पर संचारी रोगों के नियंत्रण को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। सोमवार को हुई गोष्ठी में किसानों को चूहे, छछूंदर, मच्छर से फैलने वाले रोग स्क्रब, ट्राइपस, मलेरिया आदि रोगों के बारे में जानकारी दी गई। रोगों के लक्षण से बचाव के सुझाव भी दिये गए। प्रभारी कृषि रक्षा इकाई अमित कुमार ने मच्छरों के जीवन चक्र को समझाते हुए इनके प्रजनन को रोकने का तरीका भी बताया। इस दौरान बीटीएम दिलीप कुमार, एडीओ एजी शैलेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

पुनर्मूल्यांकन के बाद केशव जिला टॉपर

केशव त्रिपाठी।

कन्नौज। सीबीएसई बोर्ड के रिजल्ट में मिले अंकों से असंतुष्ट जेपी स्कूल के छात्र केशव त्रिपाठी ने पुनर्मूल्यांकन के लिये आवेदन किया। इसमें उन्हें 97 .2 फीसदी अंक प्राप्त हुए जिससे वह जिले के टॉपर बन गये। विद्यालय की तरफ से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि मई में जारी हुए कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में केशव समेत तीन छात्रों को 97 फीसदी अंक प्राप्त हुए थे। इससे असंतुष्ट केशव ने दोबारा मूल्यांकन कराने की प्रक्रिया पूरी की। इसका परिणाम जारी हुआ तो उनके तीन नंबर बढ़ गए जिससे वे जनपद टॉपर बन गये। प्रधानाचार्य डॉ. संजय शुक्ला के अलावा प्रबंध निदेशक अवधेश कुमार मिश्रा ने बधाई दी।

टप्पेबाज महिला से ले गए सोने के आभूषण व रुपये

पीड़ित महिला।

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के मोहल्ला कस्सावान निवासी सुरेंद्र कुमार की पत्नी आशा देवी ने बताया कि सोमवार को नगर के डाकखाने से पैसे निकालने के लिए गई थी। डाकघर से बाहर निकलते ही टप्पेबाज ने रोक लिया और कंधे पर टंगा हैंडबैग लेकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित महिला जब तक कुछ समझ पाती तब तक टप्पेबाज वहां से लापता हो चुके थे। पीड़ित महिला ने बताया कि बैग में एक सोने की चेन, एक अंगूठी, 2300 रुपये नकद तथा एक फोन रखा था।

कवायद शत-प्रतिशत उपस्थिति पर दिया जोर, संचारी रोग नियंत्रण अभियान के निर्देश

डीएम समेत अफसरों ने देखी बुनियादी शिक्षा की हकीकत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। एक जुलाई को डीएम समेत कई अधिकारियों ने स्कूलों में जाकर प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था की हकीकत को देखा। स्कूलों में छात्रों की संख्या कम रही, जिस पर शिक्षकों को उपस्थिति बढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए तो शिक्षकों ने भी अपनी समस्याओं से अफसरों को रूबरू कराया।

सोमवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने प्राथमिक विद्यालय मकरंदनगर का निरीक्षण किया और समस्या पूछी तो प्रधानाध्यापक सोना मिश्रा ने बताया कि शहर के अधिकांश स्कूलों में एकल शिक्षक तैनात हैं तो कई स्कूल केवल शिक्षामित्रों के भरोसे ही चल रहे हैं। ऐसे में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह ने सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज तथा केके इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी जगह साफ-सफाई, बायोमीट्रिक उपस्थिति के साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति की स्थिति ठीक पाई।

कम्पोजिट स्कूल बाजार कलां में बच्चों से सवाल पूछते जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह।। अमृत विचार

तीनों स्थानों पर एक-दो शिक्षक अवकाश पर थे। सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्य रीना कनौजिया के अलावा 15 शिक्षिकाएं, सात शिक्षणेतर कर्मी उपस्थित जबकि एक शिक्षिका व लिपिक अवकाश पर मिले। छात्रा संख्या कम मिली। मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अबुल कलाम के अलावा 10 शिक्षक व पांच शिक्षणेत्तर कर्मी उपस्थित मिले। छात्र संख्या 639 के सापेक्ष 303 ही पाई गई। इसी तरह केके इंटर कॉलेज के निरीक्षण में प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा के अलावा 9 प्रवक्ता, 11 सहायक अध्यापक, चार लिपिक व सात शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। यहां भी छात्र संख्या कम थी।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्थानों पर शत प्रतिशत छात्र उपस्थिति के साथ संचारी रोग नियंत्रण अभियान, पौधरोपण आदि में योगदान के निर्देश दिये। उन्होंने कम्पोजिट विद्यालय बाजार कलां का भी निरीक्षण किया और बच्चों से सवाल पूछे। अधिकांश विद्यालयों में बच्चों को फल वितरित किए गए थे।

खुले शिक्षा के मंदिर, पहले दिन कम रही विद्यार्थियों की उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले विद्यालयों में पहले दिन 50 प्रतिशत छात्र भी स्कूल नहीं पहुंचे। कई शिक्षकों ने जब अभिभावकों से संपर्क किया तो पता चला कि अभी कई बच्चे ननिहाल में या कहीं घूमने गए हैं। जितने बच्चे पहुंचे, उन्हें पाठ्यक्रम संबंधित जानकारियां दी गईं। विद्यालयों में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

सोमवार को शिक्षा सत्र का पहला दिन था। रिमझिम फुहारों के बीच सुबह बच्चे स्कूल पहुंचे। हर कक्षा में औसत से कम बच्चे ही आए थे। प्राथमिक विद्यालय मकरंदनगर में प्रधानाध्यापक सोना मिश्रा ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। छिबरामऊ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय चंदरपुर में कम बच्चे आए, लेकिन सभी के लिए मिडडे मील बनवाया गया और सहायक अध्यापक आदर्श दुबे ने बच्चों को अभ्यास कराया। जलालाबाद ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम में बच्चों की उपस्थिति अच्छी रही। प्रधानाध्यापक रेनू कमल सहित सभी शिक्षकों ने बच्चों का होमवर्क व असाइनमेंट चेक किया। सदर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय आसकरनपुरवा में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ पाठ्य सहगामी क्रियाओं के बारे में बताया गया। प्रधानाध्यापक सरिता गौतम ने रेडीनेस गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की सृजनशीलता को विकसित किया। सदर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जसौली में प्रधानाध्यापक श्रद्धा चौहान ने बच्चों को अभ्यास कराया।

प्राथमिक विद्यालय मकरंदनगर में बच्चों को तिलक लगातीं प्रधानाध्यापक सोना मिश्रा।

सपा कार्यकर्ताओं ने रोपे पौधे, काटे केक और बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। सपाइयों ने सपा मुखिया व कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव का 51वां जन्म दिन धूमधाम से मनाया। केक काटने के साथ लड्डू बांटे और छायादार वृक्षों के पौधे रोपे।

सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश के जन्मदिन पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुआई में कार्यकर्ताओं ने नसरापुर के पास दो दर्जन पौधे लगाये। महिला कार्यकर्ताओं ने केक काटा। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि आज के दिन हम ऐसे नेता का जन्मदिन मना रहे जिन्हें मानव जाति के साथ साथ पर्यावरण से विशेष प्रेम है। आज भी अखिलेश ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करने का आह्वान किया है। इस मौके पर मान सिंह यादव, अमित मिश्रा, मनोज कठेरिया, सभास धर्मवीर पाल, रमेश यादव, सुरजीत यादव, सुरेन्द्र, टिल्लू दुबे, हरीपाल राजपूत, दीपू यादव, मकरंद यादव, मुनि कुशवाहा, गोल्डी यादव, सोनम यादव, सरोजनी कुशवाहा, रत्ना गुप्ता, शिशुवाला, किताब श्री, सरस्वती, गायत्री, निर्मला, रेशमा यादव, श्रीदेवी राजपूत, बबलू सक्सेना समेत कई लोग मौजूद रहे।

इसी तरह सपा कार्यालय में सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां की अगुवाई में सपा मुखिया का जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, प्रदेश सचिव आकाश शाक्य, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह यादव, दिगम्बर सिंह यादव, सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल आदि ने सम्बोधित किया। इसके बाद वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को वस्त्र एवं फल वितरित किये एवं पौधे लगाए। इस अवसर पर रामशंकर लोधी, विजय द्विवेदी, योगेश शर्मा, राजेंद्र सिंह यादव, संतोष यादव, सरोजनी कुशवाहा, यश दोहरे अंशुल, शरद यादव, अमित यादव, अनुभव सैनी, रितेश कटियार, आसिफ सभासद, मुस्ते हसन सभासद, अज़हर बाबा सभासद समेत कई सपाई मौजूद रहे।

अखिलेश के जन्म दिन पर नसरापुर के निकट पौधा लगाते सपा नेता नवाब सिंह यादव।

- पार्टी सुप्रीमो के जन्मदिन पर लोगों ने दीं शुभकामनाएं
- पदाधिकारियों ने की जिले के सांसद की दीर्घायु की कामना

केक काट सपा अध्यक्ष की दीर्घायु की कामना

छिबरामऊ, कन्नौज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद अखिलेश यादव तथा छिबरामऊ विधानसभा के पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव का 52 वें जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया एवं मिशन 2027 को पूरा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रिपू यादव, युवा सपा नेता आदिल परवेज, विधानसभा अध्यक्ष उमेशपाल, लालू ठेकेदार, कमलेश प्रधान, हृदय नारायण दुबे, अर्पित शुक्ला, देवेंद्र सिंह, मोनू चौहान, अमन खान, तस्लीम, मस्कुलर हसन, मोहित यादव आदि लोग मौजूद रहे।

गुरसहायगंज में भी अखिलेश के जन्मदिन पर जश्न

गुरसहायगंज, कन्नौज। सोमवार को ब्लाक तालग्राम के ग्राम मधई नगला में सपा शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पीडीए के जननायक अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया और उनके दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना की। इस दौरान रामसेवक राजपूत, प्रधान मेघनाथ, आदिल परवेज, अर्पित शुक्ला, जितेन्द्र कुमार, सोनू यादव, मनमोहन, संजय कुमार आदि रहे। तिर्वा रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर सपा नेता राज सिंह उर्फ छोटे ठाकुर व नगर अध्यक्ष मुकीम खान के नेतृत्व में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष राम सेवक बाथम, विजय गुप्ता, दारा कुशवाहा, रंधीर ठाकुर, सलीम खान, निजाम खान, अज़ीम सिद्दीकी, शेरे रजा, संदीप मिश्रा, मनी गुप्ता, नाहर यादव, चंद्र प्रकाश कुशवाहा, लईक अहमद, अमन खान, शादाब खान आदि मौजूद रहे।

छिबरामऊ में जन्मदिन मनाते सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

केक काटते सपा शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित यादव। अमृत विचार

तीन केक एक साथ काट कर मनाया जन्मदिन

कन्नौज। जिले में सपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का जन्मदिन तिर्वा के राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक अलग अंदाज में मनाया। इसमें तीन समुदायों पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक के हाथों PDA के रूप में तीन केक एक साथ काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज देश में महंगाई और बेरोजगारी के साथ-साथ थाना स्तर पर अन्याय चरम पर है। ऐसे में वर्तमान सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी और जल्द ही गिरेगी। इस मौके पर फ़िल्म अभिनेता सतेन्द्र सिंह यादव, दिलशाद हुसैन, कमलेश कुमार द्विवेदी, ज्योतिरादित्य सिंह, राहुल शर्मा, ऋषि कुमार बाथम, शिवम यादव, शकील खान, शोभित यादव शिवम राजपूत, पंकज सिंह रहे।

उपासना रानी गईं प्रयागराज, संदीप कुमार बने बेसिक शिक्षा अधिकारी

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा को संभल का बनाया गया बीएसए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शासन ने बड़े पैमाने पर सभी विभागों में तबादले किए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा को राजकीय डिग्री कॉलेज प्रयागराज की प्रधानाचार्य पद पर भेजा गया है तो राजकीय इंटर कॉलेज हापुड़ के प्रधानाचार्य संदीप कुमार को कन्नौज का नया बीएसए बनाया गया है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा को संभल जनपद का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। अलका फरवरी 2022 से डायट में वरिष्ठ प्रवक्ता के पद पर तैनात थीं। वह मूलरूप से जनपद अयोध्या की रहने वालीं हैं। सोमवार को उन्होंने डायट में पदभार छोड़ दिया और मंगलवार को संभल बीएसए के पद पर ज्वाइन करेंगीं। डायट प्राचार्य हरी सिंह शाक्य, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. सुनील चतुर्वेदी समेत सभी कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी। इसी प्रकार उन्नाव जनपद की खंड शिक्षा अधिकारी मधूलिका बाजपेयी को भी कन्नौज भेजा गया है। गौरतलब है कि उपासना रानी वर्मा जिले में केवल सात माह तक ही बीएसए रह पाईं। उन्होंने 29 नवंबर 2023 को ज्वाइन किया था। इससे पहले भी वह प्रयागराज में जीजीआईसी में प्रधानाचार्य पद पर तैनात थीं। हापुड़ में जीआईसी के प्रधानाचार्य संदीप कुमार को पहली बार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया है।

- उन्नाव से खंड शिक्षा अधिकारी मधूलिका बाजपेयी भी आईं कन्नौज

अलका शर्मा को विदाई देते डायट प्राचार्य हरी सिंह शाक्य व अन्य प्रवक्ता।

डीसी मनरेगा दयाराम यादव पहुंचे प्रतापगढ़

विकास विभाग में भी फेरबदल किया गया है। पिछले कई वर्ष से तैनात उपायुक्त श्रम एवं रोजगार (डीसी मनरेगा) दयाराम यादव का भी स्थानांतरण प्रतापगढ़ जनपद के लिए कर दिया गया है। इसी प्रकार क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनोज गहराना को जनपद फिरोजाबाद भेजा गया है। उनके स्थान पर जनपद हमीरपुर से बहादुर सिंह को भेजा गया है। ट्रेजरी में सहायक कोषागार लेखाकार रजनीश कुमार गौतम का तबादला सीतापुर जनपद के लिए किया गया है। बाल विकास पुष्टाहार विभाग में कन्नौज की सीडीपीओ पुष्पा अग्निहोत्री को कानपुर तो छिबरामऊ के सीडीपीओ सतीश चंद्र का तबादला रायबरेली कर दिया गया है।

एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने डॉक्टरों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कहा, भगवान का स्वरूप हैं चिकित्सक उन्हें धन्यवाद दें

अमृत विचार। चिकित्सक दिवस पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विनोद दीक्षित अस्पताल के चिकित्सकों व सीएमओ कार्यालय के अधिकारियों को सम्मानित किया। साथ ही भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75 वर्षों की यात्रा पर आधारित एक पुस्तक व आयुर्वेदिक पौधे भेंट किये।

शनिवार को एबीवीपी के पूर्व जिला संयोजक दीपक वर्मा, सक्ष्म गुप्ता, उत्कर्ष तिवारी व ओमी अस्पताल पहुंचे। यहां सीएमओ कार्यालय के अपर शोध अधिकारी यतींद्र कुमार मंजुल, एसीएमओ डा. जितेंद्र नांग, एसीएमओ डा. महेंद्र भान सिंह समेत अन्य डॉक्टरों को सम्मानित किया। औषधीय पौधे सौंपकर रोपने व देखरेख करने को कहा। दीपक ने कहा कि ये दिन डाक्टरों को धन्यवाद देने का होता है। सभी को चिकित्सकों का सदैव सम्मान करना चहिये।

सीएमओ कार्यालय में आयुर्वेदिक पौध सौपते एबीवीपी कार्यकर्ता। अमृत विचार

सार-संक्षेप

क्लीनिक पर खराब दांत निकलाते डॉ. वरुण कटियार। अमृत विचार

नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर सात जुलाई तक

कन्नौज। जीटी रोड सरायमीरा में क्लीनिक संचालक डॉ. वरुण कटियार डॉक्टर्स डे पर नि:शुल्क दंत चिकित्सा देने का वचन निभा रहे हैं। हर साल की तरह इस बार भी वह सात दिन तक शिविर का आयोजन कर रहे हैं। 2012 से लगातार डॉक्टर्स डे पर उनके डेंटल हॉस्पिटल में नि:शुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दंत परीक्षण के साथ-साथ खराब दांत भी नि:शुल्क दांत निकाले जाते है। इसी क्रम में सोमवार को उन्होंने दंत चिकित्सा शिविर में 49 मरीजों के दांतों की जांच एवं एक मरीज का नि:शुल्क दांत निकाला। डॉ. कटियार ने दंत रोग जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं।

मजदूर को मारपीट कर किया घायल, दी धमकी

गुरसहायगंज। खेत में लघुशंका करने को लेकर लोगों ने मजदूर से जातिसूचक गाली गलौज की और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम तेरारागी मायानगर निवासी रामनरायन ने कोर्ट के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 27 मई की सुबह लगभग 10 बजे वह ग्राम जसौरा निवासी अवधेश कुमार के मकान में प्लास्टर कर रहा था। तभी वह लघुशंका करने के लिए पास के खेत में चला गया। इसी बात को लेकर जाति सूचक गाली गलौज की। मना करने पर प्रभात यादव, रोली, रामादेवी ने उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। जब परशुराम, सुमित व अवधेश कुमार ने बचाने का प्रयास किया तो उनसे भी अभद्रता की। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

हादसे में इटावा की असिस्टेंट कमिश्नर घायल

सौरिख। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कार आगे जा रहे वाहन से टकरा गई, जिसमें इटावा की आयकर विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर व उनका चालक घायल हो गया। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सोमवार शाम को इटावा में आयकर विभाग में तैनात सहायक कमिश्नर सुषमा उपाध्याय चालक नुमाइश रोड चौराहा इटावा निवासी रिजवान कुरैशी पुत्र नईम कुरैशी के साथ लखनऊ गईं थीं। मंगलवार को लौटते समय आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सकरावा थाना क्षेत्र में चालक को झपकी आने पर कार आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में सहायक कमिश्नर और चालक मामूली रूप से घायल हो गए।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के मोहल्ला जेरकिला निवासी असगर (20) पुत्र अतीक, सलमान(22) पुत्र गुड्डू तथा मोहल्ला सैय्यद बाडा निवासी रोशन(16) पुत्र सलामन ग्राम कपूरपुर निवासी रिश्तेदार के घर दावत में गए थे। वहां से लौटते समय तालग्राम रोड स्थित बहवलपुर के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस से तीनों को अस्पताल पहुंचाया। बाद में उनको रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान असगर की मौत हो गई।

औद्योगिक गलियारा : ठठिया की जमीन का सत्यापन

तिर्वा, कन्नौज। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के निकट ठठिया थाना क्षेत्र में औद्योगिक गलियारा के निर्माण के लिए तहसील प्रशासन अलीपुर आहाना ग्राम सभा के करीब 3376 किसानों की 144 हेक्टेयर भूमि यूपीडा को सौंप चुका है। तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि ठठिया ग्रामसभा की करीब 110 हेक्टेयर भूमि का सत्यापन कराया जा रहा है। इसके बाद यूपीडा को रिपोर्ट दी जाएगी।

फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- मायके पक्ष ने ससुरालियों पर लगाया मारपीट कर हत्या करने का आरोप

अमृत विचार। संदिग्ध हालात में महिला शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर मायके से पहुंचे परिजनों ने मारपीट कर उसे फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया।

कोतवाली के हरिहरपुर गांव निवासी अनीता (35) पत्नी फूल सिंह के चार बच्चे हैं। सोमवार की सुबह उसका शव फंदे पर लटकते देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी पर पहुंचे कानपुर के रसूलाबाद थाना के मेंगझारू निवासी मृतका के पिता मान सिंह समेत अन्य परिजनों ने बताया कि उसकी शादी करीब 16 साल पहले की थी। ससुरालीजन उत्पीड़न करते रहते थे। रविवार की रात में उसके व ससुरालियों के बीच विवाद हुआ था। ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट कर हत्या कर दी और शव को फंदे पर लटका दिया।

कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतका के परिजनों ने तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग पर पीएम भेजा गया। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, निकाली रैली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिलाधिकारी ने फीता काटकर की शुरुआत, 31 जुलाई तक जिले भर में अभियान
- कहा, लोगों के सहयोग एवं जनसहभागिता से ही कार्यक्रम सफल बनाया जा सकता है

अमृत विचार। एक से 31 जुलाई विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक एवं डायरिया रोको अभियान के सफल संचालन का डीएम ने विनोद दीक्षित महिला चिकित्सालय में फीता काट कर शुभारंभ किया। आशा एवं एनसीसी कैडेट की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि बारिश के मौसम में बीमारियां होने की आशंका ज्यादा रहती है। सावधानी बरत ली जाए तो कोई भी बीमारी बड़ा रूप नहीं ले पाती है। जनपद वासियों से अपील की कि संचारी रोगों से बचने के लिए हाथों को सही तरीके से धोएं और घरों के आसपास/अनुपयोगी वस्तुओं में पानी और कूड़ा करकट जमा न होने दें। मच्छरों से बचाव के लिए नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करें। पानी को ढक कर रखें। नालियों व रास्तों को साफ रखें ताकि मच्छर पैदा न हो सके। बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करायें।

कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक व्यक्ति निरोगी होना चाहिए। सभी के प्रयास के साथ-साथ आप लोगों के सहयोग एवं जनसहभागिता से ही कार्यक्रम सफल बनाया जा सकता है।

सीएमओ डा. विनोद कुमार, डा. बृजेश शुक्ला, डॉ. रवि प्रताप सिंह चंदेल, अपर शोध अधिकारी वाईके मंजुल, डा. सुधांशु दुबे समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का उद्घाटन करते डीएम।

बदलाव | पुलिस लाइन में नये कानून पर चला जनजागरूकता अभियान, किसी भी थाने में दर्ज कराई जा सकती है जीरो एफआईआर

थाना-कोतवाली में तीन दिन में हर हाल में दर्ज होगी एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बलात्कार के मामलों में सात दिन के भीतर देनी होगी मेडिकल रिपोर्ट
- पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय किया जायेगा

अमृत विचार। रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित मनोरंजन हॉल में सोमवार को सम्पूर्ण भारत में प्रभावी भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के सफल क्रियान्वयन के सम्बंध में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बताया गया कि ऑनलाइन माध्यम से अब तीन दिन में एफआईआर हर हाल में दर्ज होगी।

एक जुलाई 2024 से तीन नए कानूनों के प्रभावी होने के संबंध में रिजर्व पुलिस लाइंस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मंत्री असीम अरुण, डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल व एसपी अमित कुमार आनंद ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। एसपी ने नये कानून के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अंग्रेजो द्वारा बनाये गए और अंग्रेजी संसद द्वारा पारित किये गए इंडियन पीनल कोड, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड और इंडियन एविडेंस एक्ट को समाप्त कर लाये गए है। इन तीन कानून का उद्देश्य दंड नहीं, बल्कि न्याय देना है। भारतीय न्याय संहिता जो आईपीसी की जगह लेगा में 511 के स्थान पर 358 धाराएं होगी, 175 धाराओं में बदलाव किया गया है। 10 नयी धाराएं जोड़ी और 19 निरस्त की गईं हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, जो सीआरपीसी की जगह लेगा में 531 धाराएं रहेंगी। 160 धाराओं को बदलने के साथ 09 नयी धाराएं जोड़ी गई हैं। 15 धाराओं को निरस्त किया गया है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम एविडेंस एक्ट की जगह लेगा, में 167 के स्थान पर अब 170 धारायें होंगी, 23 में बदलाव किया गया है, दो नयी धाराएं जोड़ी गयी है और 11 धाराएं निरस्त की गयी हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से शिकायत देने पर 3 दिन के भीतर शिकायत दर्ज होनी है, (Sec 173 BNSS), बलात्कार के मामलो में मेडिकल जांच रिपोर्ट 7 दिन के भीतर देनी होगी। (Sec 184 BNSS), पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय करना है। (Sec 251 BNSS), आपराधिक मामलो में मुक़दमे की समाप्ति के 45 दिनों के भीतर निर्णय देना होगा। (Sec 258 BNSS), आपराधिक कार्यवाही में दो से अधिक स्थगन देने की अनुमति नहीं है। अब छोटे मोटे व कम गंभीर मामलो में समरी ट्रायल अनिवार्य है। तीन वर्ष तक की सजा में मजिस्ट्रेट समरी ट्रायल कर सकता है। (Sec 283 BNSS), आपराधिक कार्रवाई शुरू करने, गिरफ़्तारी, जांच, आरोप पत्र, मजिस्ट्रेट के समक्ष कार्यवाही, कॉग्नीज़न्स, चार्जेज, प्ली बार्गेनिंग, सहायक लोक अभियोजक की नियुक्ति, ट्रायल, जमानत, जजमेंट और सजा, दया याचिका के लिए एक समय सीमा निर्धारित की गयी है। महिला एवं बच्चे के खिलाफ अपराध से संबंधित 37 धाराएं है। 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियों के सामूहिक दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास या मृत्यु दंड का प्रावधान है। (Sec 69 BNS) चिकित्सकों को बलात्कार कि पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट सात दिनों के भीतर जांच अधिकारी को भेजनी अनिवार्य है। अब FIR कही भी दर्ज की जा सकेगी। वादी को एक थाने से दूसरे थाने के लिए भटकने की ज़रूरत नहीं है। Zero FIR दर्ज होने के बाद जिस भी क्षेत्र का केस होगा वहां FIR ट्रांसफर कर दी जाएगी। पीड़ित को FIR की एक प्रति प्राप्त करने का अधिकार है।

विक्टिम को 90 दिनों के भीतर जांच में प्रगति के बारें में सूचित करना पड़ेगा। तीनो नए कानूनों को सफलता पूर्वक क्रियान्वयन के लिए जनपद के सभी निरीक्षक, उप निरीक्षक व मुख्य आरक्षी व आरक्षी की ट्रेनिंग संपन्न कराई जा चुकी है। इस मौके पर जनपद के ए.डी.एम. समस्त क्षेत्राधिकारी, एस.डी.एम.,पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद मंत्री व डीएम, एसपी व अन्य। अमृत विचार

बैठक में मौजूद स्थानीय लोग व कोतवाली पुलिस। अमृत विचार

नया कानून बनेगा जल्द न्याय का वाहक

गुरसहायगंज। 1 जुलाई से नया कानून लागू होने को लेकर स्थानीय कोतवाली परिसर में सोमवार को बैठक हुई। इसमें कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने बताया कि नये कानून से न सिर्फ पीड़ितों को जल्द न्याय बल्कि अपराधियों को कठोर सजा भी दिलवाई जा सकेगी। कोतवाल बताया कि कई पुरानी धाराओं को नये रूप में परिवर्तित कर दिया गया है। धीरे-धीरे नागरिक भी इनकी जानकारी कर लेंगे। इस दौरान कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, दौरान उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह, राजेश प्रताप सिंह, नीलम सिंह, ओमपाल सिंह चौहान, आशीष कुमार, नीरज शर्मा, विनय शर्मा, चंद्रभान सिंह, सुधीर चौहान, गजेंद्र सिंह, दीपांशु गंगवार, डेविड सहित संतोष चतुर्वेदी, नीरज मिश्रा, शिवा गुप्ता, डॉ. चन्द्रकांत यादव, विजय दुबे, राजेश गुप्ता, सुगम दुबे मौजूद रहे।

नये कानूनों को पुलिस ने सॉफ्टवेयर पर किया लोड

कन्नौज। एक जुलाई से तीन नये कानूनों के लागू होने का कार्य पुलिस विभाग ने अपने कंप्यूटर पर ऑनलाइन किया। कंप्यूटर में पूरे दिन नए कानूनों को सॉफ्टवेयर को लोड किये जाने का काम किया गया। इससे थाने के कंप्यूटर ऑपरेटर व पुलिस कार्यालय में सॉफ्टवेयर व्यस्त रहे। इसके चलते शांतभंग में चालान किये जाने बाले आरोपियों को न्यायालय भेजने में पुलिस को खासी देर लगी। जानकारी करने पर बताया गया कि नये कानून के चलते पहला दिन होने से पुलिस को दिक्कत हुई।

नेशनल हाईवे पर कंटेनर की टक्कर से मां-बच्चे की मौत

बाइक से गंगा पूजन करने पांचाल घाट गया था, शाहजहांपुर लौटते वक्त हादसा

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना राजेपुर क्षेत्र में इटावा बरेली नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार किसान की पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई और 11 माह का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर घायल बच्चे को लेकर जिला अस्पताल लाए। वहां बच्चे को भी चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज के ग्राम सपाह धरमपुर पिडरियां निवासी ओमवीर सोमवंशी सोमवार को पत्नी प्रतिमा सोमवंशी (30) व 11 माह के पुत्र केशव के साथ पांचाल घाट आए थे। गंगा पूजन के बाद वह बाइक से वापस जा रहे थे। तभी थाना राजेपुर क्षेत्र के इटावा बरेली नेशनल हाईवे पर ग्राम जैनापुर के पास पीछे से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी। ओमवीर तो तो टुहिल हुए, लेकिन पत्नी प्रतिमा की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर थाना राजेपुर पुलिस भी आ गई। मौके से गुजर रहे थाना जलालाबाद क्षेत्र निवासी विमल और रवी घायल बच्चे केशव की सांसें चलते देख पिता ओमवीर के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। ईएमओ डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने चेकअप के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। कुछ ही देर में प्रतिमा का शव भी जिला अस्पताल लोहिया आ गया। जिला अस्पताल से पुलिस को सूचना भेजी गई। मामले की जानकारी मिलने पर थाना कादरी गेट से उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिसोदिया भी आए। जिला अस्पताल लोहिया में पति ओमवीर की मां बिटाना, भाई ओमकार आदि परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल गया। थानाध्यक्ष राजेपुर रणविजय सिंह ने बताया कि कंटेनर को पकड़ लिया गया है।

लोहिया अस्पताल में बिलखते परिजन। अमृत विचार

मां प्रतिमा की गोद में 11 माह का केशव।

बाइक की टक्कर से एक घायल

फर्रुखाबाद। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में बाजार कर साइकिल से घर आ रहे अधेड़ को बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां से गंभीर रूप से घायल अधेड़ को जिला अस्पताल लोहिया भेज दिया गया।

कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम ताजपुर निवासी श्याम सिंह गौर दिल्ली में निजी कंपनी में नौकरी करता है।वह कुछ दिनों से गांव में ही था।सोमवार शाम को अजल्लपुर में बाजार कर साइकिल से घर आ रहा था।बड़े बाग के पास बाइक से भिडंत हो गई। श्याम सिंह और बाइक सवार दोनों घायल हो गए।सीएचसी मोहम्दाबाद में स्थानीय लोगों ने भर्ती कराया।श्याम सिंह की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल लोहिया भेज दिया। हाल बिगड़ने पर ऑक्सीजन सपोर्ट देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया किया। ईएमओ ने बताया की घायल के सिर में काफी अधिक चोट है आईसीयू की सुविधा नहीं होने के चलते हायर सेंटर भेजा गया है।

निर्माण रोकते भाकियू नेता। अमृत विचार

गड़बड़ी पर हाईवे का फुटपाथ निर्माण रोका, जांच होगी

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। नेशनल हाइवे के फुटपाथ पर गुणवत्ताविहीन ईंट बिछाई जाने पर भाकियू नेता ने काम रुकवा दिया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कानपुर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कहा कि जब तक जांच नहीं हो जाती है, तब तक काम नहीं होगा। अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने इसकी जांच कराने की बात कही है।

भाकियू नेता ने कहा कि जब तक जांच नहीं हो जाती है, तब तक इस ईंट को किसी भी सूरत में नहीं बिछाने दिया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत प्रभाकांत मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहाकि हम गुणवत्ताविहीन ईंटें नहीं बिछाने देंगे। अगर कल काम होगा तो हाईवे को जाम किया जाएगा। इस अवसर पर जिला विधिक सलाहकार, जिला प्रवक्ता अजय कटियार, अभय यादव, अभिषेक कटियार मौजूद रहे। वही दूसरी तरफ पूर्व सांसद चंद्र भूषण सिंह ने भी गुणवक्ता पूर्ण हो रहे निर्माण पर आपत्ति जताई है। श्री सिंह का कहना कि घटिया ईंट का प्रयोग किया जा रहा है।

नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों पर पहले दिन पुष्पवर्षा

कायमगंज। नवाबगंज नगर के परिषदीय विद्यालय व प्राथमिक विद्यालयों में सोमवार को बच्चों का पुष्पवर्षा और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों को मिड डे मील में खीर और हलवा व फल में केले दिये गये। सुबह विद्यालय खुलने पर प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों ने बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया। नगर के प्राथमिक विद्यालय पर प्रधानाध्यापक संजीव रंजन ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के आने पर उनको तिलक लगाकर स्वागत किया नया ।गनीपुर ,बरतल ,सलेमपुर, नगला हीरासिंह ,गनीपुर ,बबुरारा, सोना जानकीपुर अन्य विद्यालयों में भी बच्चों का स्वागत और सत्कार हुआ। बच्चों ने प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया। इसके बाद उनका स्वागत हुआ। बच्चों को फल वितरण भी किया गया। इसी तरह से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में भी बच्चों का स्कूल पहुंचने पर स्वागत हुआ। कई नगरीय व ग्रामीण विद्यालयों में अधिकारियों की मौजूदगी में स्वागत उत्सव मनाया गया।

एक नजर

ढाबा की भट्ठी तोड़ी

कायमगंज। शमशाबाद क्षेत्र के गांव किसरौली निवासी प्रदीप कुमार कायमगंज बाईपास रोड पर एक बाइक एजेंसी के पास फुटपाथ पर पोलीथीन तानकर फुटपाथी दुकान से रोटी सब्जी अन्य की अपेक्षा कम मुनाफे में ही ग्राहकों को बेचता है ।किसी शरारती तत्व ने 15 दिन के अंतराल में उसकी तंदूर भट्ठी को दो बार तोड़ फोड़ कर नष्ट कर दिया ।परेशान प्रदीप ने पुलिस से शिकायत करते हुए कहा कि उसकी भट्ठी तोड़ दिए जाने से उसके परिवार के सामने भरण पोषण की समस्या है ।

बंदरों के हमले से महिला छत से गिरी, घायल

अमृतपुर-फर्रुखाबाद। अमृतपुर तहसील के ग्राम भरेपुर निवासी अनीता अपनी छत पर हुडदंग कर रहे बंदरों को भगाने गई ।तो बंदरों के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया।जिससे वह घबड़ाकर भागी।छत के नीचे गिर कर घायल हो गई।गंभीर रूप से घायल अनीता को परिजनों ने अस्पताल मे भर्ती कराया।

दिल्ली से आए किसान के बेटे ने आत्महत्या की

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

- फंदा डालकर मोबाइल पर स्टेटस लगाया

अमृत विचार। थाना अमृतपुर क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के ग्राम अमैयापुर पश्चिम निवासी रमाकांत (22) पुत्र सुखपाल दिल्ली में रहकर काम करता था। सोमवार को वह अपने घर आया परिजनों से मिला बातचीत की और खेत में काम कर रहे पिता के पास जाकर काम मे उनका हाथ बटाया।

रमाकांत।

दोपहर को वह गांव से थोड़ी दूर जाकर खेत में खड़े पेड़ पर रस्सी डालकर झूल गया। गले में फंदा डालने से पहले उसने मोबाइल पर फंदा डालकर अपना स्टेटस लगाया और उसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का कहना है कि आत्महत्या के कारण की उन्हें जानकारी नहीं है। मृतक की शादी 18 अप्रैल 2024 को रामकांति के साथ हुई थी। इस समय पत्नी अपने मायके में थी। मृत्यु की जानकारी होने पर परिजनों ने थाना पुलिस को सूचना दी। जानकारी होने पर परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे।

थाना पुलिस ने मृतक के पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

प्लेटलेट पांच दिन ही सुरक्षित, जरूरत पर बनाई जाएगी

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- यूनिट का उद्घाटन आज सीएमओ का संक्रमण फैलने से बचाने पर जोर
- प्लाज्मा को माइनस 40 डिग्री पर रखकर एक साल तक रखा जा सकता

अमृत विचार। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त अवयव पृथक्करण इकाई में शनिवार से ही प्लाज्मा और प्लेटलेट्स को अलग कर सफल परीक्षण किया गया। मंगलवार को इसका उद्घाटन होना तय हुआ है। उसी क्रम में सोमवार को सीएमओ डॉ अवनींद्र कुमार ने जिला अस्पताल लोहिया पहुंच व्यवस्था देखी। बताया गया कि प्लेटलेट की लाइफ पांच दिन की होती है। इसलिए डिमांड आने पर प्लेटलेट बनाई जाया करेंगी। डेंगू का सीजन आ जाने पर प्लेटलेट बनाई जाएगी। सोमवार को ब्लड बैंक में 98 यूनिट रक्त होना बताया गया।

निरीक्षण करने आए सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार जब इमरजेंसी गेट से अंदर आ रहे थे तो सामने लगे हेल्थ एटीएम पर उनकी नजर पड़ी। उसे दौरान हेल्थ एटीएम पर कोई भी एलटी तैनात नहीं था।

जीएनएम के प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं झुंड बनाकर उसमें बैठे थे।यह देख सीएमओ का पारा चढ़ गया।उन्होंने सभी को फटकार लगा दी।इसके साथ एलटी को बुलाकर तत्काल हेल्थ एटीएम में तैनात कराने को सीएमएस को निर्देशित किया। सीएमओ ने रक्त अवयव पृथक्करण इकाई में पहुंच मशीनों के कार्य के बारे में स्टाफ से जानकारी ली। बताया गया कि ट्रेनिग के बाद अब स्टाफ पूरी तरफ से होल ब्लड से प्लाजमा और प्लेटलेट्स अलग कर पाने में सक्षम है। रेफ्रिजरेटर सेंटर फ्यूज कंपोनेंट सेपरेशन मशीन से रक्त में से पैक्ड रेड सेल्स निकाल जाता है और उसमें से पीआरपी (प्लाज्मा रिच प्लेटलेट) बाहर आता है।

एलटी गिरीश कुमार ने सीएमओ को बताया की प्लाज्मा को माइनस 40 डिग्री पर रखकर एक साल के प्रिजर्व किया जा सकता है। वही आरबीसी माइनस 80 डिग्री पर रखकर पांच साल के प्रिजर्व किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया की प्लाज्मा ज्यादातर कंपनी को सप्लाई होता है।

सीएमओ ने सीएमएस को निर्देशित किया कि रक्त अवयव पृथक्करण इकाई शुरू होने पर साफ सफाई का बेहतर ध्यान रखा जाए। कोई भी व्यक्ति अगर अंदर आता है तो जूता पहन कर न आए। यहां पर किसी भी कीमत पर संक्रमण न आए, यह सुनिश्चित किया जाए।

सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार से शिकायत दर्ज कराती कुक दिव्या। अमृत विचार

एनआरसी वार्ड की कुक ने की रात्रि ड्यूटी लगाने की शिकायत

एनआरसी वार्ड में तैनात कुक दिव्या ने सीएमओ डॉक्टर अवनींद्र कुमार से शिकायत की ।उसने कहा की एनआरसी वार्ड प्रभारी डॉ विवेक सक्सेना ने मनमर्जी चलाते हुए उसकी रात्रि ड्यूटी लगा दी। कई बार फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा रहे है।प्रभारी जान बूझकर उसे परेशान कर रहे है।इस पर सीएमओ ने सीएमएस को मामला संज्ञान में लेकर निस्तारित करने का आदेश दिया।

बिजली चेकिंग टीम के साथ मारपीट व पथराव की रिपोर्ट

संवाददाता फर्रुखाबाद

- 18 नामजद समेत 198 लोगों के खिलाफ केस

अमृत विचार। बिजली चेकिंग टीम से मारपीट, पथराव व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में पुलिस ने 10 दिन बाद सोमवार को 18 नामजद समेत 198 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। बिजली विभाग के अवर अभियंता कैलाश चंद्र पाठक ने फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव याकूतगंज के मजरा हाजी नगला निवासी युसुफ, तारिक, जीशान, मुश्तकीर, मुश्तदीर,अकरम, राशिद, मोहर्रम, सलमान, शहजादे का बेटा सलमान, गुड्डू, दरक्षा, युसुफ, उमैर, तारिक, खुन्नसीव, यासीर और 180 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें बताया कि 21 जून 2024 को सहायक अभियंता रामकुमार वर्मा, लाइनमैन अमित कुमार, संविदा लाइनमैन शैलेंद्र कुमार, अवनीश, प्रवर्तन दल प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, अवर अभियंता वेद प्रकाश भारती, दरोगा जयवीर सिंह सहित अन्य लोगों के साथ बिजली चेंकिग के लिए हाजी नगला में गए थे।

वहां लाइनमैन पोल पर चढ़कर केबल काट रहे थे। उसी दौरान इन सभी लोगों ने लाइनमैन को पोल से उतारकर मारना पीटना शुरू कर दिया। टीम पर पथराव कर दिया। इससे मौके पर भगदड़ मच गई। पथराव से वाहनों के शीशे टूट गए। सूचना पर यूपी 112 व कोतवाली के दरोगा मिथलेश कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उस दौरान भी सभी लोग गाली-गलौज कर धमकी देते रहे। पुलिस की मौजूदगी में किसी तरह पूरी टीम वहां से बच कर निकली।

लापता किशोर को 6 घंटे में पुलिस ने परिजनों को सौंपा

फर्रुखाबाद । थाना राजेपुर क्षेत्र निवासी किशोर गांव की साप्ताहिक बाजार में आया था। इस दौरान वह गुम हो गया।परिजनों ने मामले की शिकायत थाना पुलिस से की। पुलिस ने 6 घंटे के अंदर किशोर को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम मोहद्दीपुर निवासी जगदीश का 13 साल का पुत्र दीपक सोमवार को साप्ताहिक बाजार में गया था। अचानक वह साप्ताहिक बाजार से गायब हो गया। इसके बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। थाना अध्यक्ष राजपुर रणविजय सिंह ने टीम को लगाकर उसकी खोज बीन शुरू की। 6 घंटे के अंदर उप निरीक्षक राजीव कुमार ने टीम के साथ खोजबीन कर किशोर कस्बा से बरामद कर लिया। थाना अध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया कि किशोर को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

आठ सौ से अधिक मरीज पहुंचे ओपीडी

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- टीबी व चेस्ट फिजीशियन के कक्ष में उमस से हाल बेहाल

अमृत विचार। जिला अस्पताल लोहिया में सोमवार को ओपीडी में मरीजों की भरमार रही। सुबह से ही बड़ी संख्या मरीज ओपीडी के पर्चा काउंटर पर पहुंचने लगे। दोपहर तक लाइन नहीं टूटी। बड़ी मुश्किल के बाद जब मरीज पर्चा बनवाकर चिकित्सक के कक्ष के बाहर पहुंचे तो वहां पर भी उन्हें धक्का मुक्की और तीखी झड़प का सामना करना पड़ा। वही टीबी एंड चेस्ट फिजिशियन के कक्ष में एयर वेंटीलेशन की जगह नहीं होने से चिकित्सक समेत मरीज परेशान रहे।

आवास विकास स्थित जिला अस्पताल लोहिया में सोमवार 840 मरीजों ने पर्चे बनवाए। पर्चा काउंटर पर भी मरीजों में जमकर नोक झोंक होती रही। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ऋषिकांत दिव्यांग बोर्ड गए हुए थे। जिसके चलते दूसरे हड्डी रोग विशेषज्ञ नीरज वर्मा के पास मरीजों की भारी भीड़ पहुंच गई। इसके बाद निजी गार्ड से मरीज पहले दिखाने को लेकर भिड़ गए।जिन्हे बमुश्किल सभाला गया। सर्जन रोहित तिवारी हृदय रोग विशेषज्ञ मनोज पांडे फिजिशियन प्रवीण कुमार के पास भी मरीज की भीड़ दोपहर तक लगी रही। टीवी एंड चेस्ट फिजिशियन डॉ. ध्रुवराज ने कक्ष में एयर वेंटीलेशन की सुविधा नहीं होने पर सीएमएस को कक्ष परिवर्तित करने हेतु पत्र लिखा। अन्यथा की स्थिति में उनके कक्ष में खिड़कियों को खुलवाने की मांग की गई।

केंद्रीय कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक बने आशीष तिवारी

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक के पद पर आशीष तिवारी की तैंनाती की गई है। जिला कारागार लखनऊ के वरिष्ठ जेल अधीक्षक आशीष तिवारी को शासन नें फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार का वरिष्ठ जेल अधीक्षक बनाया है। वहीं केंद्रीय कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक पीएन पाण्डेय की डीआईजी पद के लिए पदोन्नति पूर्व में हो चुकी है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक आशीष तिवारी को लखनऊ जिला जेल में उत्तम व्यवस्था, मानवीय पक्ष को संवेदनशीलता से प्रमुखता देने सहित तमाम संवैधानिक अहर्ताओं के दृष्टिगत उन्हें प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

आशीष तिवारी।

सार-संक्षेप

नगर पालिका कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण करतीं टीम। अमृत विचार

दो दर्जन पालिका कर्मियों को लगा हेपेटाइटिस बी का टीका

कायमगंज फर्रुखाबाद। नगर पालिका में स्वास्थ टीम ने 45 सफाई कर्मियों के स्वास्थ का परीक्षण कर 25 को हैपेटाईटिस बी का टीका लगाया। जरूरत के अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराईं ।नगर पालिका परिषद परिसर में स्वास्थ विभाग की ओर स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें 45 सफाई कर्मियों का सुगर, वीपी, जैसी सीजन पर होने वाले रोगों का परीक्षण किया गया ।परीक्षण, टीकाकरण तथा दवा वितरण की गई ।इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष डा. शरद गंगवार, अधिशाषी अधिकारी/एसडीएम न्यायिक रजनी कांत, सीएचसी अधीक्षक डा. शोभित कुमार, डा. जितेंद्र बहादुर, नेत्र परीक्षक गौरव मिश्र, काउंसलर ज्योती गुप्ता आदि मौजूद रहे।

झंडी दिखाते जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह, साथ में पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के वाहन रवाना किए

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने संचारी रोग नियंत्रण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।मच्छर जनित रोगों की रोक थाम के लिए एक माह के लिए संचारी रोग अभियान चलाया गया। सीएमओ अवनिद्र कुमार ने बताया यह वाहन गांव-गांव में जाकर लोगो को जागरूक करेंगे । स्कूल कॉलेज में भी बच्चों को जागरूक करेगे 11 विभागों को संचारी रोग नियंत्रण की कमान सौंपी गई है। संचारी रोगों से बचने के लिए अपने आस पास पानी न भरने दें, मच्छरों को पौदा न होने दें। छोटे बच्चों को फुल कपड़े पहनाएं, जिससे मच्छर न काट सकें, साफ सफाई की व्यवस्था का ध्यान रखे।

अखिलेश के जन्मदिन पर सपा ने किया पौधरोपण

फर्रुखाबाद। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का सोमवार को 52 वा जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया ।जिला कार्यालय सहित कई जगह पर पार्टी नेताओं ने केक काटा। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य ने कार्यकर्ताओं के साथ पेड़ लगाओ अभियान चलाया। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में पेड़ लगाने के लिए वितरित भी किए। आवास विकास स्थित सपा जिला कार्यालय पर सोमवार को सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी एकत्रित हुए। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चित्र के सम्मुख के काटकर जन्मदिन मनाया गया। सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं को एक सप्ताह तक पेड़ लगाओ अभियान चलाकर अपने घरों के आसपास पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे डॉ. नवल किशोर साथ के की पत्नी ने सपा कार्यालय आकर बड़ी संख्या में पौधे भेंट किए। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि अखिलेश यादव बहुत ही विनम्र स्वभाव के व्यक्तित्व हैं उनकी जितनी तारीफ की जाए कम है। हम सभी लोग प्रतिज्ञा करें कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मजबूती से खड़े होकर 2027 में उन्हें पुन: मुख्यमंत्री बनाएंगे।

साझा किए तथ्य | पुलिस अधीक्षक ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर दी जानकारी

दंड के बजाय जनता को न्याय दिलाने को नए कानून लागू

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भारत में एक जुलाई रात बारह बजे से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम देशभर में लागू हो गए है। इन्हें तीन नए कानूनों को दंड के बजाय न्याय किए जाने की दृष्टि से देखा जा रहा है। इन कानूनों ने ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है।

फतेहगढ़ पुलिस लाइन सभागार में सोमवार को आयोजित गोष्ठी में जनप्रतिनिधि, व्यापारी, शिक्षक और अधिवक्ता शामिल हुए। भारतीय दंड संहिता 163 साल पुराना कानून था। जिसकी जगह अब बीएनएस ने ले ली है। बीएनएस में धोखाधड़ी से लेकर संगठित अपराध के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। महिला संबंधी अपराधों पर सख्ती से कार्यवाही के लिए प्रावधान बनाए गए हैं। पहली बार अपराधियों पर करुणा व दया के साथ न्याय का प्रावधान है।जिससे उनका बेहतर ढंग से पुनर्वास हो सके और आपराधिक प्रवृत्ति में वह ढलने से बच सकें। मॉब लिंचिंग, यौन उत्पीड़न, एसिड हमले जैसे अपराधों पर कठोर कार्रवाई के प्रावधान बनाए गए हैं। नए कानून के बेहतर ढंग से लागू होने पर जनसामान्य को न्याय मिल सके, इस पर चर्चा की गई।

अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि गरीब तबके का व्यक्ति जब परेशान होता है तो सबसे पहले पुलिस के पास न्याय की आस लेकर जाता है। इसलिए पुलिस बेहतर ढंग से काम करें तो जनता को काफी सहूलियत होगी। हालांकि अभी भी भ्रष्टाचार हर विभाग में है।लेकिन कार्यशैली ठीक करने पर इस पर अंकुश लगाया जा सकता है।

कायमगंज विधायक डॉ सुरभि ने कहा कि नया कानून जनता को न्याय दिलाने का काम करने वाला है। अंग्रेजों के कानून से भारत को मुक्ति मिली है। पुराना कानून अग्रेजों ने भारत पर शासन करने के लिए बनाया था।लेकिन नया कानून भारत की जनता को बेहतर समाज देने के उद्देश्य से बनाया गया है। आज के समय में फोन से होने वाले अपराधों का बोलबाला है।जिनपर भी अंकुश लगाना काफी जरूरी हो गया है।

भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि नए कानून में दंड देने के बजाय न्याय देने पर फोकस किया गया है। जन सामान्य को नए कानून से काफी लाभ मिलेगा।इसमें कई ऐसे प्रावधान शामिल है,जोकि काफी बेहतर तरीके से न्याय व्यवस्था को मजबूत करेगे।

एसपी आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि जो ब्रिटिश काल के कानून थे उनके स्थान पर भारत का खुद का कानून आया है। यह काफी मेहनत से बनाया गया है। पुलिस विभाग की जिम्मेदारी इसमें काफी अहम हो जाती है। जन सामान्य तक नए कानून की जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। नए कानून में महिला सुरक्षा पर अधिक जोर है। संगठित अपराध को खत्म करने के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। कई धारा में परिवर्तन किया गया है। सात साल से ऊपर की सजा के मामलों में गिरफ्तारी बरकरार रहेगी।जनता के लिए संदेश है की नए कानून में जो ताकत मिली है उसका बेहतरी के लिए प्रयोग किया जाए।

इस दौरान अधिवक्ता राजीव बाजपेई, शिक्षाविद मेजर एसडी सिंह यूनिवर्सिटी कुलाधिपति डॉक्टर अनार सिंह ,जीजीआईसी फतेहगढ़ प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत आदि मौजूद रहे। कानून की कुछ धाराएं जो सामान्य व्यक्ति के बीच जहन में रहती है।जैसे हत्या लूट डकैती दुष्कर्म दहेज एक्ट ऐसी सभी धाराएं बदल गई हैं।

बैठक करते पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी। अमृत विचार

मौजूद जनप्रतिनिधि अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

लालनाद् बहवो दोषास्ताडनाद् बहवो गुणा:।
तस्मात्पुत्रं च शिष्यं च ताडयेन्न तु लालयेत् ॥

अधिक लाड़ से अनेक दोष तथा अधिक ताड़न से गुण आते हैं। इसलिए पुत्र और शिष्य को लालन की नहीं ताड़न की आवश्यकता होती है।

संपादकीय

आत्मनिर्भरता के तहत

आज वैश्विक समीकरण बदल रहे हैं। वर्तमान दौर की लड़ाईंयां नया रूप ले रही हैं। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद भारत की सुरक्षा चुनौतियों में से एक है। आने वाले दिनों में जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पाकिस्तान को साधना भारत की सुरक्षा के लिए एक और चुनौती है। पाकिस्तान ने पहले ही देश के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ रखा है। इस बीच थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। भारतीय सेना आत्मनिर्भरता के जरिए अपनी क्षमता विकास और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। वास्तव में देश को न केवल इस दिशा में अग्रसर रहने की ज़रूरत है बल्कि सैनिकों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर युद्ध पद्धति और रणनीति को बेहतर करने की जरूरत है। भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को स्वदेशी क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता है। क्योंकि युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर और सूचना प्रणालियों जैसे नए क्षेत्रों में विकसित हो चुका है। ऐसे में युद्ध प्रणालियों में प्रौद्योगिकी के समावेश और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने की अनिवार्यता है।

आज भारतीय सेना आधुनिकीकरण के पथ पर अग्रसर है। उस दिशा में आत्मनिर्भरता को हासिल करने के लिए सेना पूरी तरह से तैयार है। क्योंकि महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए आयात पर निर्भर होने से विशिष्ट क्षेत्रों में पीछे रह जाने का जोखिम है। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा भी है कि वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। भारतीय सेना का आत्मनिर्भरता के तहत आधुनिकीकरण करना और तीनों सेनाओं का तालमेल उनकी प्राथमिकता में शामिल है। आत्मनिर्भर होने, स्वदेशी अनुसंधान और विकास के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने में भारतीय सेना के परिवर्तन की राह निहित है। आधुनिक, चुस्त, अनुकूलनीय, प्रौद्योगिकी सक्षम और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए तैयार सेना को आकार देने के प्रयास उसी दिशा में उठाए गए कदमों का हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रहित की सुरक्षा से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा। आज देश चीन और पाकिस्तान द्वारा पेश की गई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर सकता है।

आहार और पाकशास्त्र में हमारे सूत्रधारों का उपकार कर्म



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो-केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों।

भारत की आहार परंपरा अद्भुत है, लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं।

भारत की आहार परंपरा अद्भुत है,लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं। 'लाइफ-स्टाइल डीजीजेज' अर्थात् व्यवहार जन्य रोगों और आहार जन्य विकारों पर क्या हमारे प्राचीन और मध्यकालीन मनीषी चुप रहे? अगर ऐसा होता तो पाकशास्त्र के भारतीय ग्रंथों में आयुर्वेद के संदर्भ न मिलते! विज्ञान के मनुष्य के मेटाबोलिक सिस्टम के हिसाब से देखें तो इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के मुकाबले में हमारे स्ट्रीट-फूड्स कहीं बेहतर हैं, बशर्ते इन्हें तैयार करने वाले और परोसने वाले स्थान स्वच्छ हैं और शुद्ध खाद्य सामग्री का इनमें इस्तेमाल किया गया है। भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो-केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों और अल्पाहार समझ कर लिए जाए। उदाहरण के लिए ख्यात जर्नल फार्माकोग्नॉसी रिव्यु के सनन 2017 के अंक में प्रकाशित 'ए कॉम्प्रेहेंसिव रिव्यु ऑनरसम-ए साउथ इंडियन ट्रेडिशनल फंक्शनल फूड' के बारे में बताया गया है कि इसमें प्रोबायोटिक्स, प्रीबायोटिक्स (एक प्रकार से दही से बनी हुई छाछ समान गुणधर्म वाला तरल खाद्य), ओमेगा-3-पॉलीअन्सेच्युरेटेड फैटी एसिड्स, कांजुगेटेड लिनोलीक एसिड, प्लांट एंटीऑक्सीडेंट्स, एकाधिक विटामिन और खनिज,न्यूनाधिक मात्रा में प्रोटीन, पेप्टाइड्सऔर एमिनो-एसिड्स के अलावा फोस्फोलिपिड्स की मौजूदगी होती है। अब भला दुनिया के किस एक ही पकवान में इतनी संख्या में पोषक तत्व मौजूद हो सकते हैं। उत्तर भारत में जिस प्रकार से आयुर्वेद का बोलबाला है इसी प्रकार भारत के दक्षिणी प्रांतों, खासतौर से केरल और तमिलनाडु, में पारंपरिक भारतीय आयुर्वैज्ञानिक प्रणाली का नाम 'सिद्ध' है। ऐसी समृद्ध परंपराओं की मौजूदगी में विदेशी पकवानों के पीछे भागना अनुचित प्रतीत होता है।

खान-पान और इन्हें तैयार करने की विधियों का जो संकलन अनुसंधान और अनुभव आधारित हैं,उसे हमारे मनीषियों ने आयुर्वेद में दिया है। इस प्रयोगात्मक और वैज्ञानिक जानकारी देखकर अनेक बार मुझे ही नहीं, बल्कि आधुनिक विधियों से फूड साइंस में काम करने वाले शोधकर्मियों को भी चकित होना पड़ता है। इसे हमारी दादी-नानी के समृति में स्थानी रूप से रोपित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह एक परंपरा के रूप में अनादिकाल काल तक हमारी दिनचर्या का हिस्सा कैसे बन सकती है? हमारे विद्वज्जनों ने इस परंपरा के रूप में विकसित करने के लिए क्या तौर-तरीके अपनाए होंगे? इनके मूल पाठ संस्कृत और तमिल में हैं, लेकिन विद्वज्जनों ने टीका सहित इसका अनुवाद मुझे समझ में आने वाली हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में भी सुलभ कराया है। पंडित वामचरण भट्टाचार्य द्वारा पुनर्प्रस्तुत पाकदर्पणं के संस्कृत टेक्स्ट पर आधारित हिंदी टीका सन् 2006 में डॉ. इन्द्रदेव त्रिपाठी ने चौखंभा पब्लिकेशंस की मार्फत प्रकाशित करवाई।

आयुर्वेद में खाद्य सामग्री के स्रोत की शुचिता और विविधता, इसे प्रोसेस करने के तरीके और इसके सेवन के अलावा विभिन्न तरह से तैयार किए गए खाद्य पदार्थों के संरक्षण और स्टोरेज के बारे सूक्ष्म स्तर तक विस्तार से जानकारी दी गई है। साथ ही विभिन्न व्यंजनों, औषधीय खाद्यों और इनके थेराप्यूटिक गुणों की जानकारी भी दर्ज की गई है।

उत्कृष्ट और आश्चर्यजनक हैं पकवानों के वे अनेक नाम-शब्द जिनका अन्वेषण आयुर्वेदाचार्यों ने किया, क्योंकि भाषा विज्ञान की दृष्टि से सर्वथा उपयुक्त हैं, अर्थात 'प्रिसायिज' अर्थ प्रेषित करते हैं। इन शब्दों की संरचना को जानकर भाषाविदों के कौशल के प्रति भी हमें नतमस्तक होने की जरूरत है। खाद्य और पोषण विज्ञान (द साइंस ऑफ फूड, फूड टेक्नोलॉजी एंड न्यूट्रीशन) के ख्यात जर्नल्स में पारंपरिक भारतीय भोज्य पदार्थ, घरेलू भोजन एवं अन्य प्रकार के आहार के बारे में अन्योन्य प्रकार से प्रयोगात्मक, प्रबंधात्मक और निबंधात्मक जानकारी का प्रकाशन हुआ है। मेटाबॉलिज्म के पैमाने पर हम अपने पकवानों को श्रेष्ठ कह सकते हैं तो इसमें रत्तीभर संदेह नहीं होना चाहिए? भारतीय प्राचीन पाकशास्त्रों -जैसे कि रसमंजरी, पाकदर्पणम, सूपशास्त्र, भोजन कौतूहलं, क्षेम कौतूहलं के अलावा के.टी. अचाया की दो पुस्तकें 'ए हिस्टोरिकल डिक्शनरी ऑफ इंडियन फूड' और 'इंडियन फूड ए हिस्टोरिकल कम्पैनियन' पर जो दो-तीन शानदार पुस्तकें (ट्रीटाईजेज अर्थात्व प्रबंध ग्रंथ) उपलब्ध हैं उनके अध्ययन से जाहिर होता है कि सामग्री का चुनाव,किस के साथ किसका मेल सर्वथा उचित है और इन्हें बनाने की सहज-सर्वश्रेष्ठ तकनीक के अलावा परोसने के तरीके क्या होने चाहिए, इस बारे में विस्तार से निर्देश दिए गए हैं। हमारे मनीषियों ने भोजन को प्रोसेस करने और पाक-गृह (किचन) में भोजन तैयार करने वाले रसोइए (शेफ) और परोसने वालों (बीयरर या बॉय) के लिए भी कुछेक हिदायतें दी हैं। आयुर्वेद के अलावा यूनानी और तिब्बिया सिस्टम्स में भी खाने-पीने के बारे में अच्छी मालूमात दर्ज हैं। सिर्फ इतना भर नहीं,बल्कि किस लकड़ी की कितना तीव्र आंच, चूल्हे के डिजाइन और धातु-अधातु के बर्तन और मृद्भांड कैसे हो, कितने आमाप के हों आदि पर भी उक्त ग्रंथों में विस्तार से लिखा गया है। उदाहरण के लिए दक्षिण भारत में परंपरा के तौर पर विवाह के एक उपहारों में से जस्ता धातु के आधिक्य मिश्रण वाली हांडी दिए जाने की परंपरा है,जिसमें सांभर पकाया जाता है। यह धातु सांभर पकाते समय सूक्ष्म मात्रा में बर्तन से विलग होकर सांभर में मिल जाती है और टॉक्सिक होने की बजाय पोषण प्रदान करती है। कालोनियल भारत में ब्रिटिश इंडियन आर्मी के अफसरों को यूरोपियन और भारतीय सैनिकों के लिए पोषक आहार चुनने के लिए भारतीय खाद्य पदार्थों में से ही चुनाव करना होता था। उन सबको भारतीय तरीके से बनाया गया भोजन पसंद नहीं था और उन्हें यह भी मालूम था कि भारतीय लोग या तो अतिपोषित रहते हैं या कुपोषित। इन्हें संतुलित आहार के बारे में कुछ नहीं मालूम, क्योंकि पाकशास्त्र के ग्रंथ और आयुर्वेद की रचनाओं में पोषक तत्वों की जानकारी उस तरीके से दर्ज नहीं हुई थी जिस तरीके से मॉडर्न केमिस्ट्री और बायो-केमिस्ट्री के हिसाब से इसे समझा जा सकता था। इसी प्रसंग में भारत में पोषणाहार की कमी से उपजी बेरी-बेरी, मराजमस और प्रोटीन केलरी कुपोषण जैसी शारीरिक विकृतियों की ओर मेजर (डॉ) रॉबर्ट मैक्कैरिसन का ध्यान गया। वे सन्प 1911 में मद्रास आर्टिलरी में रहकर कुनूर (तमिलनाडु) में नियुक्त थे। यहां रहकर डॉ. मैक्कैरिसन ने 'न्यूट्रीशन रिसर्च लेबोरेट्रीज' की स्थापना की और काम शुरू किया। उक्त बीमारियों पर काम करने के साथ-साथ इन्हें भारतीय खाद्य पदार्थों में मौजूद अनेक पोषक तत्वों और इनके पोषक मान का पता लगाने के लिए अपने साथी डॉ.आयक्रायड को कहा तो कुछ ही समय बाद 'न्यूट्रीटिव वैल्यू ऑफ इंडियन फूड्स' नामक किताब का जन्म हुआ। सन 1911 में कुनूर में स्थापित वह छोटी सी रिसर्च लेबोरेट्री अब नेशनल इंस्टीट्यूशन ऑफ न्यूट्रीशन के रूप में हैदराबाद में 60 साल से अधिक समय से काम कर रही है। इस रिसर्च लेबोरेट्री के निदेशक पद पर रहते हुए डॉ. पटवर्द्धन जैसे नामी पोषण विज्ञानियों ने भारतीय पोषण और विज्ञान के इतिहास पर शानदार किताब लिखी। हमारे पाकशास्त्र ग्रंथों पर विदेशियों की शुरू से नजर रही है, खासतौर से ब्रिटिश और अमरीकनों की। इतिहास संकलन के नजरिए से मैं यह देखकर चकित हूं कि अमेरिका की लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में सन्ल 1907 में पुनर्प्रकाशित 'रसमंजरी' की प्रति मौजूद है। उनके संग्रह में सन्न 1991 में इसका पहुंचना बड़ी बात नहीं है। 'साउथ एशियन रेट्रोस्पेक्टिव मैटीरियल' के खाते में यह उनके रेकॉर्ड में दर्ज की गई है। रसमंजरी का संकलन और लेखन कार्य वैद्यनाथन शालीनाथ ने और 'मिश्र'-कुल अग्रगण्य पंडित नारायण प्रसाद मुकुन्दराम, बांस बरेली (अब बरेली) तथा लखीमपुर निवासी ने इस पर टीका तैयार की।

प्रसंगवश

सबसे बड़ा रोना अकल का है

अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है।

सौ में से नब्बे यही सुनते सुनते बड़े होते हैं कि बेवकूफ हो? अकल नहीं है? अब दिक़्क़त यही है कि यदि नहीं है तो कहां से लाएं? अकल कोई धनिया तो है नहीं कि दौड़े और नुक्कड़ पर लगी दुकान से ख़रीद लाएं। अकल का कोटा ऊपर वाला रिलीज़ करता है। किसी को देता है तो छप्पर फाड़ देता है, किसी को थोड़ी बहुत कंजूसी से दे देता है और किसी को नहीं देता तो छदाम भर भी नहीं देता। इससे ये नतीजा तो फौरन निकाला जा सकता है कि भगवान जो भी है वो कम्युनिस्ट तो हरगिज़ नहीं है।

पर जैसा ज़माना है आजकल, उसके हिसाब से अकलमंद होना खतरनाक हो चुका। अकल होगी तो आप सोचेंगे विचारेंगे। लोगों से उलझेंगे। अकेले पड़ेंगे और अपनी हंसी उडवा लेंगे। जबकि बेवकूफ होकर पैदा होना फ़ायदे का सौदा है और अकल तलाशना तो हरगिज़ अक्लमंदी का काम नहीं है।

अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है। पर इसके अपने ख़तरे है। अक्लमंद हमेशा अल्पमत में होता है इसलिए बहुत बार हाथ पांव से मज़बूत बेअकल लोगों से पिट जाता है।

बेअक्ली हमेशा से बहुमत में होती आई है इसलिए वो राज करती है और अकलमंद उसकी चाकरी करते है। बेवकूफी में सबसे बढ़िया बात ये है कि वो खुद को अकलमंद समझता है और सारे अकलमंद उसे बेवकूफ लगते है। अक्लमंदी के उलट बेवक़ूफ़ी जताने में मेहनत भी नहीं करनी पड़ती। अक्लमंदी सरकारी नल की तरह होती है जबकि बेबकूफी पहाड़ी झरने की तरह बहती है। वो खुद अपना परिचय है। और सामने वाले का मन हो या ना हो उसे नहलाये बिना नहीं मानती।

अकलमंद को अपनी बुद्धि मे हमेशा धार लगाते रहना पड़ता है। पढ़ना लिखना पड़ता है। अपने जैसे लोगों की संगत करना पड़ती है जो कि मुश्किल से मिलते हैं। बेवकूफी में ऐसी फालतू की कवायद की कोई झंझट ही नहीं होती। उसे अपने जैसे हज़ार मिल जाते हैं। अकलमंद बहस करता है, हमेशा असहमत, बेचैन और कुड़कुड़ा बना रहता है। अपनी-अपनी चलाना और अपनी ही मनवाना चाहता है। और ऐसी हरकतों से अपने गिने चुने दोस्तों से भी हाथ धो बैठता है। अकेला हो जाता है जबकि बेवकूफ एक दूसरे से बहुत जल्दी सहमत हो जाते है। आशावादी होते हैं वो। हमेशा ख़ुश रहते है। एक दूसरे के गले में हाथ डालते है। ज़बर्दस्त एका होता है उनमें और जब भी कोई अकलमंद उनसे टकरा जाये तो सारे मिलकर उसे कूट देते हैं।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

अकल से हासिल भी क्या है? ज़माने भर की बेगारी। किसी अनपढ़ सेठ की मुनीमी, किसी डूबते बैंक की क्लर्की या किसी प्राईवेट स्कूल की मास्टरी। अकल वाले ज़िंदगी भर यही सोच सोच कर कलपते रहते हैं कि उन्हें वो पोज़ीशन हासिल नहीं हुई जिसके वो हक़दार थे।

अकल के साथ सबसे बड़ा रोना यही है कि यदि वो आपके हिस्से में आ गई है तो आप उससे पीछा नहीं छुड़ा सकते। वो आपसे नदी में बहते कंबल की तरह चिपट जाती है और मौक़े बेमौके पर आपको बेइज्जत करवाए बिना मानती नही।

ऐसे में यदि आपको कोई अकलमंद या बुद्धिजीवी कहे तो ज्यादा फूलने की ज़रूरत है नहीं। हो सकता है वो आपका मज़ाक़ उड़ा रहा हो। आपको दया करने लायक़ समझ रहा हो। या आपको कूटने की फ़िराक़ में हो।

वायु प्रदूषण के कारण पृथ्वी से खत्म हो जाएंगे कीट

सीमा अग्रवाल
मेरठ

शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है।

वायु प्रदूषण केवल इंसान को प्रभावित कर रहा है ऐसा नहीं है। जहरीली गैसों का बुरा असर पूरी जैव विविधिता के खात्मे पर तुला है। इस कड़ी में वो सूक्ष्म कीट भी शामिल हैं जो हमें अक्सर हवा में उड़ते दिखते हैं। ये सूक्ष्म कीट कचरे का विघटन, मानव जीवन, फसलीय चक्रीकरण के लिए बेहद जरूरी हैं। इनकी अहमियत मानव जीवन में प्रत्यक्ष तौर पर नजर नहीं आती। लेकिन अप्रत्क्ष रूप से ये कीट इंसान को हर स्तर पर प्रभावित करते हैं। वायुमंडल में चढ़ती प्रदूषण की मोटी परत से इन कीटों के भोजन तलाशने से लेकर साथी से मिलन, संतति निर्माण और विकास की प्रक्रिया प्रदूषण के कारण नष्ट हो चुकी है। कीटों के सूचना तंत्र को धुएं और गैसों ने डिस्टर्ब कर उन्हें रास्ते से भटका दिया है।

हालिया शोधों के मुताबिक कीटों की घटती आबादी के लिए प्रदूषण के साथ शहरीकरण, कृषि क्षेत्र में बढ़ता कीटनाशकों का उपयोग और जलवायु परिवर्तन जैसी वजह जिम्मेदार हैं। प्रदूषण न केवल शहरों के आस-पास बल्कि दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनकी आबादी को प्रभावित कर रहा है। शोध से पता चला कि प्रदूषण के चलते आने वाले कुछ दशकों में दुनिया के 40 फीसदी कीट खत्म हो जाएंगे। धुआं, धूल, धुंध, पीएम के कण कीटों के एंटीना और रिसेप्टर्स पर बहुत बुरा असर डाल रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं के अध्ययन में कीटों पर प्रदूषण का असर अनुमान से कहीं ज्यादा निकला है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा तय मानक के अनुसार वार्षिक औसत से ज्यादा हैं।

खेतों, बगीचों में उड़ते कीटों का मुख्य काम परागण होता है। ये फसलों, फूलों को परागित कर नए बीजों का संवर्द्धन करते हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए जारी की जाने वाली रेड लिस्ट में कीटों की सिर्फ आठ फीसदी प्रजातियां ही शामिल हैं। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक 1990 के बाद से कीटों की आबादी में करीब 25 फीसदी की कमी आई है, अनुमान है कि यह कीट हर दशक में करीब नौ फीसदी की दर से कम हो रहे हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है। कीटों की एंटीना में गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स होते हैं, जो आहार, स्रोत, संभावित साथी और अंडे देने के लिए एक अच्छी जगह खोजने में मदद करते हैं। ऐसे में यदि किसी कीट के एंटीना पार्टिकुलेट मैटर से ढके होते हैं तो उससे एक भौतिक अवरोध उत्पन्न हो जाता है। यह गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स और हवा में मौजूद गंध के अणुओं के बीच होने वाले संपर्क को रोकता है। जीवाश्म ईंधन के दहन से निकलने वाले पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) में ज़हरीले भारी धातु और कार्बनिक पदार्थ शामिल हैं। ये सांस के ज़रिए शरीर में जाने वाले कण होते हैं जो इतने छोटे होते हैं कि उन्हें नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता। बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया डेविस विश्वविद्यालय की टीम ने बीजिंग के हैडियन जिले से एकत्रित घरेलू मक्खियों का अध्ययन उस समय किया जब वायु गुणवत्ता सूचकांक का उपयोग करके वायु गुणवत्ता को निम्न, मध्यम या उच्च आंका गया था। प्रदूषण के बड़े कण आपकी आंखों और नाक में जलन पैदा कर सकते हैं, जबकि बहुत छोटे कण फेफड़ों में गहराई तक जा सकते हैं। बाद वाले कण हमारे लिए ज्यादा हानिकारक होते हैं और कीड़ों के एंटीना पर जमा हो सकते हैं।

एंटीना पर प्रदूषक तत्वों के जमने के कारण कीटों का सूचना तंत्र काम करना बंद कर देता है। आपस में संदेशों का आदान, प्रदान नहीं कर पाते। भोजन, अपने साथी को खोजना या अपने ठिकानों को तलाश करने की उनकी शक्ति क्षीण हो जाती है। उनके एंटिना काम करना बंद कर देते हैं और कीट एक जिंदा लाश बन जाता है। जो समय से पहले मर जाता है। कीटों की सिग्नलिंग प्रणाली डिस्टर्ब हो जाती है। नाइट्रस ऑक्साइड या ओजोन जैसे गैसीय वायु प्रदूषकों की तुलना में कणीय पदार्थों का संपर्क कीटों और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अधिक खतरनाक हो सकता है। इंसान को यह समझना होगा कि ये नन्हें कीट, तितलियां, फ्लाइज हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में कीटों और बीमारियों के नियमन, परागण और पोषक चक्रण के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें से सभी के लिए रासायनिक संकेतों का प्रभावी पता लगाना आवश्यक है।

सोशल फोरम

व्यक्ति सापेक्ष कुछ सत्य नहीं

दुनिया में जितने भी तथाकथित भगवान हैं, वे सभी मनुष्य की कल्पना की उपज हैं। इन्हें मनुष्यों ने गढ़ा है। इसीलिए मनुष्य के अलावा दुनिया के किसी अन्य जीव के पास कोई भगवान नहीं है। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों की प्राकृतिक परिस्थितियां एक-जैसी नहीं हैं, उनमें भिन्नता के कारण वहां के निवासियों की सभ्यताएं और संस्कृतियां भी भिन्न हैं। उनके विचार अलग हैं और विचारों के अलग होने के कारण उनके भगवान संबंधी विचार भी भिन्न हैं। भले ही यह भिन्नता बहुत सूक्ष्म हो।



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

सच तो यह है कि एक ही संस्कृति के दो व्यक्तियों के भगवान संबंधी विचार भी एक-जैसे नहीं हो सकते। अपने विचारों में व्यक्ति अभिव्यक्त होता है। प्रत्येक व्यक्ति के भगवान में उसका ख़ुद का व्यक्तित्व झलकता रहता है। विचारों के व्यक्ति सापेक्ष होने के कारण ही दुनिया में एक ही धर्म या मत के मानने वालों में भी असंख्य मत-मतांतर हैं, संप्रदाय और समूह हैं। यह अंतर कई बार इतना प्रगाढ़ होता है कि एक ही धर्म के मानने वाले दो समूह एक-दूसरे के शत्रुता के स्तर तक विरोधी होते हैं।

केवल अपने धर्म को सत्य और निरपेक्ष मानना व्यक्ति की गलत समझ का परिणाम है। व्यक्ति सापेक्ष कोई भी चीज़ सत्य और निरपेक्ष नहीं हो सकती। सभी मनुष्यों के लिए जो एक-जैसी है, वही सत्य और निरपेक्ष है। भगवान संबंधी विचार इसीलिए सत्य और निरपेक्ष नहीं हैं, क्योंकि सभी मनुष्यों के भगवान संबंधी विचार भिन्न-भिन्न हैं।

वास्तव में मानव के विचारों से पूरी तरह स्वतंत्र और अप्रभावित हवा, पानी, सूर्य, आदि तत्व ही निरपेक्ष हैं। निरपेक्ष वही हो सकता है जो हवा, पानी, सूर्य, आदि की तरह समस्त मानवता के लिए एक-जैसा हो।

व्यक्ति के विचार सापेक्ष होते हैं, वे निरपेक्ष नहीं हो सकते। इस सामान्य तथ्य को भूलना ही व्यक्ति को असहिष्णु बनाता है। असहिष्णुता का उत्स मनुष्य की इसी प्रवृत्ति में है। व्यक्ति की असहिष्णुता उसके असभ्य और असामाजिक होने का प्रमाण है।

-फेसबुक वॉल से

सरकार चुनने में जन मनोभावों की भूमिका

सरकारों को चुनने की प्रक्रिया में सामान्य जन मनोभावों या अनुभूति (परसेप्शन) की बड़ी भूमिका है। इन दिनों जैसा माहौल बन रहा है वह निश्चित रुप से वर्तमान सरकार के अनुकूल नहीं है। राज्यों में बड़े निर्माण कार्य चाहे किसी भी दल की सरकारों द्वारा कराए गए हों लेकिन इन दिनों अनेक पुलों के धराशायी होते जाने, कई प्रदेशों के एअरपोर्ट के क्षतिग्रस्त होने की लगातार आ रही खबरें वर्तमान सरकार के विरुद्ध ही जनमत तैयार कर रही है। क्या निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता या कमीशनखोरी हुई है? जनभावना तो ऐसी ही बन रही है और विपक्षी दल इसे हवा दे रहे हैं।

नए-नए बने रामपथ का कई जगहों पर ध्वस्त हो जाना तो सचमुच विचलित करता है। विरोधी पार्टियां मुखर होकर कह रही हैं कि इन सारे कामों का उद्घाटन सामान्य निर्वाचन के पूर्व कराये जाने की जल्दीबाजी थी। इसलिए निर्माण कार्य घटिया स्तर का हुआ और इन आरोपों का आश्वस्तिदायक और प्रभावी खंडन रुलिंग पार्टी द्वारा नहीं हो रहा है। विरोधी दलों द्वारा कुछ ऐसा हौवा खड़ा किया जा रहा है जैसा संविधान को बदलने या आरक्षण को खत्म कर देने की अफवाहों का हुआ था और एक बड़ा मतदाता समूह इन्हें सच मान बैठा था। समाजवादी पार्टी के मुखिया अभी भी आरक्षण वाली ढोल पीटे जा रहे हैं और उन्हें माकूल जवाब नहीं दिया जा पा रहा है जिससे आम जनता का भ्रम निवारण हो सके। न जीत न हार के पश्चात आम जनों के बीच जाकर उनका विश्वास जीतना तो जैसा भाजपा नेताओं के डीएनए में ही नहीं है। फिर सब अंतर्धान हो गए हैं।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हमारे गांव के कुछ वंचित तबके के लोग जो रोजी-रोटी के लिए मुंबई, कोलकाता और बंगलौर आदि शहरों में रह रहे हैं उनको अपने राशन कार्ड की सुविधा जारी रखने के लिए केवाईसी के लिए वापस मूल स्थानों पर लौटने के लिए विवश किया जा रहा है। जबकि किसी भी लाभार्थी को राशन की निर्धारित सुविधा कहीं भी प्राप्त करना अनुमन्य है तो फिर आज की डिजिटल तकनीकों से क्यों नहीं उनकी केवाईसी वहीं हो सकती है, जहां वे मौजूदा रुप से रह रहे हैं? एक यह भी मुद्दा तेजी से उभर रहा है जिसका समय रहते समाधान जरुरी है। अन्यथा भाजपा का एक बड़ा 'लाभार्थी वोटर समूह' भी असंतुष्ट हो जाएगा।

छुट्टा गोवंश और नीलगायों से निरंतर किसानों की फसलों की बर्बादी का मुद्दा जस का तस है। अब किसान बिचारे भरे मन से इसे अपनी नियति मान लिए हैं। जिस गति से नव निर्मित सड़कें और निर्मित संरचनाएं ध्वस्त हो रही हैं कई 'मिस्टर क्लीन' छवि वाले जनप्रतिनिधि भी शंकाओं के दायरे में आ रहे हैं। मात्र अभियंताओं पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। निर्माण के उत्तरदायी तो संबंधित ठेके लेने वाली कंपनियां और विभागों के मंत्रीगण भी तो हैं। कम से कम उन पर भी जांच बैठाकर सरकार की निष्पक्षता दिखाई जा सकती है। और निरंतर बढ़ती जा रही इस अफवाह (या सच्चाई?) कि ज्यादातर ठेके गुजरात की कार्यदाई संस्थाओं को दिए गए हैं का भी सच आम जनता सुनना चाह रही है। कोई बताएगा? संतुष्टिदायक विवरण चाहिए।

अब नए चुनावों का सिलसिला शुरु हो रहा है। उपचुनावों को भी आगामी विधानसभा चुनावों का मापदंड/ संकेतक निश्चित तौर पर माना जाएगा। सत्तारुढ़ दल के समर्थक मतदाता खिन्न हैं कि सरकारें वह तत्परता अभी भी नहीं दिखा रहीं जिनसे अभी संपन्न चुनाव में उन्हें धक्का लगा है। जो सामान्य 'परसेप्शन' बन रहा है वह रुलिंग पार्टी के पक्ष में नहीं है।

ये बारिश का पानी

कुछ ही दिनों की बात है कि प्रचंड गर्मी से उबरने के लिए देश बारिश की दुआएं मांग रहा था। अभी मानसून की बारिश शुरु ही हुई है कि देश के कई-कई शहरों के डूबने की ख़बरें आने लगी है। आने वाले दिनों में मीडिया ऐसी खबरों से भरी रहने वाली है। कुछ ही दशकों पहले के दिन याद करिए जब बरसात की बारिश शुरू होती थी तो कई-कई दिनों तक रुकने का नाम नहीं लेती थी। सड़क और खेत सब पानी-पानी।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

बारिश या बाढ़ का पानी घरों में घुस गया तब भी बदहवासी नहीं। घुटने भर पानी में छप्पा-छप्पा खेल लिया या कागज़ की कश्ती चला ली। तब प्रकृति का सहज स्वीकार हुआ करता था। बारिश और बाढ़ का पानी अपने में समेट लेने के लिए तब हर गांव-शहर में बड़े-बड़े तालाब और जलाशय भी होते थे और गहरे-गहरे कुएं भी। पानी आया भी तो कुछ ही देर या कुछ ही दिनों में उतर जाता था। प्रकृति-चक्र तेजी से बदला है। वैसी बारिश अब नहीं होती है। शहरों और गांवों में आधे घंटे की बारिश हुई नहीं कि हाहाकार मच जाता है। बारिश अब आनंद का नहीं, आफत का सबब हो चला है। प्रकृति से लड़ते-लड़ते प्रकृति से कितने दूर होते चले गए हैं हम?

सृष्टि यदि है तो बारिश भी होगी। नदियां हैं तो बाढ़ भी आएंगी। बारिश या बाढ़ अपने साथ पृथ्वी को नए सिरे से गढ़ने का संकल्प लेकर आती हैं। योजनाविहीन शहरों-गांवों के निर्माण, जल-निकासी की कुव्यवस्था, कंक्रीट के जंगल उगाने के लिए असंख्य तालाबों, जलाशयों और कुओं की हत्या और नदियों पर असंख्य डैम और बांध बनाकर हमने प्रकृति के साथ जैसे युद्ध छेड़ा हुआ है। प्रकृति के साथ हमारा ऐसा ही सलूक जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे डूब मरने के लिए बारिश का चुल्लू भर पानी भी पर्याप्त होगा।

पर्यावरण के लिए पारिस्थितिकी संतुलन अत्यंत जरूरी : गौर

वन महोत्सव के अंतर्गत कचहरी परिसर में किया गया पौधारोपण

कचहरी में पौधा लगाते डीबीए अध्यक्ष अनिल गौर व अन्य अधिवक्ता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। वन महोत्सव पर कचहरी परिसर में सामाजिक वानिकी प्रभाग व जिला गंगा सुरक्षा समिति के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार गौर ने पाकड़ का पौधा लगाकर इसका उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण के लिए पारिस्थितिकी संतुलन आवश्यक है यह हम सभी लोग भली प्रकार जानते हैं। पर्यावरण के अंतर्गत विश्व की अवधारणा में सभी पदार्थों सजीव निर्जीव की सहभागिता को सम्मिलित करते हैं। जिला बार एसोसिएशन महामंत्री देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि जीवन को पोषित करने वाले सभी वृक्ष एवं पौधे वनों का विकास करते हैं कुछ पौधे औषधि के अंतर्गत परिगणित हुए हैं औषधि कहने के पीछे उनके गुणों को प्रकट करना रहा है।

क्षेत्रीय वन अधिकारी बढपुरा अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि पर्यावरण के नैसर्गिक चक्र को न छेड़े और उसके अनुकूल रहते हुए कार्य करें। प्राकृतिक संसाधनों के सबको प्राप्ति में संसाधनों की सुरक्षा का भाव भी होना चाहिए। डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रबल प्रताप सिंह ,वन दरोगा ताविस अहमद,सुनील कुमार, अनिल कुमार, रविंद्र मिश्रा, संतोष कुमार, एडवोकेट महेंद्र सिंह ,सत्येंद्र सिंह, अभिनेंद्र सिंह, राहुल , शिवम सिंह एवं हंसमुखी शंखवार मौजूद रहे।

अभी नहीं संभले तो भुगतने पड़ेंगे घातक परिणाम

लखना, इटावा। सामाजिक वानिकी विभाग लखना के वन महोत्सव समारोह में टकरूपुर यमुना घाट स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में पौधे लगाये गये। पौधरोपण की शुरुआत लखना नगर के चेयरमैन गणेश शंकर पोरवाल ने किया। चेयरमैन गणेश शंकर पोरवाल ने कहा कि आज पेड़ों की निरंतर कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। जिसका खामियाजा देर सवेर मानव जाति को भुगतना पड़ सकता है। अगर अभी नहीं संभले और पौधरोपण की तरफ ध्यान नहीं दिया तो भविष्य में मानव जाति को घातक परिणाम भुगतने होंगे। इस अवसर पर लखना वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार , चकरनगर वन क्षेत्राधिकारी सत्यनारायण यादव, राजेश जौहरी, चित्तू दुबे,पिंटू , सोमू तिवारी, प्रदीप फौजी तथा डिप्टी रेंजर संदीप यादव,वन दरोगा सौरभ चौधरी,राम सेवक शर्मा,वन रक्षक महेश यादव, अंजली ने भी पौधे रोपे।

टकरूपुर यमुना घाट पर पौधा लगाते चेयरमैन गणेश शंकर पोरवाल व अन्य।

ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू

इटावा। शैक्षिक सत्र 2024-25 में पूर्वदशम (कक्षा 9-10) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन के संबंध में समय सारिणी निर्गत की गई है। आनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष प्रपत्र प्रस्तुत करने होंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी से नवीन संस्थाएं पासवर्ड प्राप्त कर एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनायें भरकर 10 जुलाई से 02 सितम्बर तक अपलोड करना है। जिला विद्यालय निरीक्षक विद्यालयों की मान्यता एवं स्वीकृत सीटों की संख्या एवं प्रोफाइल को आनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित करने का 11 जुलाई से 06 सितम्बर तक करेंगे। छात्र/छात्राओं द्वारा रजिस्ट्रेशन करने का कार्य 01 जुलाई से 21 अक्टूबर तक किया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रिया शर्मा ने बताया कि छात्र/छात्राओं द्वारा किये गये आनलाइन आवेदन को फाइनल सबमिट 04 नवम्बर तक किया जा सकेगा।

श्रद्धालुओं से भरी बस में ट्रक ने मारी टक्कर, 1 की मौत 9 लोग घायल

संवाददाता ताखा, इटावा

अमृत विचार। राजस्थान से अयोध्या जा रही तीर्थ यात्रियों से भरी बस में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बस का पीछे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे एक यात्री की मौत हो गई जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर यूपीडा व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। सभी घायलों को पीजीआई में भर्ती कराया गया है।

ऊसराहार थाना क्षेत्र से गुजरने वाले आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार रात करीब दो बजे राजस्थान से श्रद्धालुओं से भरी बस मथुरा होते हुए अयोध्या जा रही थी जिसमें करीब 60 यात्री मौजूद थे । बस में कुछ आवाज आने पर चालक ने बस को कठौतिया गांव के पास रोक दिया। बस का क्लीनर पीछे बस को देखने गया तभी पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने खड़ी बस में टक्कर मार दी। इस हादसे में एक यात्री नौरंग लाल 45 निवासी स्वरूप देसर थाना पल्लू जिला हनुमानगढ़ राजस्थान की मौके पर ही मौत हो गई। बस में पीछे बैठे यात्री मुखराम निवासी रोड़ा वाली हनुमानगढ़ राजस्थान, गोपीराम निवासी रामसारा नारायण हनुमानगढ़, कुम्भाराम निवासी चूरू राजस्थान, पुरखाराम निवासी चूरू राजस्थान, टुम्बाराम निवासी चूरू राजस्थान, महावीर निवासी चूरू राजस्थान, गुड्डी निवासी हनुमानगढ़ राजस्थान, बजरंग निवासी हनुमानगढ़ राजस्थान के अलावा एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची यूपीडा व ऊसराहार पुलिस ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला घायलों को इलाज के लिए पीजीआई सैफई भिजवाया। इस संबंध में थाना प्रभारी ऊसराहार मंसूर अहमद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि खड़ी बस में ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें एक यात्री की मौत हुई है नौ घायल जिसमें तीन गंभीर घायल सभी को पीजीआई भेजा गया है।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस।

- आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर कठौतिया गांव के पास हुआ हादसा
- बस में फंसे श्रद्धालुओं को यूपीडा व पुलिस ने कड़ी मशक्कत से निकाला बाहर

करंट लगने से महिला की मौत

जसवंतनगर, इटावा। बलरई थाना क्षेत्र के गांव घुरा जाखन में रास्ते में टूटे पडे बिजली के तार की चपेट में आने और करंट लगने से एक महिला गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गई। जानकारी मिलने पर परिवार के लोग उसे लेकर जिला अस्पतल पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव जाखन के रहने वाले शारदा प्रसाद राजपूत की 40 वर्षीय पत्नी रामकुमारी दोपहर के समय यमुना नदी की तरफ अपने खेतों की तरफ जा रही थीं। गांव के निकलने के बाद प्राइमरी स्कूल से थोड़ा आगे पहुंची तो जमीन पर टूटे पड़े हुए बिजली के तार में उलझ गई तार में करंट आ रहा था। करंट लगने से वह झुलस कर घायल हो गई। घायल होने की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और रामकुमारी को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में लेकर आये, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चोरी हुए सात मोबाइल बरामद, लोगों को सौंपे

संवाददाता लखना, इटावा

अमृत विचार। बकेवर थाना क्षेत्र में अलग अलग स्थानों से गुम या चोरी हुए सात मोबाइल फोन को जब्त कर उनके असली मालिकों को सौपा गया है।

सीओ भरथना अतुल प्रधान ने बताया कि अपराध की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आये दिन मोबाइल फोन गुम होने छिनैती व मोबाइल चोरी की घटनाएं सामने आती हैं। अपराधियों द्वारा ऐसे मोबाइल का उपयोग भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में किया जा रहा है । खोये हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए अभियान चलाया गया।

प्रभारी निरीक्षक बकेवर राकेश शर्मा ने बताया कि बकेवर पुलिस ने आठ लोगों के खोये हुए मोबाइल सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बकेवर थाने में तैनात कम्प्यूटर आपरेटर हेड कांस्टेबल अरूण कुमार ने लगातार निगरानी कर अनन्या कुमारी निवासी ग्राम इन्द्रौसी,प्रशान्त कुमार निवासी ग्राम सलेमपुर थाना बकेवर, संजय कुमार निवासी बृजराज नगर थाना भरथना, अजीत सिंह निवासी चुन्नीगंज कानपुर नगर, संतोष कुमार कानपुर देहात, दिल्ली के पूर्व एसपी के पुत्र प्रान्जुल सिंह, अनुज कुमार निवासी औरैया के वैध कागजात के आधार पर वास्तविक धारकों को सुपुर्द किए।

- मोबाइल पाकर खुश हुए लोग पुलिस को दिया धन्यवाद

अपराधियों के लिए आफत, पीड़ितों को न्याय हैं नए कानून : विवेक जावला

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। तीन नए कानून के अस्तित्व में आने के बाद सोमवार को स्थानीय पुलिस ने थाना सभागार में बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों,संभ्रांत लोगों,पत्रकारो क्षेत्रीय नेताओं के साथ गोष्ठी कर तीनों नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

क्षेत्राधिकारी विवेक जावला ने नए कानूनों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि एक जुलाई से औपनिवेशिक काल के कानून के अंत के साथ देश में आधुनिकरण युक्त तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गए,जो क्रमशः देश में आजादी के बाद से लागू भारतीय दंड संहिता,अपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे।नए कानून के तहत अहम धाराओं में बदलाव किया गया है। जैसे हत्या की धारा 302 की जगह 103,रेप की धारा 376 की जगह धारा 64, ठगी की धारा 420 की जगह 318,देशद्रोह की धारा 124 की जगह धारा 152 आदि धाराओं में बदलाव किया गया है। नए कानून से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी। जिसमें जीरो एफआईआर के तहत पीड़ित कहीं का भी निवासी हो घटना से संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराकर अपने थाने में विवेचना करवा सकता है।नए कानून में ऑडियो वीडियो इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस साक्ष्य के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों में कठोर कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। वहीं कुछ सामान्य अपराधों की धाराओं में सरल दंड के साथ सुधार स्वरूप सरलता प्रदान की गई है। नए कानूनो में अपराधियों के लिए कडी से कड़ी सजा का प्रावधान है वही पीड़ितों के लिए जल्द से जल्द न्याय का कानून है। वही चेताया कि अब अगर किसी ने झूठा मुकदमा लिखवाया तो सघन जांच से गुजरना पड़ेगा।वही झूठा मुकदमा लिखवाने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। खचाखच भरे सभागार में नए कानूनों की जानकारी हेतु पंपलेट पोस्ट वितरित किए गए।

नए कानूनों की जानकारी देते सीओ विवेक जावला। अमृत विचार

- ठग 420 नहीं 318 कहलाएंगे हत्या पर 302 नहीं अब लगेगी धारा 103

क्या है नये कानून में

- पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया
- राजद्रोह की जगह देशद्रोह बना अपराध
- मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास या मौत की सजा
- पीड़ित कहीं भी दर्ज करा सकेंगे एफआइआर, जांच की प्रगति रिपोर्ट भी मिलेगी
- राज्य को एकतरफा केस वापस लेने का अधिकार नहीं। पीड़ित का पक्ष सुना जाएगा
- तकनीक के इस्तेमाल पर जोर, एफआइआर, केस डायरी, चार्जशीट, जजमेंट सभी होंगे डिजिटल
- तलाशी और जब्ती में आडियो वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य
- गवाहों के लिए ऑडियो वीडियो से बयान रिकार्ड कराने का विकल्प
- सात साल या उससे अधिक सजा के अपराध में फारेंसिक विशेषज्ञ द्वारा सबूत जुटाना अनिवार्य
- छोटे-मोटे अपराधों में जल्द निपटारे के लिए समरी ट्रायल (छोटी प्रक्रिया में निपटारा) का प्रविधान
- पहली बार के अपराधी के ट्रायल के दौरान एक तिहाई सजा काटने पर मिलेगी जमानत
- भगोड़े अपराधियों की संपत्ति होगी जब्त
- इलेक्ट्रानिक डिजिटल रिकार्ड माने जाएंगे साक्ष्य

कौन सा कानून लेगा किसकी जगह

- इंडियन पीनल कोड (आइपीसी)1860 की जगह लागू हो रहा है - भारतीय न्याय संहिता 2023
- क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी) 1973 की जगह लागू हो रहा है - भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023
- इंडियन एवीडेंस एक्ट 1872 की जगह लागू हो रहा है - भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023

ट्रेन से फरार हुए दो आरोपियों को एसटीएफ ने दबोचा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में इकदिल इलाके में चांदनपुर गांव के पास गाजीपुर बांद्रा एक्सप्रेस रेलगाड़ी से ट्रांजिट रिमांड पर ले लाने के दौरान पुलिस हिरासत से फरार हुए दो आरोपियों को स्पेशल टास्क फोर्स ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। कुल तीन आरोपी 17 जून को फरार हुए थे। एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। बाकी दो आरोपियों को एसटीएफ ने दबोच लिया।

17 जून को गाजीपुर बांद्रा रेलगाड़ी इन तीन आरोपियों को पुलिस कड़ी सुरक्षा में ले जा रही थी। सुबह करीब सवा 6 बजे के आसपास पुलिसकर्मी रेलगाड़ी में सो गए और आरोपी बड़े आराम से ट्रेन से फरार हो गए। फरार होने वाले मो. अनीस निवासी रामापुर थाना पूतनपुर तहसील गौरीगंज, प्रतापगढ़, मो. रेहान फारूकी निवासी रजनपुर थाना कुंडा जिला प्रतापगढ़, कलीम अहमद निवासी खानशाहपूरा सिंगरौर, मंसूराबाद के खिलाफ धोखाधड़ी के मुकदमे नागासुपार थाना महाराष्ट्र में दर्ज किया था। पुलिस उन्हें गिरफ्तार करके ट्रांजिट रिमांड पर प्रतापगढ़ से महाराष्ट्र गाजीपुर-बांद्रा ट्रेन से ले जा रही थी। सोमवार को एसटीएफ ने रेहान फारूकी थाना कोतवाली कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ और कलीम निवासी ग्राम राजनपुर, थाना कोतवाली कुण्डा प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। एसओ जीआरपी शैलेष निगम ने बताया कि एक आरोपी अनीस निवासी रामापुर थाना पूतनपुर तहसील गौरीगंज प्रतापगढ़ की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। दो आरोपियों के गिरफ्तार होने की जानकारी मिली है।

पकड़े गये आरोपी। अमृत विचार

- ट्रेन से कूदकर भागे दो आरोपियों को पकड़ा गया, एक आरोपी को जीआरपी पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार

ट्राली चोरी की रिपोर्ट

बकेवर, इटावा। थाना में इसी क्षेत्र में गांव नगला खादर के रहने वाले अन्नू पुत्र राजेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी ट्रैक्टर की ट्राली घर के सामने दरवाजे पर खडी हुई थी 11 जून की रात थाना बसरेहर क्षेत्र में गांव किल्ली का रहने वाला सोनालिका ट्रैक्टर ड्राइवर ट्राली को चोरी कर ले गया। ट्राली चोरी करते हुए लुधियानी चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

हत्या के प्रयास में दो गिरफ्तार

जसवंतनगर, इटावा। बलरई थाना क्षेत्र के गांव नगला विशुन में नव विवाहिता की जलाकर हत्या करने के प्रयास के मामले में पुलिस ने पति सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसओ बलरई अमित मिश्रा ने बताया कि लक्ष्मन पुत्र रामसनेही निवासी सकतपुर की मड़ैया थाना बलरई ने थाने पर सूचना दी थी कि उसने अपनी की बहन जयरानी की शादी 21 अप्रैल 2024 को रवि उर्फ प्रेम निवासी नगला विशुन थाना बलरई के साथ की थी । ससुराल वाले आये दिन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित करते रहते थे । इसी कारण रवि उर्फ प्रेम आदि 08 व्यक्तियों ने 27 जून 2024 की रात्रि को उसकी बहन व भांजे के ऊपर तेल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। सोमवार को पुलिस ने पति रवि व एक महिला को गिरफ्तार कर लिया दोनों कहीं भागने की फिराक में थे।

बीटीसी 2004 के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष सर्वजीत सिंह भदौरिया के नेतृत्व में मधुवन वाटिका में हुई। जिसमें सर्वप्रथम विशिष्ट बीटीसी 2004 बैच के चयनित शिक्षकों को ओपीएस में शामिल करने पर मिठाई बांटी गई। योगी सरकार को इस निर्णय के लिए धन्यवाद तथा कोटिशः आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर संगठन के जिला महामन्त्री उपेन्द्र तोमर, संरक्षक शैलेन्द्र त्रिपाठी, ब्लाक अध्यक्ष भरथना अनिल यादव,सैफई राजीव तिवारी, बढ़पुरा रामेन्द्र चौहान के साथ रविन्द्र राजपूत, दीपक राजपूत, हेमराज सतपाल भदौरिया, अमित राजौरिया,अमित तिवारी, रविन्द्र कुमार विमल ,प्रवीण शंखवार,राजेन्द्र उपस्थित रहे।

- शिक्षकों ने योगी सरकार का जताया आभार

शिक्षकों का मुंह मीठा कराते सर्वजीत सिंह भदौरिया। अमृत विचार

जताया हर्ष सैफई सहित पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया अखिलेश यादव का जन्मदिन , कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को खिलाई मिठाई

पौधे रोपकर व केक काटकर मनाया सपा प्रमुख का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव का जन्मदिन सपा कार्यालय पर हर्षोल्लास से केक काटकर मनाया गया। पीडीए पौधरोपण के अंतर्गत बुद्ध पार्क में पौधरोपण और जिला अस्पताल में फल वितरण एवं केक वितरित किया गया।

सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, गोपाल यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, के के यादव, उदयभान सिंह यादव, अनिल प्रताप यादव, महिला जिलाध्यक्ष सीमा यादव, केपी सिंह शाक्य, अनवार हुसैन, आलोक दीक्षित, चच्चू शुक्ला, टंटी यादव, नरेंद्र कुशवाहा, राजपाल यादव, उत्तम सिंह प्रजापति, आशीष पटेल, उमेश राजपूत डुल्ले, विक्की गुप्ता, सुरेश यादव, अब्दुल अंसारी, आदित्य गोविन्द, रवि यादव विधायक, नरेंद्र पाल, किशन यादव, फरहान शकील, राकेश यादव, धीरेन्द्र यादव, डा आशीष दीक्षित, जसकरन कठेरिया थे। मरीजों को फल बांटे गए और एक हजार पौधे रोपित करने का संकल्प लिया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के गांव सैफई में 51 वां जन्मदिन पर चाचा अभराम सिंह यादव, चाचा राजपाल सिंह यादव एवं भाभी ब्लॉक प्रमुख सैफई मृदुला यादव ने सपा ब्लाक अध्यक्ष संतोष शाक्य,विजय शाक्य ने कार्यकर्ताओं के साथ केट काटकर उनके दीर्घायु की कामना की । ब्लॉक प्रमुख मृदुला यादव ने ब्लॉक परिसर में पीपल क़ा पौधा रोपकर पीडीए पौध रोपण अभियान क़ी शुरुआत भी की। इस दौरान प्रधान रामपाल, गजेंद्र आचार्य, दशरथ सिंह ठेकेदार, विजय यादव आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर इंतिखाब आलम अशरफी आशू, राशिद अली अशरफी,इरशाद राइन, मो. नदीम अशरफी, राजू इकदिल, फूल उद्दीन, समी उद्दीन, शकील राइन आदि मौजूद रहे। सुरेश चंद्र यादव के बल्देव मिष्ठान भंडार पर सुरेश चंद्र यादव बीएमबी, पूर्व मंत्री दयाराम प्रजापति, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बब्लू ने सयुंक्त रूप से केक काटकर जश्न मनाया। इस खुशी के मौके पर शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, नोमान आलम, आलोक दीक्षित, डा. आशीष दीक्षित आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। महेवा संवाददाता के अनुसार सहकारी संघ महेवा के अध्यक्ष पंडित राजीव चौधरी के नेतृत्व में सपा मुखिया का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया । शुभकामना देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान राकेश यादव , विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर ,सुभाष यादव , पूर्व प्रधान मनोज दोहरे ,क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि यतेंद्र दोहरे ,क्षेत्र पंचायत सदस्य मिथुन पांडेय ,पूर्व प्रधान संजय पाल ,रामजी तिवारी , अन्नू पाल ,अजय पाल ने शुभकामनाएं दीं।

सैफई में सपा मुखिया के जन्मदिन समारोह में अभयराम सिंह व राजपाल सिंह।

वकीलों ने मनाया अखिलेश का जन्मदिन

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्म दिन सोमवार को कचहरी में डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के हॉल में धूमधाम के साथ मनाया गया और उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। इस मौके पर डीबीए अध्यक्ष अनिल कुमार गौर एडवोकेट ने कैक काटा और उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर महामंत्री देवेंद्र पाल, अवनीश यादव, राहुल शाक्य,मनोज शाक्य , कार्तिकेय यादव, ब्रजेश दुबे , पदमा मिश्रा,राजू यादव अनिल वर्मा,मैराज अली खान, सोनू यादव ,अभिनय यादव ,भुवनेश यादव,अनिल कश्यप,अमित चौरसिया,सुबोध यादव,जीशान राम सरन सिंह यादव राम नाथ सिंह यादव के अलावा तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

डीबीए हाल में अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते अधिवक्तागण। अमृत विचार

राष्ट्र तभी विकसित होगा जब हर बच्चा शिक्षित होगा

बच्चों के पहले दिन स्कूल पहुंचने पर उनके स्वागत को पहुंचीं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश शर्मा, बच्चों को खिलाई मिठाई

कार्यालय संवाददाता,औरैया

अमृत विचार। डीएम नेहा प्रकाश ने अपने गोद लिए कंपोजिट विद्यालय तुर्कीपुर पहुंच कर नौनिहालों का माला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया व बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित कर उन्हें प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

सदर विकास खंड के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय तुर्कीपुर में प्रवेश उत्सव आरंभ डीएम नेहा प्रकाश द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीएम ने स्कूली बच्चों का तिलक करके माला पहनाकर स्वागत किया। स्कूल चलो अभियान का आरंभ करते हुए डीएम ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को रोजाना स्कूल भेजें। उन्होंने कहा कि शासन ने डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खातों में 1200 रूपये की धनराशि भेजी है। इस धनराशि का सदुपयोग करते हुए जूता, मोजा, यूनिफार्म की खरीद करें। डीएम ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा एक मात्र ऐसा साधन है जो व्यक्ति के जीवन में व्यापक परिवर्तन कर सकता है। राष्ट्र तभी विकसित होगा जब यहां का हर व्यक्ति, हर बच्चा शिक्षित होगा।

उन्होंने मौजूद अभिभावकों व ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों को स्कूल चलो अभियान से जोड़ें। अभियान के दौरान शत-प्रतिशत नामांकन करवाएं। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को अभियान के दौरान अभिभावक एवं बच्चों में व्यापक जागरूकता लाते हुए स्कूल जाने से वंचित बच्चों का स्कूलों में अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। गर्मियों की छुट्टी के बाद स्कूल आए बच्चों के स्वागत के लिए विद्यालय स्टाफ द्वारा स्कूल परिसर व कक्षा, कक्ष को व्यापक रूप से सजाया गया। बच्चे भी इस दौरान उत्साह से लबरेज दिखें।

जनपद के विभिन्न विद्यालयों में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न अधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर बच्चों को माला पहनाकर, मिष्ठान खिलाकर तथा शैक्षणिक सामग्री वितरित कर उन्हें प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बीएसए अनिल कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह, एसआरजी सुभाष रंजन दुबे, एआरपी अश्विनी त्रिपाठी सहित विद्यालय स्टाफ, बच्चे व अभिभावक आदि मौजूद रहे।

बच्चों के साथ खड़ीं डीएम नेहा प्रकाश ,बीएसए व शिक्षक। अमृत विचार

बच्चों का माला पहनाकर व टीका लगाकर स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

बच्चों को बताया साफ-सफाई का महत्व

अजीतमल औरैया। विकासखंड अजीतमल के प्राथमिक विद्यालय रतनपुर गढ़िया में समर कैंप एवं स्कूल चलो अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक रामजी त्रिवेदी ने बताया कि शासन की मनसा के अनुरूप 1 जुलाई से प्रत्येक विद्यालय में समर कैंप एवं स्कूल चलो अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।उसी क्रम में आज प्राथमिक विद्यालय रतनपुर गढ़िया में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में कुल 36 विद्यार्थी है जिनमें से आज 12 उपस्थित रहे। शेष विद्यार्थियों के अभिभावकों से आग्रह किया गया कि बच्चों को विद्यालय भेजने में मदद करें। वहीं दूसरी ओर आज 1 जुलाई से 31 अगस्त तक डायरिया नियंत्रण अभियान चलेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से समस्त विद्यालय के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अपने अपने विद्यालय में शौचालय साफ सुथरा रखे,बच्चो में शौचालय प्रयोग की आदत डाले, बच्चो को भोजन से पूर्व एवम शौच के बाद साबुन से हाथ धोने को प्रेरित करे,व्यक्तिगत साफ सफाई के महत्व के बारे में बताए। एसएमसी, एमटीए, पीटीए की बैठक में डायरिया नियंत्रण के उपायों पर चर्चा करे। आशा और एएनएम के सहयोग से बच्चो को ओआरएस का घोल बनाना सिखाए तथा उसके प्रयोग की विधि भी बताए। इस मौके पर रामजी त्रिवेदी प्रधानाध्यापक,अंकित सिंह सहायक अध्यापक,रघुराज सिंह शिक्षा मित्र आदि स्टाफ मौजूद रहा।

पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों का हुआ स्वागत

- विद्यालयों में गई साफ- सफाई व साज-सज्जा
- बच्चों को स्टेशनरी सेट कापियां व चॉकलेट दी गईं

फफूंद, औरैया । जुलाई माह के पहले दिन स्कूल खुलते ही ब्लाक भाग्यनगर के परिषदीय स्कूलों में नव प्रवेशित बच्चों को स्कूल चलो अभियान के तहत स्वागत उत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों को सहज करने के लिए विद्यालयों में साज सज्जा की गई। गोद लिए स्कूलों में अधिकारी भी पहुंचे और नव प्रवेशित बच्चों का मालाओं व तिलक के साथ स्वागत किया गया।

सोमवार को प्राथमिक विद्यालय बढुआ, तैयबपुर, फक्कड़पुर कोठीपुर, जैतपुर फफूँद, फफूँद द्वितीय सहित जूनियर विद्यालय तररई व कोठीपुर आदि में नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत किया गया। प्राथमिक विद्यालय बढुआ में आयोजित कार्यक्रम में डॉयट प्रवक्ता डॉ विजय कुमार पहुंचे।

उन्होंने स्टाफ के साथ मिलकर स्कूल में आने वाले व नव प्रवेशित बच्चों का टीका कर एवं फूल माला डालकर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया।उन्होंने नव प्रवेशित बच्चों को स्टेशनरी सेट व कापियां व चॉकलेट दीं।

पौधरोपण कर लोंगो को दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

- महामाया मंगला काली मंदिर में हुआ पौधरोपण, पौधों की देखभाल और सुरक्षा मंदिर के सेवादारों को सौंपी गई

कार्यालय संवाददाता औरैया

अमृत विचार। समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए गत् वर्षों की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक स्थानों व धार्मिक स्थलों को क्लीन व ग्रीन रखने के उद्देश्य से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में विगत 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से जीवनधारा पौधरोपण अभियान लक्ष्य-5100 पौधों के पौधारोपण हेतु पौधरोपण अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। रविवार को समिति द्वारा औरैया नगर से लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर बीहड़ में स्थित सिद्ध पीठ महामाया मंगला काली मंदिर परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया, जिसके अंतर्गत समिति के सदस्यों ने सिद्ध पीठ मां मंगला काली माता की पूजा-अर्चना व प्रसाद वितरण करने के उपरांत मंदिर परिसर में अशोक, सिंदूर, मधु कामिनी, पारिजात, बरगद, आँवला, नीम, पकड़िया, गुड़हल, चितवन, चांदनी, गुलाब आदि सर्वाधिक आक्सीजन देने वाले लंबी आयु के पौधों का पौधारोपण किया, पौधों की सुरक्षा व देखभाल की जिम्मेदारी मंदिर के सेवादारों को सौंपी गई, कार्यक्रम संयोजक पर्यावरण प्रहरी मनीष पुरवार (हीरु) द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वस्थ पौधे उपलब्ध कराए गए। अभियान के अंतर्गत समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि प्राकृतिक धरोहर से अनावश्यक छेड़छाड़ करने पर तमाम प्राकृतिक आपदाओं के कहर का संकेत पर्यावरण असंतुलन के रूप में हम लोगों को देखने को मिल रहा है। जीवनधारा पौधारोपण अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों, मार्गो व मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, स्कूल, कॉलेजों, महाविद्यालयों सार्वजनिक पार्कों आदि स्थानों पर पौधारोपण व लोगों के मनपसंद के पौधों का निःशुल्क वितरण समिति द्वारा किया जा रहा हैं। पौधारोपण अभियान में प्रमुख रूप से पर्यावरण के सजग प्रहरी मनीष पुरवार, सुनील अवस्थी, संतोष कुशवाहा, अनूप बिश्नोई, देवेंद्र आर्य, वेदांत शुक्ला, अजय बिश्नोई, हिमांशु आदि रहे।

प्रभु जगन्नाथ जी 7 को करेंगे नगर भ्रमण

औरैया। समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति की महिला शाखा तुलसी "सखी ग्रुप" द्वारा गत् वर्षो की भांति इस वर्ष भी प्रभु जगन्नाथ जी की विशाल शोभायात्रा 7 जुलाई रविवार को दोपहर 3 बजे फूलमती मंदिर से प्रारंभ होकर औरैया शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी, कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मी बिश्नोई व डॉ. अनूप ने प्रभु जगन्नाथ जी के भक्तों व नगर के श्रद्धालुओं से शोभायात्रा में सम्मिलित होने की अपील की हैं।

रात्रि में खेत की तराई कर लौट रहा ट्रैक्टर खड्ड में गिरा, ड्राइवर की मौत

संवाददाता ऐरवा कटरा, औरैया

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम सुरैंधा के मजरा किशनपुर में रात के 10 बजे इटैली गांव से आया ट्रैक्टर कंप्यूटर तन्ना एक किसान के खेत में तराई करने लगा रात के 2 बजे बारिश होने की वजह से खेत की तराई का कार्य बंद हो गया था।

संजय कुमार।

ट्रैक्टर कंप्यूटर तन्ना गांव इटैली वापस जाने लगा गांव किशनपुर से 200 मीटर दूरी पर निकला ही था कि वर्षा की वजह से ट्रैक्टर का टायर फिसल जाने से वह खड्ड में गिर गया। ट्रैक्टर ड्राइवर गिरने से ट्रैक्टर का बड़ा टायर उसके पेट पर आ गया और रात में ट्रैक्टर वहीं खड्ड में पड़ा रहा जब गांव के लोग सोमवार की सुबह शौच क्रिया के लिए निकले तो गिरा हुआ ट्रैक्टर देखा। गांव के लोग इकट्ठे हुए और ड्राइवर को बाहर निकाला लेकिन तबतक ड्राइवर की मौत हो गई थी, जिसकी पहचान संजय कुमार यादव 28 ग्राम गाजीपुर के मजरा इटैली थाना ऐरवा कटरा के रूप मे हुई। परिजनों को सूचित किया गया। मृतक संजय की शादी को अभी मात्र दो ही महीने हुए थे। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी संत प्रकाश पटेल हमराही फोर्स के साथ घटनास्थल पर आए।

मृतक के रोते-बिलखते परिजन । अमृत विचार

स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्र छात्राओं के चेहरे

फफूंद, औरैया। उत्तर प्रदेश में अध्ययनरत छात्रो के सशक्तिकरण के लिए प्रदेश सरकार स्मार्ट फोन वितरण योजना चला रही है इसी क्रम में कस्बा स्थित श्री राधा कृष्ण महाविद्यालय कटरा में छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण किये गये। श्री राधा कृष्ण महाविद्यालय कटरा के सभागार में सोमवार को 271 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किये गए। बी एस सी तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन एक सादा कार्यक्रम में वितरित किये गये श्री राधा कृष्ण इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य सुधीर त्रिपाठी ने छात्रों को स्मार्ट फोन देते हुए कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल, स्मार्ट फोन आदि के बिना शिक्षा पूर्ण नहीं हो सकती। बशर्ते इसका प्रयोग सकारात्मक हो।

नए कानून के बारे में जानकारी देते सीओ राममोहन शर्मा। अमृत विचार

बदले कानूनों के बारे में दी जानकारी

ककोर,औरैया । देश में तीन नए आपराधिक कानून को देश भर में लागू कर दिया गया। उससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव हो गया और औपनिवेशिक काल के कानून का अंत हो गया। तीनों नए भारतीय न्याय कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम जो भारतीय दंड संहिता 1860 आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1898 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का स्थान ले लिया है। इन तीनों धाराओं में अहम बदलाव हो गया ।पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था । अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के अंतर्गत सजा मिलेगी जिसमें जीरो एफ आई आर पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करना एसएमएस के जरिए सम्मन भेजने के लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम की मदद ली जाएगी। अब आपराधिक मामलों का फैसला 45 दिन के भीतर आएगा । ठग वाले 420 के बजाय 316 कहलाए जाएंगे और हत्या के प्रयास में धारा 109 लगेगी । इस मामले की उक्त जानकारी महिला थाना अध्यक्ष निशा चौधरी ने आए हुए फरियादियों ,हमराही और पूरे स्टाफ को जानकारी दी। साथ ही साथ बताया सभी को देश के कानून का पालन करना चाहिए।अब देशद्रोह में धारा 152 दुष्कर्म धारा 63, मानहानि में 356, ठगी में 316 के अंतर्गत कार्रवाई होगी। इस अवसर पर महिला थाना अध्यक्ष निशा चौधरी ,दीपक कुमार चंद्रकांति मिश्रा, कंचन आदि रहीं।

नई परिभाषा के साथ लागू हुए नए कानून

संवाददाता अयाना,औरैया

अमृत विचार। केंद्र सरकार ने ब्रिटिश काल से चले आ रहे तीन आपराधिक कानूनों के स्थान पर सोमवार को नए कानून लागू हुए। इसको लेकर सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा, अपराध निरीक्षक गंगा सिंह ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों को थाना परिसर में बुलाकर फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्हें नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

सीओ ने बताया कि नए कानून जहां एक ओर पीड़ितों को सुलभ व शीघ्र न्याय का मार्ग प्रशस्त करेंगे वहीं अपराधियों को उनके अपराध के अनुरूप कठोर दंड सुनिश्चित करेंगे। तीनों नए कानून आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने का काम करेंगे। नए कानून में जहां एक ओर कुछ अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा के प्रावधान को शामिल किया गया। वहीं कुछ अपराधों के लिए कम्युनिटी सर्विस की सजा का प्रावधान किया गया है। नए कानून में मुकदमे के शीघ्र निपटारे के लिए समय सीमा निर्धारित होगी वहीं कानून में फोरेंसिक साइंस के इस्तेमाल का भी प्रावधान होगा। नए कानूनों में जहां कुछ धाराओं को हटाया गया है। कई धाराओं में बदलाव किया गया है और नई धाराओं को जोड़ा गया है। भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थीं। जबकि भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं है। इसी तरह दंड प्रक्रिया संहिता में और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर लागू होने वाले नए कानूनों भारतीय नागरिक न्याय संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम में नई परिभाषाओं के साथ धाराओं को बढ़ाया गया है। भारतीय न्याय संहिता में पहली बार कम्युनिटी सर्विस को दंड में शामिल किया गया है इसका मकसद छोटे अपराधों को करने वाले अपराधियों को समाज सेवा करने का दंड देना है। जिससे उन्हें अपने अपराध का अहसास हो और जेल में कैदियों की संख्या पर भी नियंत्रण रहे। आपराधिक मामलों में अब आईपीसी की जगह पर बीएनएस का प्रयोग किया जाएगा। बैठक में थाना क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, ग्राम प्रधान, धर्म गुरु आदि मौजूद रहे।

क्या है कम्युनिटी सर्विस

भारतीय न्याय संहिता में कम्युनिटी सर्विस की सजा का प्रावधान जोड़ा गया है। इस प्रकार की सजा सामान्य अपराधों में दोषी पाए जाने पर दी जाएगी जैसे आत्महत्या की कोशिश करना, छोटी मोटी चोरी, शराब पीकर हुड़दंग करना व मानहानि जैसे अपराधों में लोगों की सेवा करने की सजा मिल सकती है। भारतीय न्याय संहिता में कम्युनिटी सर्विस को परिभाषित किया गया है। इसके अनुसार कोर्ट किसी दोषी को कम्युनिटी सर्विस की सजा भुगतने का आदेश दे सकती है जिससे लोगों को फायदा हो। इस सजा में दोषी को कोई मेहनताना नहीं मिलेगा। समाज सेवा करने की सजा के तहत दोषी को किसी एनजीओ के लिए अथवा सामुदायिक संस्था के साथ काम करना होगा। उधर अजीतमल कोतवाली परिसर नए भारत के नए कानून पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। पीस कमेटी की बैठक में व्यापारी, नगर के संभ्रांत लोग, ग्राम प्रधान ,स्कूल के बच्चे आदि लोगों को बुलाकर बैठक में नए भारत के नए कानून पर चर्चा हुई।

हिन्दू युवा मोर्चा संघ के विस्तार पर रहा जोर

संवाददाता फफूंद,औरैया

अमृत विचार। हिन्दू युवा मोर्चा संघ नगर ईकाई फफूंद की बैठक हिन्दू युवा मोर्चा संघ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में बड़ी माता मन्दिर पर संपन्न हुईं जिसकी अध्यक्षता हिन्दू युवा मोर्चा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा ने की राम कृपाल दीक्षित बैठक के मुख्य अतिथि रहे बैठक का संचालन अशोक शर्मा ने किय। उन्होंने संगठन के विस्तार पर जोर दिया।

बैठक में हिन्दू युवा मोर्चा संघ के लगभग सभी पदाधिकरी व संरक्षक मण्डल व सभी सम्मानित महानुभाओ की मौजूदगी रही। जिसमे संरक्षक मण्डल अशोक शर्मा,ओबरन सिंह राजपूत, राम कृपाल दीक्षित, अनिल कुशवाहा की तथा पदाधिकारियों मे भारत सिंह कुशवाहा संजीव वर्मा नितिन त्रिपाठी अवनीश अवस्थी रामवीर कुशवाहा नगर मीडिया प्रभारी व संजू राजपूत अभिषेक (देवा मिश्रा) अनुज कुमार रामवीर कुशवाह लक्ष्मण सिंह कुशवाहा मनोज कुमार शिवम राजपूत विकास सविता वीरेन्द्र कुमार कमलेश कुमार आशुतोष चंद्रेश कुमार अशोक कुमार दुर्गेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे। बैठक को संबोधन राम कृपाल दीक्षित, ओबरन सिंह अशोक शर्मा संजीव वर्मा अवनीश अवस्थी नितिन त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया और सभी ने अपने अपने विचार रखे।

बैठक के बाद मौजूद हिंदू युवा मोर्चा संघ के पदाधिकारी । अमृत विचार

उत्साह | सपाइयों ने राहगीरों को बांटी मिठाई, ढोल -नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमे कार्यकर्ता

सपाइयों ने केक काटकर मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता,औरैया

अमृत विचार। सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय ककोर में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन केक काटकर एवं इसके बाद पीडीए ने पौधरोपण कर ने धूमधाम से जन्मदिन मनाया ।

समाजवादी पार्टी के जिलाअध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने बताया कि 07 जुलाई तक ऐसे ही बराबर गांव - गांव पौधरोपण किया जायेगा। बिधूना विधायक रेखा वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी के हर लगनशील कार्यकर्ता की वजह से समाजवादी पार्टी देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनके उभरी है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ओम प्रकाश ओझा, श्याम बाबू यादव,रानू पालीवाल, ध्यानचंद यादव, खुशी राम निषाद, शिवसिंह पाल,अनवर यादव, अनिल पाल,सुभाष यादव, पूतन यादव फौजी, महिला सभा की जिलाध्यक्ष रश्मि यादव, लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष ध्रुव यादव, अनिल तिवारी,अजय यादव बमरीपुर,सोनू गौतम,गौरव यादव,विनय यादव पतरे एवं मीडिया प्रभारी शोभित यादव, हीरू सहित एक सैकड़ा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

केक काटते सपा के जिलाध्यक्ष , विधायक व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

सपाइयों ने 2027 में सपा की सरकार बनाने का लिया संकल्प

बिधूना औरैया । सोमवार को नगर एवं क्षेत्र में सपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सपा विधायक रेखा वर्मा, डाक्टर नवीन वर्मा, राजेश यादव, दादा ज्ञान सिंह यादव,छत्रपाल सिंह वर्मा नरेश यादव, लालजी गुप्ता, सुरेन्द्र यादव डाक्टर राजपाल सिंह कश्यप आदि ने डाक्टर राम मनोहर लोहिया पार्क में पीडीए को मजबूत करने के संकल्प के साथ पौधरोपण किया। जबकि केक काट कर कार्यकर्ताओं में वितरित किया गया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने उनके लंबी उम्र की कामना के साथ 2027के विधानसभा चुनाव में सपा की भारी बहुमत से सरकार बनाने का संकल्प लिया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी और पीडीए मजबूत हो रहा है। उधर सांसद भक्त लकी यादव के नेतृत्व में भी युवाओं ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का जन्मदिन सेवा और संकल्प के रुप में मनाया ।इस अवसर पर वीपी यादव अनिल चौहान शनि तिवारी सुनील यादव आदि मौजूद थे।

पौधरोपण करते पार्टी के कार्यकर्ता । अमृत विचार

धूमधाम से मनाया सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जन्मदिन

अजीतमल औरैया । विकासखंड अजीतमल के श्री शिव शक्ति पैलेस आदमपुर में सपा कार्यकर्ताओं ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 52 वें जन्मदिन पर मुख्य अतिथि सपा के पूर्व विधायक मदन गौतम ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर और वृक्ष लगाकर जन्मदिन मनाया। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लेने की बात कही। इस मौके पर बबलू यादव, बड़े सिंह गौर, राहुल तिवारी ,नादान सोनी ईकलाख खा ,अनिल गुप्ता, माधव राजावत ,नूरुद्दीन ,विक्रम सोनी, इच्छाराम गुप्ता, हिमांशु पाल ,अखिल पाल, नंदकिशोर दुबे, सोनू यादव, निर्मेष राजपूत, जयराम, लाल सिंह राजपूत, शिवकांत तिवारी, कमलेश उर्फ पप्पी गौतम ,ओमवीर यादव, नंदकिशोर पोरवाल बंगाली, भजन सिंह राजपूत, दीपक सविता आदि सपा कार्यकर्ता और नगर वासी मौजूद रहे।

एक नजर

तीन सौ से ज्यादा सहायक अभियंताओं के पद खाली

अमृत विचार, लखनऊ : ऊर्जा निगमों में तीन सौ से ज्यादा सहायक अभियंताओं के पद खाली हैं। विद्युत सेवा आयोग इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं कर रहा है। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को पत्र लिखकर भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है।

लक्ष्य पूरा न करने वाली एजेंसियां पर होगी कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने बिलिंग एजेंसियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को सही मीटर रीडिंग का बिल उपलब्ध कराएं। लक्ष्य पूरा न होने पर एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कई आईएएस अधिकारियों के तबादले

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने सोमवार को कई आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। नितिन बंसल को स्थानीय निकाय निदेशक से प्रभारी आयुक्त राज्य कर बनाया गया है। इस पद पर तैनात रहीं मिनिस्ती एस लंबी छुट्टी पर हैं। अभी तक आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था, पर अब स्थायी कार्यभार दिया गया है। राकेश कुमार मिश्रा को प्रबंध निदेशक जल निगम (शहरी) से प्रभारी दुग्ध आयुक्त बनाया गया। रमाकांत पांडेय को प्रबंध निदेशक चीनी मिल संघ से प्रभारी प्रबंध निदेशक जल निगम शहरी बनाया गया है। टीके शीबू को राजस्व परिषद से विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के पद पर भेजा गया है। एकता सिंह को अपर आयुक्त बैंकिंग (कोआपरेटिव सोसाइटी) से अपर राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान बनाया गया है।

वरिष्ठ चिकित्सकों से लेकर बेसिक हेल्थ वर्कर के देर रात तक हुए तबादले

अनुरोध को दी प्राथमिकता, पारस्परिक स्थानांतरण भी किए गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 185 डॉक्टरों और 322 फार्मासिस्टों के हुए स्थानांतरण

▸▸ बेसिक हेल्थ वर्कर को भी मिली मनचाही तैनाती

अमृत विचार: मनमुताबिक तबादला अवधि के आखिरी दिन रविवार को स्वास्थ्य विभाग में भी ग्रेड वन के डॉक्टर से लेकर विशेषज्ञ डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ के भी ट्रांसफर की सूचियां जारी होती रहीं। डॉक्टरों में 185 तो फार्मासिस्टों में 322 के तबादले हुए हैं। वहीं हेल्थ एजुकेशन ऑफिसर (एचईओ) के साथ ही बेसिक हेल्थ वर्कर को भी अनुरोध पर मनचाही तैनाती मिली है।

स्वास्थ्य विभाग में 26 वरिष्ठ चिकित्सकों के स्थानान्तरण सूची के साथ ही 10 विशेषज्ञ डॉक्टरों को जरूरत के आधार पर विभिन्न अस्पतालों में तैनात किया गया है, इनमें सर्जन डॉ. राजकुमार को बदायूं जिला अस्पताल में, आर्थोपैडिक डॉ.शुशांतों भौमिक को ट्रामा सेंटर जानकीपुरम में, पैथोलॉजिस्ट डा.शौकत अली को आजमगढ़, ईएनटी विशेषज्ञ आनन्द कुमार जायसवाल को प्रयागराज में ही मोतीलाल नेहरू अस्पताल में, पैथेलॉजिस्ट डॉ.धर्मेन्द्र सिंह को संतकबीर नगर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अरविंद कुमार को सुल्तानपुर से गोंडा भेजा गया, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के डॉ.अनुपम कुमार को लखनऊ में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल, बालरोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद को वाराणसी और डॉ.सचिन कुमार को मेरठ से बाराबंकी सीएमओ के अधीन तैनात किया गया है।

इसके अलावा विभिन्न विशेषज्ञता के 11 डॉक्टरों को मऊ में नवनिर्मित 100 बेडेड हास्पिटल में तैनाती दी गई। डेढ़ दर्जन डॉक्टरों को अनुरोध में दूसरे जिले में सीएमओ के अधीन तैनाती दी गई और ग्रेड वन के पांच चिकित्सकों को मनचाहे अस्पताल में तैनात करते हुए आदेश स्वास्थ्य महानिदेशक ने जारी किया है। इतना ही नहीं, ग्रेड टू व थ्री के 21 डॉक्टरों को मनचाही तैनाती मिली है।

निदेशक प्रशासन बने शिव सहाय अवस्थी

स्थानान्तरण सत्र में स्वास्थ्य विभाग में निदेशक प्रशासन डॉ. राजागणपति के जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर बनाए जाने के बाद, सोमवार को उनके स्थान पर विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। यह निर्देश प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने जारी किया है।

टेक्नीशियन की भी सूची जारी

स्वास्थ्य विभाग में 38 एक्स-रे टेक्नीशियनों के तबादलों की सूची जारी हुई हैं, सूची में दो एक्स-रे टेक्नीशियनों को अदला-बदली में नवीन तैनाती दी गई है। वहीं विभिन्न जिलों के अस्पतालों में कार्यरत 115 लैब टेक्नीशियनों को अनुरोध पर नवीन तैनाती मिली हैं। तबादलों में पहली सूची में 93 और दूसरी में सात के साथ ही चार लैब टेक्नीशियन के पारस्परिक तबादले किए गए। वहीं 11 सीनियर लैब टेक्नीशियनों को भी नवीन तैनाती देते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने आदेश जारी किया है।

पैरामेडिकल को मिला लाभ

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर ने राजकीय नेत्र परीक्षण अधिकारी संवर्ग के 45 और प्रयोगशाला सहायक के 36 कर्मियों के स्थानान्तरण सूची जारी की है। निदेशक दंत डॉ.राघवेन्द्र कुमार मिश्र ने 66 डेंटल हाईजेनिस्ट के तबादलों की सूची रविवार देर रात जारी की, उन्होंने बताया कि अधिकांश को अनुरोध पर तैनाती मिली है। वहीं मातृ एवं शिशु कल्याण के संयुक्त निदेशक ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और बेसिक हेल्थ वर्करों के भी अनुरोध को तरजीह देते हुए 34 नाम की स्थानान्तरण सूची जारी की है। इसके अलावा 22 डार्क रूम सहायकों को भी नवीन तैनाती मिली है।

फार्मासिस्ट भी हुए लाभान्वित

स्वास्थ्य विभाग में सबसे ज्यादा 472 तबादले फार्मासिस्ट संवर्ग में हुए हैं, पहली सूची में 287 और दूसरी में 26 अन्य फार्मासिस्टों को नवीन तैनाती दी गई। इसके अलावा नौ फार्मासिस्टों को पारस्परिक स्थानान्तरण का लाभ मिला है। वहीं चीफ फार्मासिस्ट पद पाए 159 फार्मासिस्टों को भी पद के अनुसार नवीन तैनाती मिल गई।

एचईओ को मिला दूसरे जिले का लाभ

संगठन के दबाव और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (एचईओ) के निजी अनुरोध को ध्यान में रखते हुए 17 एचईओ को दूसरे जिले में स्थानान्तरित कर दिया गया है। संयुक्त निदेशक अशवनी कुमार ने देर रात पहली सूची में आठ एचईओ और दूसरी सूची में नौ एचईओ को शामिल करते हुए आदेश जारी किया।

नर्सिंग संवर्ग में भी जारी हुई सूची

निदेशक नर्सिंग डॉ.अनीता शर्मा ने 150 नर्सेस के नाम की स्थानान्तरण सूची जारी की, सूची में उपचारिका, सिस्टर और स्टाफ नर्स शामिल हैं।

अनपरा सी समेत चार इकाइयां ठप

अमृत विचार, लखनऊ: ओबरा की एक इकाई को छोड़कर उत्पादन बिजलीघरों में पहले से बंद चल रही सभी इकाइयां चालू हो गईं, पर सोमवार को अनपरा सी समेत चार अन्य इकाइयां ठप हो गईं। इससे उत्पादन बिजलीघरों में फिर बिजली संकट की स्थिति बन गई। दूसरी ओर, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली की किल्लत बनी रही। गर्मी व उमस के बीच बिजली न मिलने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा सी की 600 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट और हरदुआगंज की 105 मेगावाट व 250 मेगावाट की दो इकाइयां ठप हो गईं जबकि पहले से बंद चल रहीं ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो सकी। इससे राज्य के उत्पादन बिजलीघरों में करीब 1700 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया।

उप्र. और अयोध्या को बदनाम करने की साजिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अयोध्या में मुआवजे को लेकर राहुल गांधी के बयान पर मुख्यमंत्री का पलटवार

अमृत विचार: संसद में अयोध्या में विस्थापितों को दिये गये मुआवजे को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा पलटवार किया है। योगी ने कहा कि राहुल का बयान उप्र. और अयोध्या को बदनाम करने के लिए दिया गया है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में विभिन्न विकास कार्यों के दौरान विस्थापित हुए लोगों को 1733 करोड़ रुपए की धनराशि मुआवजे के तौर पर प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री सोमवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

इस बीच मुख्यमंत्री सूचना परिसर से अयोध्या में बांटे गए मुआवजे की विस्तृत जानकारी साझा की है। इस क्रम में अयोध्या एयरपोर्ट के लिए 952.39 करोड़, अयोध्या बाईपास (रिंग रोड) के लिए 295 करोड़, राम जन्मभूमि पथ में 14.12 करोड़, भक्ति पथ में 23.66 करोड़, रामपथ में 114.69 करोड़, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 29 करोड़, चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 119.20 करोड़, रुदौली-रोजागांव रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे दोहरीकरण के निर्माण के लिए 35.03 लाख, एनएच 330ए के निर्माण के लिए 163.90 करोड़, एनएच 227बी के पैकेज 3 के अंतर्गत 21.09 करोड़ रुपये समेत अबतक कुल 21,548 व्यक्तियों, विस्थापितों को मुआवजा दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त दुकानों का सौंदर्यीकरण कराया गया।

2500 सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से जल्द लैस होंगे कई जिले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश के कई जिले जल्द 2500 सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से 'लैस' होंगे। यूपीनेडा ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। 29.78 करोड़ रुपए से कार्यों को पूरा किया जाएगा। यूपीनेडा ने एजेंसी निर्धारण प्रक्रिया के लिए आवेदन मांगे हैं।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत 29.78 करोड़ की योजना से कार्यों को किया जाएगा। यूपीनेडा की ओर से एजेंसी निर्धारण प्रक्रिया के लिए आवेदन गये हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा व स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रसार को बढ़ाने व आम लोगों में इसके प्रति जागरूकता लाने के भी विभिन्न प्रयास कर रही है। ऐसे में प्रदेश के विभिन्न जिलों को सौर ऊर्जा चालित सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से 'लैस' करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन पर हो रहा काम

यूपीनेडा की ओर से लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन के विकास के लिए भी कार्य शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन को जिम्मेदारी सौंपा गई है। यूपीनेडा की वेबसाइट पर लैंड बैंक पोर्टल के जरिए आउटलाइन एप्लिकेशन मैनेजमेंट, रेगुलर कॉम्पलायंस, जैसे कई कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेगा।

मेडिकल कॉलेजों में भेजे गए 25 शिक्षक

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश के राजकीय और नए मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को पूरी करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्थानान्तरण सत्र में 25 शिक्षकों के तबादले किए हैं।

स्थानान्तरण के तहत सहारनपुर मेडिकल कॉलेजो के शिक्षकों को दूसरे मेडिकल कॉलेजों में भेज दिया गया, जबकि वहां पर एक भी शिक्षक को नहीं भेजा गया। वहीं सबसे ज्यादा झांसी मेडिकल कॉलेज को पांच शिक्षक मिले, मेरठ मेडिकल कॉलेज को चार, आगरा मेडिकल कॉलेज को भी चार, कानपुर मेडिकल कॉलेज में तीन और कानपुर के राजकीय मेडिकल कालेज में एक, प्रयागराज में एक, कन्नौज, अंबेडकर नगर, बदायूं, जालौन, आजमगढ़ और गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में शिक्षकों को भेजा गया।

प्रदीप बने लखनऊ के एआरटीओ प्रशासन

अमृत विचार: परिवहन विभाग ने तबादला नीति के तहत कई प्रदेश भर के कई आरटीओ, एआरटीओ सहित बाबुओं को इधर-उधर किया गया है। इसी कड़ी में लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में तैनात प्रभारी आरटीओ (प्रशासन) उदयवीर सिंह को मिर्जापुर का आरटीओ प्रशासनके पद पर तैनात किया गया है। लखनऊ के एआरटीओ (प्रशासन) अखिलेश कुमार द्विवेदी को लखीमपुर-खीरी में एआरटीओ प्रशासन के पद पर तैनात किया गया है। मथुरा में तैनात रहे एआरटीओ (प्रशासन) प्रदीप कुमार सिंह को लखनऊ के एआरटीओ प्रशासन के पद पर तैनाती मिली है।

256 आयुष्मान आरोग्य मंदिर हुए एन्क्वास प्रमाणित

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश के 256 स्वास्थ्य इकाइयों (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एन्क्वास) सर्टिफिकेट मिल चुका है। वहीं निर्धारित लक्ष्य के तहत प्रदेश में मौजूद 50 फीसदी आयुष्मान आरोग्य मंदिर साल 2025 के अंत तक एन्क्वास प्रमाणित हो जाएंगे। वहीं 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों के प्रमाणित होने का लक्ष्य रखा है। इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लोगों को घरों के नजदीक वर्ल्ड क्लास हेल्थ फैसिलिटीज उपलब्ध हो रहीं हैं। नेशनल हेल्थ मिशन(एनएचएम) के महाप्रबंधक डॉ. निशांत कुमार जायसवाल ने बताया कि अगले तीन महीने में इतनी ही और स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास प्रमाण पत्र मिलने की उम्मीद है।

धर्म दर्शन

बौद्ध पाली ग्रंथों में अयोध्या

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

बौद्धगया और पाटलिपुत्र के बौद्ध तीर्थो एवं सापना केन्द्रों में लिखे गए बौद्ध पाली ग्रंथों के अनुसार प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या का दीर्घ कालोपरान्त लगभग छठी शती ईसापूर्व में हुए तथागत बुद्ध से अत्यन्त महत्वपूर्ण संबंध रहा है, जिनमें उनकी कम से कम दो अयोध्या यात्राओं तथा प्रवचनों का विस्तृत विवरण बौद्ध साहित्य में उपलब्ध है। भगवान बुद्ध के अयोध्या से हार्दिक लगाव का अकाट्य प्रमाण "मज्झिम निकाय" में उनका एक संबोधन "कोसलक" (कोसलका वासी) है। बौद्ध पाली ग्रंथो में अयोध्या को "अयोज्झ" या "अयुज्झनगर" लिखा गया है, किंतु उसका सबसे लोकप्रिय नाम "साकेत" है। बुद्ध के समय अयोध्या अथवा साकेत की गणना बुद्धकालीन भारत के छः महानगरों में होती थी। ये नगर क्रमशः श्रावस्ती, साकेत, प्रतिष्ठान, राजगृह, वाराणसी तथा तक्षशिला हैं। तथाबुद्ध के अतिरिक्त बौद्धभिक्षु आनन्द (गौतम बुद्ध का चचेरा छोटा भाई) तथा प्रबुद्ध सारिपुत्र की साकेत या अयोध्या यात्राओं बौद्ध धर्म ग्रंथों में कई बार उल्लेख है। सारिपुत्र की गणना, बुद्ध के निकट शिष्यों एवं 'थेरवाद' के प्रमुख प्रचारकों में की जाती है। बौद्ध मूर्तिकला में सारिपुत्र को प्रायः तथागत बुद्ध की प्रतिमा के दाहिनी ओर चित्रित किया गया है। उल्लेखनीय ब्राह्मण वंशीय प्रकाण्ड बौद्ध चिन्तक भिक्षु सारिपुत्र की गणना बुद्ध के प्रारम्भिक प्रमुख शिष्यों में की जाती है।

ऐसा प्रतीत होता है कि बौद्ध लेखकों ने बिना साकेत या अयोध्या को यात्रा किए ही एक भयंकर भौगोलिक गलती कर दी और पाटलि पुत्र की भांति साकेत या अयोध्या को भी गंगा नदी का तटवर्ती लिख दिया है। यही भूल या गलती सातवीं शती में हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आए चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी की है। नेपाल की सीमा के निकटवर्ती श्रावस्ती (पूर्व के बहराईच एवं आज के श्रावस्ती (सेत-महेत) को, कोसल की दूसरी राजधानी के रूप में बसाने का श्रेय कोसलाधीश श्रीराम के पुत्र लव को है। बौद्ध ग्रंथ 'दीघ निकाय' के अनुसार बौद्ध धर्म के भिक्षुओं के द्वारा दक्षिण दिशा स्थित प्रतिष्ठान की यात्रा के समय श्रावस्ती से प्रस्थान के बाद पहिला पड़ाव या विश्रामस्थल साकेत (अयोध्या) की दूरी छः योजन या चौबीस कोस थी। बौद्ध साहित्य में सरयू को 'सरभ' कहा गया है। जैन आदि पुराण के अनुसार अपने भव्य प्रासादों (भवनों) के कारण पर फहराते ध्वज-पताकाओं के कारण ही अयोध्या को ही साकेत कहा गया। इसीलिए हिन्दू विष्णु पुराण में बौद्धों के 'साकेत' को ही 'साकेतु" कहा गया है।

सामवेद और सामगान के स्वर

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

सामगान के स्वर-सामयोनि के मंत्रों का आश्रय लेकर ऋषियों ने गान मंत्रों की रचना की है। यह गान चार तरह के हैं- ग्राम गेय गान, जिसे प्रकृति गान तथा वेय गान भी कहते हैं। आरण्यक गान, ऊह गान, ऊह्य गान या रहस्य ज्ञान। इन गानों में वेयगान पूर्वार्चिक सामवेद के प्रथम पांच अध्याय के मंत्रों के ऊपर होता है। अरण्यगान, आरण्यपर्व के निर्दिष्ट मंत्रों पर ऊह और ऊह्य गान उत्तरआर्चिक में उल्लिखित मंत्रों पर मुख्यतः गाया जाता है। भिन्न शाखाओं में इन गानों की संख्या अलग-अलग है। सबसे अधिक गान जैमिनीय शाखा में मिलते हैं।

भारतीय संगीत शास्त्र का मूल इन्हीं साम गानों पर आधारित है। सामगान की पद्धति का ज्ञान अत्यंत दुरूह है। एक तो यूं ही साम के जानने वाले कम हैं, उस पर सामगान को ठीक स्वर में गाने वालों की संख्या तो उंगलियों में गिने जाने लायक है। यदि गायक के गले में लोच हो और वह उचित मूर्छना, आरोह-अवरोह का विचार कर सामगान करे, तो मंत्रार्थ न जानने पर भी भावों की दिव्य अनुभूति हुए बिना नहीं रहती। नारद शिक्षा के अनुसार साम के स्वरमंडल में-सात स्वर, तीन ग्राम, इक्कीस मूर्छना तथा उनचास (49) तान हैं। इन सातों स्वरों की तुलना वेणु स्वरों से भी की गई है। साम गानों में यही सात तक के अंक तत्तत् स्वरों के स्वरूप को सूचित करने के लिए लिखे जाते हैं। सामयोनि के मंत्रों के ऊपर दिए गए अंकों की व्यवस्था दूसरे प्रकार की होती है। साम योनि मंत्रों को सामगानों के रूप में ढालने पर संगीतानुकूल शाब्दिक परिवर्तन भी किए जाते हैं, जिन्हें साम विकार कहते हैं जो विकार, विश्लेषण, विकर्षण, अभ्यास, विराम तथा स्तोभ के रूप में जाने जाते हैं।

साम गायन की पद्धति बहुत कठिन है। उसकी ठीक-ठीक जानकारी हो सके, इसके लिए बहुत सूक्ष्म अध्ययन अपेक्षित है। साधारण ज्ञान के लिए यह जान लेना काफी है कि साम गान के पांच भाग होते हैं। प्रस्ताव-यह मंत्र का प्रारंभिक भाग है, जो 'हुं' से प्रारंभ होता है। इसे प्रस्तोता नामक ऋत्विज् गाता है। उदगीथ-इसे साम का प्रधान ऋत्विज उद्गाता गाता है। इसके आरंभ में 'ओंम' लगाया जाता है। प्रतिहार-इसका अर्थ है, दो को जोड़ने वाला। इसे प्रतिहर्ता नामक ऋत्विज् गाता है। इसी के कभी-कभी दो टुकड़े कर दिए जाते हैं। उपद्रव-जिसे उद्गाता गाता है। निधन-जिसमें मंत्र के दो पद्यांश या ओम् रहता है। इसका गायन तीनों ऋत्विज प्रस्तोता, उदगाता तथा प्रतिहर्ता एक साथ मिलकर करते हैं।

उदाहरण के लिए सामवेद का प्रथम मंत्र-अग्न आया हि वीतये गृणानो हव्यदातये। नि होता सत्सि बर्हिषि।। इस मंत्र के ऊपर जिस साम का गायन किया जायेगा, उसके पांचों अंग इस प्रकार होंगे। हुं ओग्नाइ (प्रस्ताव), ओम् आयाहि वीतये गृणानोहव्यदातये (उदगीथ), नि होता सत्सि बर्हिषि ओम् (प्रतिहार), इसी प्रतिहार के दो भेद होंगे जो दो प्रकार से गाये जायेगें।, निहोता सत्सि बर्हिषि (उपद्रव), बहिर्षि ओम्(निधन)।

वर्ग पहेली-118

बाएं से दाएं

1. जिसपर दोष लगाया गया हो, अभियुक्त।
2. 1. पानी के कारण होने वाली नमी, ठंडक 2. सीलन, सील, तरी।
4. 1. पाने या लेने वाला 2. सरकार के अनुरोध पर किसी विवादास्पद संस्था का प्रशासन-भार संभालने वाला व्यक्ति, (रिसीवर)।
7. 1. वह स्त्री जिसका मानसिक संतुलन ठीक न हो 2. जेल में किसी प्रकार का ख़तरा उत्पन्न होने पर बजाई जाने वाली घंटी, खतरे की घंटी, (अलार्म)।
8. बादलों की घटा, मेघवाई, मेघ पंक्ति, घनघटा।

ऊपर से नीचे

1. 1. लाचार, दीन 2. परेशान, तंग 3. ऊबा हुआ, झुंझलाया हुआ।
3. 1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।
5. 1. डांट-डपट करने की क्रिया या भाव 2. घुड़की, डांट, झिड़की।
6. 1. गाय पालने वाली 2. ग्वाले की स्त्री; गोप पत्नी 3. ब्रज की स्त्रियाँ जो कृष्ण से प्रेम करती थीं 4. छिपने वाली 5. सारिवा नामक औषधि।



वर्ग पहेली -117 का हल

1 गु	लें	दा		2 दो
		3 फ़ा		ल
	4 सँ	ड़	सी	त
5 खी		वा		
स	6 नं	दी	मु	7 ख
ना				टा
	8 ख़ु	द	सि	ता	ई

सुडोकू -31

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1			4		7	3
			2		5			9
9						2		8
	4		5	7				2
	2		3		9		5	
3				8	2		6	
5		6						1
4			1		3			
7	1		9			4		

सुडोकू -30 का हल

5	4	1	3	9	2	7	6	8
8	6	2	4	1	7	9	3	5
3	7	9	8	6	5	2	4	1
6	8	5	1	2	4	3	7	9
4	1	3	9	7	6	8	5	2
9	2	7	5	8	3	4	1	6
1	9	6	7	3	8	5	2	4
7	5	8	2	4	1	6	9	3
2	3	4	6	5	9	1	8	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 08.42 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 05.27 तक तत्पश्चात कृतिका 3 जुलाई 4.40 तक।

मेष — आज आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। अविवाहित लोगों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपको सहकर्मियों से प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा।

वृष — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। किन्तु परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके अनुकूल हो जायेंगी। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है।

मिथुन — आज निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी कार्य क्षमता में वृद्धि होगी।

कर्क — आज आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनंद उठायेंगे।

सिंह — आज आप दूसरों का उपकार करने की सोचेंगे। लेकिन लोग आपका आभार व्यक्त नहीं करेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

कन्या — आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है।

तुला — आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

वृश्चिक — आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम के समय मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहेगा।

धनु — आज अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे। कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

मकर — आज दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। नए व्यावसायिक सम्पर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है।

मीन — आज किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है। आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। शाम के समय आप काफी हल्का महसूस करेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 11.47
- सोचा न था — शाम : 05.40

&pictures
- ग्रेट ग्रैंड मस्ती — सुबह : 11.16
- लगान — रात : 07.30

SONY PIX
- द सोशल नेटवर्क — सुबह : 07.25
- गॉडजिला — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- काली का करिश्मा — दोपहर : 12.01
- डी ब्लॉक — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- हम तुमपे मरते हैं — सुबह : 08.18
- बुड्ढा होगा तेरा बाप — रात : 09.01

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मोटू- आखिर आज पता चल ही गया कि पत्नी को बेगम क्यों कहते हैं... क्योंकि शादी के बाद पत्नी बे, गम हो जाती है और सारे गम पति के हिस्से में चले जाते हैं।

पति- क्या तुम जानती हो दुनिया में सबसे ज्यादा शरीफ कौन है?
पत्नी- दुनिया में सिर्फ वही लोग शरीफ हैं।
जिनके मोबाइल में पासवर्ड नहीं है।

लड़की ने प्यार से लड़के के सीने पर अपना सर रखा और बोली- जानू, आपका दिल कितना कुरकुरा है।
लड़का - अरे पगली, दिल कुरकुरा नहीं है, जेब में बीड़ी का बंडल पड़ा है।

परिषदीय विद्यालयों में मनाया गया प्रवेशोत्सव

बच्चों को तिलक लगाकर व खीर पूड़ी और हलवा खिलाकर किया स्वागत, अपना स्वागत देखकर बच्चे हुए खुश

संवाददाता महेवा, इटावा

अमृत विचार। एक जुलाई से खुले स्कूलों में प्रवेशोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। परिषदीय स्कूलों को सजाया गया वहीं प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों ने स्कूल आने वाले बच्चों को रोली तिलक लगाकर कक्षाओं में भेजा। नोडल अधिकारियों ने भी स्कूलों में पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लिया।

प्राथमिक स्कूल नगरिया बुजुर्ग में खंड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह, प्रधान प्रीती कुमारी, प्रधानाध्यापक अनुराधा दोहरे, शिक्षक अन्नू, प्रीती, लालसिंह आदि सहित कई अभिभावक व छात्र मौजूद रहे। उच्च प्राथमिक स्कूल अहेरीपुर में प्रधान प्रतिनिधि संदेश वर्मा, प्रधानाध्यापक ब्रजेंद्र सिंह कुशवाहा ने, प्राथमिक स्कूल महेवा में प्रधानाध्यापक राजेश कुमार तथा महेवा देहात में राहत रहमानी ने, कम्पोजिट स्कूल बहेड़ा में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रवीण पाण्डेय ने बच्चों को खीर पूड़ी मिठाई खिलाई गई।

उच्च प्राथमिक विद्यालय

ताखा में छात्रा को तिलक करतीं शिक्षिका। अमृत विचार

नगरिया बुजुर्ग में छात्रों का स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

● पहले दिन स्कूलों में रहा जश्न का माहौल

उझियानी में प्रधान उझियानी देवेंद्र कुमार, प्रधानाध्यापक नरेंद्र यादव ने सभी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया। बालकृष्ण, निधि गुप्ता, कीर्ति, गौरव तिवारी, अनुदेशक चतुर्थ सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

बकेवर संवाददाता के अनुसार कम्पोजिट विद्यालय नगला कले में प्रधानाध्यापक हेमचन्द्र अध्यापक हरिशंकर, नितिन यादव, रजनी, ब्रजेश कुमार, प्रवीण कुमार आशा देवी, रजनीश कुमार ने 60 बच्चों का तिलक करके खीर व हलुवा खिलाया।

ग्राम पंचायत मडौली में प्रधानाध्यापक लता कुशवाहा अध्यापक रजनी, ज्योति यादव, किरनलता, बीना यादव, रमाकान्त कुशवाहा ने, नगर पंचायत बकेवर के प्राथमिक विधालय नगला बनी में प्रधानाध्यापक निशि प्रभा, अध्यापक प्रीती यादव, अन्नपूर्णा शिक्षामित्र ने तिलक करके स्वागत किया।

बीईओ ने भी विद्यालय पहुंच कर बच्चों का किया स्वागत

ताखा, इटावा। खण्ड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने अपने गोद लिए प्राथमिक विद्यालय खानपुर में प्रवेशोत्सव के अन्तर्गत नवीन प्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। बच्चों को ज्योमेट्री बाक्स, पानी की बोतल आदि वितरित किए। इस मौके पर एआरपी विष्णु कुमार, प्रधानाध्यापक विभा तिवारी, सहायक अध्यापक रिषी दीप, स्निग्धा दोहरे समेत समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालयों को गुब्बारों, फूल पत्तियों, रंगोली से सजाया गया। नवीन प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। एमडीएम में विशेष भोजन हलवा खीर वितरित किया गया। कंपोजिट विद्यालय बकौली में अवधेश राठौर, प्राथमिक विद्यालय गढ़िया दीक्षतान में नितिन वर्मा, उच्च प्राथमिक विद्यालय ताखा में बीरेंद्र कमल, कठौतिया में राधाकृष्ण, अमथरी में विकास यादव, भीखमपुर में सुधीर शरण की देखरेख में प्रवेशोत्सव मनाया गया।

करियर प्वाइंट इंस्टीट्यूट में छात्रों का किया गया स्वागत

फफूंद, औरैया। ग्रीष्म अवकास की छुट्टी खत्म होने के बाद सोमवार को नगर फफूंद के बसंत मार्केट में स्थित करियर प्वाइंट इंस्टीट्यूट के बच्चे जैसे ही इंस्टीट्यूट पहुंचे शिक्षकों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। और उन्हे फूल माला पहनाई। जिससे अधिक से अधिक बच्चे इंस्टीट्यूट आने के लिए प्रेरित हो। वही डायरेक्टर कैप्टन हनुमंत सिंह ने कहा कि इन कार्यक्रमों के आयोजनों से निश्चित रूप से छात्र नामांकन और छात्र उपस्थिति के सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। इससे समाज के बीच अच्छा मेसेज जायेगा। आपको बता दे कि समर कैंप के बाद पहली जुलाई को खुले करियर प्वाइंट इंस्टीट्यूट में शिक्षकों द्वारा बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया। छात्रों की उपस्थिति अच्छी देखने को मिली। इस मौक़े पर आकाश (अक्की) ललित राजपूत, दीक्षा शुक्ला, नेहा निगम, शिवानी बाथम, निशा बानो आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

सीडीओ को स्मृति चिह्न देते शिक्षक। अमृत विचार

सीडीओ भी रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता औरैया

● जनपद स्थानांतरण पर विद्यालय परिवार की ओर से दी गई भावभीनी विदाई

अमृत विचार। सोमवार को सीडीओ अनिल कुमार सिंह अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय गुलाबपुर, भाग्यनगर, औरैया में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय पधारे बच्चों के स्वागत समारोह में शामिल हुए उन्होंने विद्यालय परिवार के सहयोग से बच्चों को तिलक लगाकर, फूलों की माला पहनाकर, स्टेशनरी देकर व मिष्ठान खिलाकर बच्चों का स्वागत किया। साथ ही विद्यालय परिवार के साथ विद्यालय में पौधारोपण का कार्य भी किया। इस अवसर पर शासन के आदेशानुसार बच्चों को मध्यान भोजन में रुचिकर भोजन हलवा बनवाया गया। कार्यक्रम में जनपद से स्थानांतरण होने के कारण मुख्य विकास अधिकारी को विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई भी दी गई। विद्यालय कायाकल्प में मुख्य विकास अधिकारी महोदय की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रधानाध्यापक रश्मि ने किया। इस दौरान ग्राम प्रधान दिनेश कुमार नायक, पंचायत डीलर योगेश कुमार व बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम में राहुल सिंह सहायक अध्यापक, प्रियंका वर्मा, तृप्ति दीक्षित, सुनीता, शालिनी पोरवाल आदि रहीं।

एक नजर

तहसीलदार ने खाद के गड्ढों को कराया कब्जा मुक्त

फफूंद, औरैया। नगर के मोहल्ला कटरा मनेपुर में सरकारी खाद के गड्ढों पर पक्का कब्जा किए दो लोगो के कब्जे बुलडोजर से गिराए गए। सोमवार की शाम को अचानक बुलडोजर लेकर तहसीलदार अविनाश चौधरी राजस्व टीम, नगर पंचायत की टीम एवं पुलिस टीम के साथ में नगर के कटरा मनेपुर में पहुंच गए। और सरकारी खाद के गड्ढों पर कब्जा करके पक्का निर्माण किए गफ्फार पुत्र छुन्ना व मनोज दुबे पुत्र रघुवीर सहाय दुबे का पक्का निर्माण बुलडोजर से गिराया गया। इस मौके पर तहसीलदार अविनाश चौधरी, ईओ विनय कुमार शुक्ला, लेखपाल अंकित अग्रवाल, कस्बा इंचार्ज संदीप जादौन सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

खाटू श्याम के भजनों पर देर रात तक झूमते रहे भक्त

फफूंद, औरैया। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा रविवार की रात्रि को नगर के गुलजारी लाल बालिका इंटर कालेज में श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें भजनों की प्रस्तुति पर भक्त देर रात तक झूमते रहे। इस दौरान भजन गायक कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्प वर्षा के साथ हुई है, जिसके बाद अखंड ज्योति की पूजा अर्चना के साथ भजन संध्या की शुरुआत हुई। इसमें तूं क्यूं घबराता है तेरा श्याम से नाता है..भजन से जैसे ही शुरुआत हुई चारों तरफ से खाटू श्याम के जयकारे गूंजने लगे। कार्यक्रम में भजनों पर कोई भी खुद को झूमने से नहीं रोक पा रहा था।

संचारी रोग जागरूकता रैली निकाली

महेवा, इटावा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत प्रथम दिन सी एच सी महेवा में एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधान उझियानी देवेंद्र कुमार ने किया। जिसमें अधीक्षक सहित, सभी ए एन एम, आशा कार्यकत्री व अन्य स्टाफ शामिल रहा। पांच वर्ष के बच्चों को ओआरएस का घोल पिलाया गया। वहीं बच्चों के साथ आए अभिभावकों को दस्त नियंत्रण अभियान के बारे में बताया। इस अवसर पर दिलीप अग्रहरी, उपेंद्र कुमार, ए एन एम उपासना गौतम, आंकाक्षा, कांति, सुनीता, गंगा, अंकित तिवारी, भोलू मौजूद रहे।

11 से 31 जुलाई तक चलेगा दस्तक अभियान

संवाददाता ककोर, औरैया

अमृत विचार। जिले में सोमवार से संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता द्वारा फीता काटकर शुरुआत किया गया, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा ने बताया यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई 31 जुलाई तक चलाया जाएगा।

इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा डायरिया रोको अभियान भी 1 जुलाई से 31 अगस्त तक अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान में आज 50 शैय्या जिला अस्पताल औरैया में नगर विकास विभाग पंचायती राज विभाग, ग्राम विकास विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, कृषि सिंचाई विभाग, खाद विभाग, औषधि विभाग के आदि विभागों द्वारा निर्धारित कार्य एवं

जानकारी देते डॉ. मनोज कुमार। अमृत विचार

● नगर पालिका अध्यक्ष ने फीता काट कर की शुरुआत

कार्यों के लिए आपसी तालमेल से संचालित किया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग को इस कार्य के लिए नोडल बनाया गया है। इस अभियान के अंतर्गत संक्रामक रोगों डायरिया चिकनगुनिया डेंगू मलेरिया स्क्रबटायफस, लेक्टोस्पाईरोसिस, टीवी, कुष्ठ रोग आदि से बचाव एवं रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जायेगा इस अवसर पर डॉक्टर मंजू सचान, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शिशिरपुरी, नोडल डॉक्टर मनोज कुमार, अधिशाषी अधिकारी राम आसरे कमल तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

अजीतमल संवाददाता के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल में ब्लॉक प्रमुख अजीतमल रजनीश पांडे ने फीता काटकर संचारी रोग अभियान आज से की शुरुआत की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल के अधीक्षक डॉक्टर अवनीश कुमार ने बताया कि संचारी रोग वह बीमारियाँ हैं जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में या किसी जानवर से दूसरे व्यक्ति से फैलती हैं। ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडे, अवनीश कुमार, उत्कर्ष, गिरेंद्र सिंह आदि रहे।

पाइप लाइन टूटने से गलियों में भर रहा पानी, लोग परेशान

संवाददाता बकेवर, इटावा

● ग्राम प्रधान रघु देवी ने जिलाधिकारी से की शिकायत

अमृत विचार। असदपुर गांव में घर-घर नल जल योजना की तहत डाली गई पाइपलाइन का अधिकांश पानी गली में फैलने के कारण लोगों को गलियों में पानी भरने से आवागमन में समस्या हो रही है। जल निगम टंकी बनवाने वाले ठेकेदार व अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्राम प्रधान रघु देवी ने जिलाधिकारी से शिकायत की है।

घर-घर नल जल योजना के तहत महेवा ब्लाक की 91 ग्राम पंचायत में पानी की टंकी बनाए जाने व पाइपलाइन डालने व घर-घर तक नल लगाने का काम पिछले तकरीबन दो साल से अधिक समय से चल रहा है। महेवा ब्लाक की ग्राम पंचायत असदपुर की ग्राम प्रधान रघु देवी ने बताया कि उनके गांव में पानी की टंकी बन गई है। पानी की पाइपलाइन भी डाली डाल दी गई है। जिसका मात्र 40 फ़ीसदी घरों में ही पानी पहुंच रहा है। बाकी की 60 फ़ीसदी नलों का पानी गलियों में लीकेज के कारण भर जाता है। कई स्थानों पर नलों में टोटी नहीं लगाई गई है। जिसके कारण पानी फैलता रहता है। आंगनबाड़ी व पंचायत घर मे भी टोंटी नहीं लगी है। टंकी ऑपरेटर के लिए ग्राम पंचायत के बाहर का कोई व्यक्ति ने तैनात कर दिया है। तीन दिन पहले उनके पति को जल निगम के कुछ लोग जबरन टंकी स्थल पर ले गए। टंकी के हस्तांतरण पर हस्ताक्षर करने कर लिए दबाव बनाया। जल निगम के जे ई ग्रामीण ने बताया कि इस संबंध में जानकारी कराकर कार्य कराने वाली सम्बन्धित ठेकेदार कम्पनी के अधिकारियों को मौके पर भेज कर समस्या का निदान कराया जाएगा।

नए कानून के तहत पहले दिन 10 व्यक्तियों के हुए चालान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● एसपी ने नए कानून के बारे में गोष्ठी आयोजित कर लोगों को किया जागरूक

अमृत विचार। सोमवार को पुलिस मुख्यालय ककोर (सभागार कक्ष) में पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम ने जनपद के सम्भ्रान्त व्यक्तियों/युवाओं, व्यापारियों आदि व पुलिसकर्मियों के साथ सम्मेलन का आयोजन किया जिसमे 3 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में हुए महत्वपूर्ण बदलाव व लागू करने के बारे मे जागरूक किया।

इस दौरान सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल सिंह दोहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, डीजीसी अभिषेक मिश्र, अजीतमल ब्लाक प्रमुख रजनीश पांडेय, दिबियापुर चेयरमेन राघव मिश्रा, बिधूना ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आदर्श ठाकुर सहित सीएमओ ओरैया डा सुनील वर्मा, सीओ अजीतमल सहित अन्य पुलिस अधि. एवं कर्म.गण मौजूद रहे।

वहीं जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने थानों पर सम्भ्रान्त व्यक्तियो/युवाओ, व्यापारियो आदि व पुलिसकर्मियों के साथ गोष्ठी कर 03 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में बताया।

क्रीमीलेयर शर्तों में बदलाव का करेंगे विरोध

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। देश में ओबीसी की जाति गणना कराने एवं ओबीसी आरक्षण की क्रीमीलेयर शर्तों में साजिशन बदलाव कर अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण से बाहर किये जाने की साजिश को रोके जाने सहित महिलाओं, किसानों व कामगारों से जुड़ी डेढ़ दर्जन मांगों को लेकर जसपा ने पीएम व सीएम को सम्बोधित ज्ञापन जि एसडीएम सदर राघव विक्रम को सौंपा।

जसपा के राष्ट्रीय महामंत्री राजा भईया के साथ दर्जन भर पार्टी पदाधिकारियों ने एसडीएम सदर को सौंपे इस ज्ञापन में मांग की हैं कि राज्यवार विधानसभाओं व लोकसभा में सीटें आरक्षित की जायें, शासकीय विभागों के निजीकरण को रोका जाये, ईडब्ल्यूएस लागू होने के

एसडीएम सदर राघव विक्रम को ज्ञापन देते राजा भैया। अमृत विचार

बाद 54 प्रतिशत से अधिक आबादी वाले ओबीसी वर्ग को शासकीय, अर्द्धशासकीय, न्यायपालिका सहित सभी क्षेत्रों में 54 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाये, ओबीसी वर्ग के अति पिछड़े धिकारियों, कर्मचारियों व अधिवक्ताओं के साथ सामान्य वर्ग के अधिकारियों द्वारा किया जाने वाला जातिगत भेदभाव, शोषण, अन्याय व अत्याचार को रोकने के लिए तत्काल जमीनी ठोस कदम उठाए जाएं। मत्स्य पालन हेतु आवंटित की जाने वाली जल प्रणालियों का आवंटन मछुआ समुदाय को ही किया जाए और आउटसोर्सिंग को समाप्त कर सभी पदों की भर्ती स्थाई की जाए।

सार-संक्षेप

स्कूलों में मानक के अनुसार होंगे शिक्षक

इटावा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर जिले में संचालित विद्यालयों में शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत मानक के अनुसार शिक्षकों की तैनाती की जाएगी। इसमें छात्रों की कम संख्या वाले विद्यालयों में कम संख्या में शिक्षक तैनात होंगे जबकि अधिक संख्या वाले विद्यालयों में अधिक संख्या में शिक्षक तैनात किए जाएंगे। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से कहा है कि वे अपने क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों की स्थिति की जानकारी दें। यह जानकारी निर्धारित प्रोफार्मा पर बताएं। उन्हें यह स्थिति 2 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे तक उपलब्ध करानी है इसके बाद इस स्थिति को देखते हुए मानक के अनुसार शिक्षकों की तैनाती का कार्य किया जाएगा। इसमें इस बात की जानकारी भी दी गई है कि मानक के अनुसार कितने बच्चों पर कितने शिक्षक तैनात किए जाएंगे। उसी के अनुरुप शिक्षकों की तैनाती की जाएगी जहां अधिक बालकों को प्रवेश दिया गया है वहां एक पूर्णकालिक प्रधानाचार्य जरूर होंगे तथा अंशकालिक शिक्षक भी रहेंगे। छात्र संख्या 60 तक होने पर शिक्षकों की संख्या दो होगी और छात्र संख्या 60 से अधिक तथा 90 से कम होने पर तीन शिक्षक तैनात किए जाएंगे। अब दो जुलाई को यह स्थिति बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में आ जाएगी उसके बाद इसी आधार पर शिक्षकों की तैनाती की जाएगी।

नेत्रा और प्रतिष्ठा ने जीता गोल्ड मेडल

इटावा। नोएडा में 27 से 30 जून तक आयोजित हुई टू ओपन रैंकिंग नेशनल रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश रोलर डर्बी टीम ने राजस्थान और तमिलनाडु को हराकर गोल्ड मेडल जीता। जनपद इटावा से उत्तर प्रदेश रोलर डर्बी टीम में नेत्रा और प्रतिष्ठा विश्वास ने प्रतिभाग किया था। दोनों बेटियों ने जनपद इटावा का मान बढ़ाया। इटावा रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन से मानवेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट, प्रेम किशन पाल जनरल सेक्रेटरी और अर्चना ने सभी को शुभकामनाएं दी हैं।

गोल्ड मेडलिस्ट नेत्रा और प्रतिष्ठा।

अम्बरीष यादव बने रुदौली के प्रधानाचार्य

औरैया। राष्ट्रीय उ.मा.वि. रुदौली के नए प्रधानाचार्य अम्बरीष यादव ने सोमवार को अपना कार्यभार संभाला। वही प्रबंधक राजकुमार दीक्षित व प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष सुनील मिश्र ने विद्यालय पहुंचकर उन्हें बधाई दी इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

शराब पीने के बाद पेड़ से लटक कर दी जान

सैफई, इटावा। बैदपुरा थाना क्षेत्र के हीरापुर गांव में देशी शराब के ठेके से शराब खरीदी और पीने के बाद बाग में नीम के पेड़ पर एक युवक नें गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सैफई थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर निवासी रिंकू 32 वर्ष पुत्र सुखराम सिंह जो कि मंगलवार सुबह अपने घर से निकला था, दोपहर तीन बजे बैदपुरा थाना क्षेत्र के हीरापुरा गांव मे देशी शराब के ठेका के पीछे बाग में खड़े नीम के पेड़ पर गमछा का फंदा से लटकता हुआ शव मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी सनत कुमार फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए। मौके से खाली देसी शराब का क्वार्टर एवं गिलास मिले थे।

दबंगों ने बाइक सवार को पीटा

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली के अन्तर्गत एक दर्जन से अधिक दबंग युवकों ने बाइक सवार युवक को पीट दिया। मोहल्ला गिरधारीपुरा निवासी बाइक सवार सल्लू दोहरे ने बताया कि सोमवार की दोपहर वह घर से छोला मंदिर की तरफ अपनी बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह कृषि उत्पादन मंडी समिति मोड़ के निकट पहुंचा उसे मोहल्ला गिरधारीपुरा और ग्राम नगला सबल के कुछ दबंगों ने रोक लिया। उससे शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगे। सल्लू दोहरे ने मना करते हुए अपनी बाइक जैसे ही आगे बढ़ाई इसी बीच सभी दबंगों ने उसके साथ मार पीट शुरू करदी। वह बाइक तेज दौड़ाकर निकला। दबंगों ने ईंट पत्थर चला कर उसका सिर फोड़ दिया।

सात घंटे ठप रहेगी बिजली

इटावा। दो जुलाई को आरडीएसएस के केबिल बदलने का कार्य विनीत विहार कॉलोनी मे किया जाएगा। इस कार्य के दौरान फीडर नंबर 6 पर 7 घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इसके तहत सुबह सात से दोपहर दो बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। रामगंज चौराहा, कटरा सेवा काली, नेविल रोड, पंजाबी कॉलोनी, विनीत विहार, प्रीत विहार, फर्रुखाबाद फाटक कटरा बल सिंह, बस स्टैंड प्रभावित रहेंगे।

चोरी के मामले में एक साल पांच माह की कैद

इटावा। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सात साल पुराने चोरी के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे एक साल पांच माह की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। सैंफई थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में वर्ष 2017 में गौरव उर्फ मोटा पुत्र सुंदर निवासी लालमंडी कालोनी कोतवाली एटा को गिरफ्तार किया था। उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया था। छानबीन के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। ममाले की सुनवाई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुईज्ञ अभियोजन अधिकारी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने गौरव को दोषी पाया और उसे एक साल पांच माह की सजा व दो हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

दो स्कूलों के ताले तोड़कर सामान चोरी

इकदिल, इटावा। रविवार रात दो स्कूलों से चोर मिड डे मील सामग्री तथा अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। थाना क्षेत्र में गांव मुरैथा मके दो परिषदीय विद्यालयों के कमरों के ताले और कुंडी के साथ खिड़की तोड़कर चोर उसमे रखा सामान चोरी कर ले गए। सोमवार सुबह उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिंह ने बताया की चोर राशन सामग्री, स्पोर्ट्स किट, खाने के बर्तन, पांच बिजली पंखा, गैस सिलेंडर आदि सामान चुरा ले गए। इसी गांव में प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा देवी ने बताया दो पंखा, गैस एक सिलेंडर, 25 किलो चावल, 40 किलो गेहूं, और कुछ बर्तन, मसाले के डिब्बे, स्पोर्ट्स किट को चोरी कर ले गए।

खेल के मैदान से

टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन, मैच देखने वालों की रही भारी भीड़

तिवरलालपुर को हरा कर हिम्मतपुर बनी विजेता

संवाददाता अयाना, औरैया

अमृत विचार। बीहड़ पट्टी के तिवरलालपुर में शंकर क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार को हिम्मतपुर और तिवरलालपुर के बीच खेला गया। जिसमें हिम्मतपुर ने 26 रनों ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले का आगाज हिम्मतपुर के कप्तान कपिल तिवारी व तिवरलालपुर के कप्तान पप्पू चौबे के बीच टॉस करवाकर किया गया। टॉस जीतकर हिम्मतपुर टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। सलामी बल्लेबाज शिवम ने 36 व दीपक ने 16 रन बनाकर टीम

विजेता टीम को ट्रॉफी देते पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजकुमार दुबे। अमृत विचार

को मजबूत शुरूआत दिलाई। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज तिवरलालपुर के गेंदबाज मोहित व विकास की गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पाया। मोहित ने चार विकेट झटके तो वहीं विकास ने तीन बल्लेबाजों को आउट कर बाहर का रास्ता दिखाया। 12 वें ओवर की तीसरी गेंद पर हिम्मतपुर की टीम 102 रन पर आल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी तिवरलालपुर टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

सलामी बल्लेबाज हिमांशु छह रन व गोपाल चार रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। बल्लेबाज राम के 15 व कल्लू के 12 रन के अलावा कोई बल्लेबाज बल्ले से कमाल नहीं दिखा सका। पूरी टीम

● 26 रन से तिवरलाल पुर को हराया

11 वें ओवर की दूसरी गेंद पर 76 रन पर आल आउट हो गई। हिम्मतपुर के आल राउंडर शिवम को तीन विकेट व 36 रन बनाने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजकुमार दुबे ने विजेता टीम को 15 हजार का पुरुस्कार व विजेता ट्रॉफी, उप विजेता टीम को 10 हजार रूपये का पुरुस्कार व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस दौरान कमेटी के रोहित मिश्रा, रामजी मिश्रा, ललित त्रिपाठी, अंशुल गुर्जर, पियूष चतुर्वेदी, शिवम पांडेय, शीलू तिवारी आदि मौजूद रहे।

श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनकर झूम उठे श्रद्धालु

अछल्दा, औरैया। विकासखंड के गांव नगला दरयाय में पांचवें दिन श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार देर शाम को श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा, इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे।

कथावाचक उपदेश चैतन्य ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा के आयोजन

श्रीकृष्ण को दुलारते व्यास जी।

से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। इस मौके पर समस्त भक्तगण मौजूद रहे।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 925 फ्लैग 1035 डीएमओ 825 बोल्ड 1100, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1055 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूंदड़ा	2400-2410
आरआर 21	2550-2600
गेहूंफ़ारम	2600-2700
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	6500-6600
अरहर	9000-10000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	11000-11500
उड़दकाला	8000-9000
मूंग	7800-8000

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	16600-16700
अरहरस्पेशल1	14300-14400
चनादाल	7900-8100
मटरदाल	4600-4700
मसूरमलका	7250-7300
मसूरदाल	7400-7450
उड़ददाल	9000-13000
उड़द धोवा	10000-13000
मूँगदाल	8100-9700
मूँग धोवा	9700-11000

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500

आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1400-1460
मैदा	1380-1460
सूजी	1440-1460

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1360-1400

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	5600-5800
अलसी	4500-4600 रुपये।

पहले कारोबारी दिन नई ऊंचाई पर बाजार

बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 443 अंक चढ़ा और निफ्टी 24,100 अंक से ऊपर रहा

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंक एवं आईटी शेयरों में लिवाली आने से सोमवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स 443 अंक बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 24,100 अंक से ऊपर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 131.35 अंक बढ़कर 24,141.95 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 24,164 तक पहुंच गया जो पिछले कारोबारी सत्र में हासिल 24,174 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर से मात्र 10 अंक कम है। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजार ने अपनी तेजी को बरकरार रखा। अमेरिकी मुद्रास्फीति में कमी ने सितंबर में फेडरल रिजर्व की तरफ से दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ाई हैं। इस उम्मीद ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों के मजबूत प्रदर्शन में योगदान दिया। बीएसई के छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांक भी रिकॉर्ड स्तरों पर पहुंच गए।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 443 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण सोमवार को बढ़कर 443.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह इसका अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। पूंजीकरण में यह उछाल सेंसेक्स के अपने नए शिखर पर पहुंचने के बीच आया है। बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था। इस रिकॉर्डतोड़ तेजी का असर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन पर पड़ा और वह 4,43,05,344.36 करोड़ रुपये (5.31 लाख करोड़ डॉलर) के अपने नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।

किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान दे रही राज्य सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कृषि यंत्रों के लिए दो जुलाई से आवेदन कर सकेंगे किसान
- 16 जुलाई की रात 12 बजे तक ऑलाइन हो सकेगा आवेदन

अमृत विचार: किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के तहत राज्य सरकार ने दो जुलाई से 16 जुलाई तक की एक अवधि तय की है। इस दौरान राज्य के किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह कवायद प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू, (सीआरएम) योजना के तहत की जा रही है।

योजना के तहत कृषि यंत्रों जैसे- सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (सुपर एसएमएस), हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर, श्रेडर, मल्चर, श्रब मास्टर, रोटरी स्लैशर, सरफेस सीडर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी. प्लाऊ, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर

ड्रिल, क्रॉप रीपर ट्रैक्टर माउंटेड, सेल्फ प्रोपेल्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाइंडर और कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए आवेदन किए जा सकेंगे। इस क्रम में निर्धारित अवधि में विभागीय दर्शन पोर्टल https://www.agriculture.up.gov.in पर यंत्र पर अनुदान के लिए टोकन निकालना होगा।

ई-लॉटरी की मिलेगी सूचना

ई-लॉटरी के लिए स्थल, तिथि एवं समय की जानकारी आवेदकों के मध्य संबंधित जिला उप कृषि निदेशक द्वारा विभिन्न माध्यमों से सूचना दी जाएगी। निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर डीएम की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जाएगा।

कृषक परिवार (पति अथवा पत्नी में कोई एक) द्वारा एक वित्तीय वर्ष में योजना के तहत निर्धारित यंत्रों में से एक या एक से अधिक प्रकार के यंत्र लिए जा सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 फीसदी व कस्टम हायरिंग सेंटर पर अधिकतम 80 प्रतिशत तक अनुदान प्राप्त होगा।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,400
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,600
गिन्नी (प्रति नग)	54,850-55,050

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,550
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,400
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,500
चांदी तैयार	89,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	72,300
सोना जेवरात गिन्नी	71,300
चांदी पक्की	882 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	72,600
चांदी आभूषण	89,400।

एअर इंडिया महाराष्ट्र में उड़ान संस्थान करेगी स्थापित

मुंबई। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने महाराष्ट्र के अमरावती में एक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की सोमवार को घोषणा की। इस कदम का लक्ष्य सालाना 180 वाणिज्यिक पायलट को प्रशिक्षित करना है। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि बेलोरा हवाई अड्डे पर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) लाइसेंस प्राप्त उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) दक्षिण एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा संस्थान होगा। यह अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तैयार हो जाएगा।

आरबीआई-आसियान त्वरित सीमापार खुदरा भुगतान के लिए मंच बनाएंगे

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई और आसियान देशों ने सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक मंच बनाने का फैसला किया है। इस मंच के 2026 तक चालू होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि वह 'प्रोजेक्ट नेक्सस' में शामिल हो गया है, जो घरेलू त्वरित भुगतान प्रणाली (एफपीएस) को आपस में जोड़कर सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय पहल है। बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के नवाचार केंद्र ने प्रोजेक्ट नेक्सस को तैयार किया है। प्रोजेक्ट नेक्सस का मकसद चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत के एफपीएस को जोड़ना है। भारत इस मंच का संस्थापक सदस्य और पहला प्रस्तावक देश होगा। इस आशय के एक समझौते पर बीआईएस और संस्थापक देशों के केंद्रीय बैंकों - बैंक नेगारा मलेशिया (बीएनएम), बैंक ऑफ थाईलैंड (बीओटी), बैंगको सेंट्रल एनजी फिलीपींस, मॉनेटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर और आरबीआई ने रविवार को स्विट्जरलैंड के बेसल में हस्ताक्षर किए हैं।

बिजली खपत जून में करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट

नई दिल्ली। देश में बिजली खपत जून में सालाना आधार पर करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट रही। भीषण गर्मी के कारण घरों और दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों का अत्यधिक इस्तेमाल इसकी मुख्य वजह रही। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून 2023 में बिजली की खपत 140.27 अरब यूनिट थी। एक दिन में सर्वाधिक आपूर्ति (पूरी की गई अधिकतम मांग) भी जून 2024 में बढ़कर 245.41 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 223.29 गीगावाट थी।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि जून में बढ़ी, रोजगार में रिकॉर्ड उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मई के पीएमआई 57.5 की अपेक्षा बढ़कर 58.3 हो गया

भारत के विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन जून में तेज गति से बढ़ा है। अनुकूल मांग परिस्थितियों के बीच नए ठेके मिलने जारी रहे और इसके परिणामस्वरूप रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि हुई।

सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जून में बढ़कर 58.3 हो गया जो मई में 57.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। जून के आंकड़ों के अनुसार भारत में विनिर्माताओं की बिक्री में मजबूत वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत अंतर्निहित मांग, उच्च निर्यात और सफल विज्ञापन के कारण हुई। नए ठेके मिलने में लगातार बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप कंपनियों द्वारा भर्ती में तेजी आई। रोजगार सृजन की दर तेज हुई और मार्च 2005 में डेटा संग्रह शुरू होने के बाद से मजबूत रही।

राष्ट्रीय

कमान संभालने के बाद पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद पर बोले थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

भारतीय सेना सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है।

देश के 13 लाख सैनिकों वाले मजबूत बल की कमान संभालने के एक दिन बाद उन्होंने कहा कि थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच तालमेल सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा। रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक में सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में नव नियुक्त सेना प्रमुख ने कहा कि सेना

जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में 30वें सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। ● एजेंसी

अनूठी अभियानगत चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे खतरों के लिए तैयार रहने के वास्ते यह महत्वपूर्ण है कि सैनिकों को आधुनिक हथियार मुहैया कराए जाएं। उन्होंने कहा-मुझे सौंपी गयी जिम्मेदारियों के प्रति, मैं पूरी तरह सजग हूं और मैं देश तथा सभी नागरिकों को आश्वस्त करता हूं कि भारतीय सेना सभी मौजूदा व भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा कि वह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे।

सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा के प्रतिबद्ध

जनरल द्विवेदी ने कहा कि वह सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा तथा पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को हरसंभव सहायता मुहैया कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा-यह सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता होगी कि भारतीय सेना के सभी अधिकारियों तथा सैन्य नागरिकों के हितों की रक्षा हो। उन्होंने कहा-भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों के प्रति मेरी जिम्मेदारी एक पवित्र प्रतिबद्धता है और मैं इस विस्तारित परिवार को अपना पूर्ण सहयोग देता हूं। जनरल द्विवेदी ने साउथ ब्लॉक में अपने रस्मी स्वागत के मद्देनजर धार्मिक नेताओं के समूह से संक्षिप्त बातचीत की। मध्य प्रदेश के रीवा स्थित सैनिक स्कूल के छात्र रहे जनरल द्विवेदी 1984 में भारतीय सेना की जम्मू कश्मीर राइफल्स में शामिल हुए थे। जनरल द्विवेदी 19 फरवरी से सेना के उप-प्रमुख का कार्यभार संभाल रहे थे। वह उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले 2022-2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रहे थे।

तेलंगाना हाईकोर्ट ने की केसीआर की याचिका खारिज

हैदराबाद। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सोमवार को बिजली क्षेत्र में कथित अनियमितताओं में जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग की वैधता पर सवाल उठाने वाली बीआरएस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने पिछली सरकार के फैसलों की जांच की जरूरत को सही ठहराने वाले सरकार के तर्क से सहमत होकर केसीआर द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना सरकार ने यदाद्री और भद्राद्री ताप विद्युत स्टेशनों के निर्माण में अनियमितताओं के आरोपों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के साथ बिजली खरीद समझौतों की जांच के लिए इस साल 14 मार्च को न्यायमूर्ति एल नरसिम्हा रेड्डी की अध्यक्षता में एक आयोग नियुक्त किया था।

कोर्ट ने बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिकाएं कीं खारिज

भ्रष्टाचार, धनशोधन मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के दो मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कविता की याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति शर्मा ने 28 मई को कविता की दो जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

कविता ने निचली अदालत के छह मई के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के भ्रष्टाचार मामले के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धनशोधन मामले में उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। बीआरएस नेता के वकील ने दलील दी की कि मामले में आरोपी बनाए गए 50 लोगों में कविता एकमात्र महिला हैं और अदालत से उनके महिला होने के नाते जमानत देने की गुहार लगाई। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता प्रभावशाली महिला है और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं।

कविता दोनों मामलों में न्यायिक हिरासत में है। यह घोटाला दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है, जिसे बाद में रद कर दिया गया था।

एक नजर

एक ही परिवार के पांच लोगों ने कर ली आत्महत्या

अलीराजपुर/भोपाल। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में सोमवार को एक दंपति और उनके तीन बच्चों के शव घर में लटके मिले। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस अधिकारी ने कहा-सोंडवा तहसील के रावड़ी गांव में पांच लोगों की मौत की सूचना सोमवार सुबह सात बजे मिली। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए अलीराजपुर के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) की अगुवाई में एक टीम गठित की गई है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान राकेश डोडवा (27), उनकी पत्नी ललिता डोडवा (25) और उनके बच्चों लक्ष्मी (9), प्रकाश (7) और अक्षय (5) के रूप में हुई है।

बारामूला में आतंवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर इलाके में आतंवादियों के एक संदिग्ध सहयोगी को पकड़ा है। पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के जवानों ने रविवार देर रात सोपोर में एक संयुक्त चौकी स्थापित की थी। अधिकारियों ने कहा, जांच में एक वाहन को रोका गया। तो चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया।

पीएम की पिक्चर कैसी होने वाली इसका लग गया है अंदाजा : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्यसभा में चुटकी लेते हुए कहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के दौरान पिछले 10 साल के शासन को 'महज ट्रेलर' और 'पिक्चर अभी बाकी है' बताने वाले बयान के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उनके तीसरे कार्यकाल में पेपर लीक, जम्मू एवं कश्मीर में आतंकी हमले, ट्रेन दुर्घटना, हवाई अड्डों की छत के कुछ हिस्सों के ढहने और पुल गिरने की विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इनसे अंदाजा लग गया है कि उनकी आगे की 'पिक्चर' कैसी होने वाली है।

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कई बार कहा है कि 'पिछले 10 साल तो बस ट्रेलर थे, अभी असली तस्वीर बाकी है। खरगे ने चुटकी लेते हुए कहा, अब पीएम की पिक्चर कैसी होने वाली है, पिछले एक महीने में अंदाजा लगा है। हाल की कई घटनाओं का उल्लेख करते हुए खरगे ने बताया कि पिछले एक महीने में

परीक्षा पेपर लीक, कई परीक्षाओं को रद करने, ट्रेन दुर्घटनाएं, जम्मू एवं कश्मीर में तीन आतंकी हमले, राम मंदिर में पानी का रिसाव, तीन हवाई अड्डों की छतों के कुछ हिस्सों का गिरना, टोल टैक्स में वृद्धि और रुपये में ऐतिहासिक गिरावट की घटनाएं हुई हैं।

उन्होंने कहा कि हाल ही में पेपर लीक के कारण 30 लाख छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा-अगर ऐसा होता रहा तो छात्र अपनी पढ़ाई बंद कर देंगे। खरगे ने कहा कि पिछले सात वर्षों में, 70 बार पेपर लीक हुए हैं और इनसे दो करोड़ छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उच्च सदन में विपक्ष के नेता ने कहा कि सरकार इस मामले पर कुछ नहीं कर रही है और संसद में इस मुद्दे को उठाने के लिए विपक्षी दलों को दोषी ठहराती है।

फरीदाबाद में कांग्रेस नेता के भाई की गोली मारकर हत्या

फरीदाबाद, एजेंसी

- रंजिश के चलते वारदात को दिया गया अंजाम

फरीदाबाद में कांग्रेस के स्थानीय नेता ज्योतिंद्र भड़ाना (रिंकू) के छोटे भाई की रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब सवा 11 बजे मस्जिद चौक के पास गांव नवादा कोह के निवासी कुणाल भड़ाना की हत्या कर दी गई। ज्योतिंद्र भड़ाना की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, कुणाल अपने एक दोस्त के साथ मस्जिद चौक के पास खड़ा था तभी विजय, बिल्लू और दो अन्य वहां पहुंचे और उससे बहस करने लगे। ज्योतिंद्र ने बताया कि उनके भाई की विजय और बिल्लू के साथ पुरानी रंजिश थी।

कांग्रेस नेता ने शिकायत में कहा-भाई के दोस्त से सूचना मिलने के बाद मैं मौके पर पहुंचा। मैंने देखा कि बिल्लू ने मेरे भाई का हाथ पकड़ा हुआ था और विजय ने उसके सीने में गोली मार दी। इसके बाद वे कार से भाग गए। अन्य की मदद से मैं कुणाल को सेक्टर 21-ए स्थित एशियन अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद विजय, बिल्लू और दो अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

कोर्ट ने टीएमसी नेता साकेत गोखले पर लगाया 50 लाख का हर्जाना

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को टीएमसी नेता साकेत गोखले को स्विट्जरलैंड में संपत्ति खरीद को लेकर पूर्व राजनयिक लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी के खिलाफ अपमानजनक ट्वीट करने के लिए उनसे माफी मांगने और 50 लाख रुपये का हर्जाना देने का निर्देश दिया। संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव की ओर से दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने टीएमसी सांसद को उनके द्वारा लगाए आरोप के संबंध में किसी भी सोशल मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मंच पर कोई भी सामग्री प्रकाशित करने से रोक दिया। कोर्ट ने आदेश में कहा कि आपत्तिजनक ट्वीट मानहानिकारक हैं और इससे वादी की प्रतिष्ठा को अनावश्यक कानूनी क्षति पहुंची है, जिसके लिए निवारण आवश्यक है।

पश्चिम बंगाल में भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट पीटकर दी हत्या कर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। राज्य में भीड़ द्वारा किसी व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किये जाने की यह चौथी घटना है। इससे पहले 28, 29 और 30 जून को कोलकाता, सॉल्ट लेक और झारग्राम में भी ऐसी ही घटनाएं हुई थीं। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान हुगली जिले के तारकेश्वर इलाके के नैता मालपहाड़पुर ग्राम पंचायत के रहने वाले बिस्वजीत मन्ना के रूप में हुई है। हुगली (देहात) थाना पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस अपराध के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

जैन समुदाय के लिए उपासना का मांगा गया अधिकार

इंदौर, एजेंसी

जैन समुदाय के एक व्यक्ति ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करके धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में अपने समुदाय के लोगों के लिए उपासना का अधिकार मांगा है।

याचिका में दावा किया गया है कि इस विवादित परिसर में कभी जैन गुरुकुल और जैन मंदिर हुआ करता था जहां देवी अम्बिका की मूर्ति स्थापित थी। दिल्ली के सामाजिक कार्यकर्ता सलेकचंद जैन की ओर से दायर इस रिट याचिका पर उच्च न्यायालय में इस हफ्ते सुनवाई हो सकती है। जैन के अधिवक्ता मनोहर सिंह चौहान ने सोमवार को यह

विवादित भोजशाला मसले में आया नया मोड़

जानकारी दी। यह याचिका ऐसे वक्त में दायर की गई है, जब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर भोजशाला परिसर के सर्वेक्षण की रिपोर्ट अदालत में पेश करने की तैयारी में जुटा है। जैन की याचिका में दावा किया गया है कि भोजशाला परिसर में कभी जैन गुरुकुल और जैन मंदिर हुआ करता था जहां जैन मुनियों और विद्वानों द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती थी और इस परिसर में संस्कृत, प्राकृत और अन्य भाषाओं में ग्रंथों के अनुवाद का काम भी होता था, लिहाजा जैन समुदाय के लोगों को इस स्थान पर उपासना का अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए।

याचिका में यह दावा भी किया गया है कि भोजशाला परिसर की जिस मूर्ति को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) की प्रतिमा बता रहा है, वह असल में जैन समुदाय की देवी अम्बिका (जैन यक्षिणी) की मूर्ति है जिसे धार के राजा भोज ने इस परिसर में 1034 ईस्वी में स्थापित किया था। याचिका में गुहार लगाई गई है कि लंदन के एक संग्रहालय में रखी इस मूर्ति को भारत वापस लाकर भोजशाला परिसर में फिर से स्थापित किया जाना चाहिए।

याचिका में कहा गया है कि भोजशाला परिसर और इसमें मिली मूर्तियों, शिलालेखों, कलाकृतियों आदि की वास्तविक उम्र पता लगाने के लिए केंद्र सरकार को ''रेडियोकार्बन डेटिंग'' पद्धति के इस्तेमाल के निर्देश दिए जाने चाहिए। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष 11वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है।

विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर फिलीपींस ने किया दावा

बढ़ा विवाद, चीन ने दूसरा पोत किया तैनात

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने अपने दूसरे विमान वाहक पोत शेनडोंग को फिलीपींस तट के नजदीक तैनात किया है और इसे इलाके में गश्त करते देखा गया है। चीन ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब फिलीपींस ने विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर दावा किया है, जिस पर बीजिंग भी अपना दावा करता है।

चीन के सरकारी ग्लोबल टाइम्स समाचार पत्र में सोमवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, विमानवाहक पोत शेनडोंग, फिलीपींस के जलक्षेत्र में गश्त करता देखा गया। यह चीनी द्वीपों और टापुओं पर निरंतर फिलीपींस के उकसावे के खिलाफ एक प्रतिरोध के रूप में कार्य करता है। चीनी विशेषज्ञों के हवाले से अखबार ने कहा कि विमानवाहक पोत संभवतः एक निर्धारित अभ्यास पर है, जो इसे पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में संभावित सुदूर समुद्री यात्रा के लिए भी तैयार कर सकता है। शेनडोंग की तैनाती जनवादी मुक्ति सेना (पीएलए) द्वारा दक्षिण चीन सागर में बड़े और मध्यम विध्वंसक पोत सहित प्रमुख युद्धपोतों के साथ-साथ जल व थल पर जाने में सक्षम मुख्य जहाज को तैनात करने के बाद हुई है। यह कदम चीन का फिलीपींस के साथ समुद्र क्षेत्रीय संघर्ष बढ़ने के मद्देनजर उठाया गया है।

फिलीपींस के आइलेंड के निकट पहुंचा पोत।

- बीजिंग का विध्वंसक पोत में कई एयरक्राफ्ट हैं तैनात

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति ने गठबंधन सरकार की घोषणा की

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने अपने नए राष्ट्रीय कार्यकारी मंत्रिमंडल की घोषणा की। जिसमें राष्ट्रीय एकता सरकार (जीएनयू) बनाने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के मंत्री शामिल हैं। रामफोसा ने राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल शुरू होने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद यह घोषणा की, क्योंकि दोबारा चुनाव में उन्हें कम बहुमत प्राप्त हुआ है, इसलिए उनकी पार्टी, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस को तीन दशकों में पहली बार सत्ता साझा करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

ब्रिटेन मे चुनाव

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक प्रचार अभियान के तहत यूनाइटेड किंगडम के मिडलैंड्स में प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां हेल्थ केयर वर्कर्स के साथ तस्वीर भी ली।

एक नजर

आईएस के हमले में चार सीरियाई सैनिकों की मौत

दमिश्क। मध्य सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के हमले में चार सीरियाई सैनिक मारे गए। स्थानीय रेडियो स्टेशन के अनुसार, यह हमला पूर्वी होम्स के रेगिस्तानी क्षेत्र में रविवार को ताल शिहाब के एक सैन्य ठिकाने पर हुआ। लंदन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने हमले की रिपोर्ट में कहा कि आईएस के लोगों ने सैन्य अड्डे को निशाना बनाने के लिए मध्यम और हल्के हथियारों का इस्तेमाल किया।

अल्बानिया के उपन्यासकार इस्माइल कादरे का निधन

तिराना। अल्बानिया के विश्व विख्यात उपन्यासकार इस्माइल कादरे का यहां स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके प्रकाशन के संपादक ने सोमवार को यह जानकारी दी। वह 88 साल के थे। साहित्य के नोबेल पुरस्कार के संभावित दावेदार के रूप में कादरे के नाम का उल्लेख लंबे समय से होता रहा है। ओनफ्री पब्लिशिंग हाउस के संपादक बुजर हुधरी ने कहा कि प्रसिद्ध लेखक का सोमवार सुबह निधन हो गया।

उत्तर कोरिया ने दागी दो बैलिस्टिक मिसाइल

सोल। उत्तर कोरिया ने सोमवार को दक्षिण कोरिया की ओर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी। यह जानकारी दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने देश के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ का हवाला देते हुए दी। रिपोर्ट में कहा गया कि कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल ने लगभग 600 किलोमीटर (372 मील) की दूरी तय की, जबकि एक अन्य मिसाइल ने लगभग 120 किलोमीटर की दूरी तय की।

इजरायल में ड्रोन हमले में 18 सैनिक घायल

गाजा। इजरायल के उत्तरी शहर गोलान हाइट्स में एक ड्रोन हमले में 18 इजरायली सैनिक घायल हो गए। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। आईडीएफ ने रविवार को टेलीग्राम पर कहा कि सोमवार सुबह उत्तरी गोलान हाइट्स में एक विस्फोटक ड्रोन हमले में एक आईडीएफ सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया और 17 सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। लेकिन आईडीएफ ने यह नहीं बताया कि ड्रोन का प्रक्षेपण किसने किया या यह कहां से आया। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के बाद इजरायल-लेबनानी सीमा पर स्थिति खराब हो गई। आईडीएफ और लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके रोजाना सीमा से लगे इलाकों में एक-दूसरे के ठिकानों पर गोलीबारी करते हैं।

अमेरिकी सांसद बोले- हिंदुओं के प्रति घृणा नहीं करेंगे बर्दाश्त

सांसदों ने हिंदुओं को भेदभाव और हिंदूफोबिया के प्रति किया आश्वस्त

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में हिंदूफोबिया, अल्पसंख्यक, हिंदू समुदाय के विरुद्ध बढ़ते भेदभाव को लेकर आवाज तेज होती जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख अमेरिकी सांसदों ने इसके खिलाफ भारतीय अमेरिकियों को अपना समर्थन देने का वादा किया है। हिंदूफोबिया से आशय हिंदू धर्म और हिंदुओं के प्रति विरोधी और अपमानजनक दृष्टिकोण और व्यवहार करने से है। सांसदों ने कहा हिंदुओं के प्रति घृणा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) द्वारा आयोजित तीसरे राष्ट्रीय हिंदू समर्थन दिवस में 28 जून को कई हिंदू छात्रों, शोधार्थियों और सामुदायिक नेताओं ने भाग लिया तथा अमेरिका में रहने वाले हिंदुओं की चिंताओं पर चर्चा की। कांग्रेस सदस्य थानेदार ने वाशिंगटन में एक दिवसीय समर्थन दिवस में अपने संबोधन में कहा हम यहां हैं और हम लड़ रहे हैं।

थानेदार ने कहा आप सभी के पास जो आवाज है, वही आवाज कांग्रेस में हिंदू समुदाय के पास है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य थानेदार ने सदन में हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा वाला प्रस्ताव पेश किया है। इसमें हिंदू अमेरिकी समुदाय के योगदान की सराहना की गई है। उन्होंने कहा कि वे हिंदूफोबिया, भेदभाव या नफरत के अन्य रूपों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

तीसरे राष्ट्रीय हिंदू समर्थन दिवस पर भारतीयों के साथ उपस्थित सांसद। ● एजेंसी

हिंदू समुदाय के साथ खड़े हैं रिपब्लिकन सांसद

कांग्रेस सदस्य रिच मैककॉर्मिक ने नीति निर्माण में हिंदू अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी समुदाय की निरंतर बढ़ती भागीदारी और अमेरिका के भविष्य को बदलने की इसकी क्षमता का स्वागत किया। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ने हिंदू अमेरिकियों के योगदान का सम्मान करते हुए सदन के प्रस्ताव 1131 के प्रति अपने समर्थन की ओर ध्यान आकर्षित किया। रिपब्लिकन पार्टी के कांग्रेस सदस्य ग्लेन ग्रोथमैन ने समुदाय के साथ एकजुटता व्यक्त की। कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने पिछले दशक में समुदाय का समर्थन बढ़ने का जिक्र किया।

विरोध-प्रदर्शन का वीडियो पोस्ट करने पर दो पत्रकार गिरफ्तार

अल्जीयर्स। अल्जीरिया में अधिकारियों ने एक सरकारी कार्यक्रम में दुर्व्यवहार की शिकार महिला व्यवसायियों के विरोध प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो पोस्ट करने के लिए दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया। राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने के चार वर्ष पहले सत्ता में आने के बाद से पत्रकारों को कथित रूप से दमन का सामना करना पड़ रहा है। देश में मामूली आरोपों पर लंबे समय तक जेल की सजा भी हो सकती है।

कानूनी शुल्क बढ़ने के कारण कई समाचार प्रतिष्ठान भी बंद हो चुके हैं। स्थानीय निगरानी समूह नेशनल कमेटी फॉर द लिबरेशन ऑफ डिटेनी की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार समाचार वेबसाइट अल्जीरी स्कूप से संबंधित पत्रकार सोफियानी घिरोस और फरहत उमर को पिछले सप्ताह उकसाने वाली और नफरत फैलाने वाली भाषा के वीडियो प्रसारित करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। महिला स्टार्टअप संस्थापकों ने वीडियो में शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्रालय द्वारा आयोजित एक नवाचार कार्यक्रम के दौरान सरकार पर उन्हें अपमानित और उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से 18 कैदी भागे एक की गोली से मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

- छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी, जबकि तीन कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) स्थित एक जेल से कम से कम 18 खतरनाक अपराधी एक सुरक्षाकर्मी पर हमला करने के बाद फरार हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फरार कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना शुक्रवार को रावलकोट जेल में हुई जब एक कैदी ने सुरक्षाकर्मी को पिस्तौल का भय दिखाकर जेल की चाबियां छीन लीं।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि फरार होने वाले 18 कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी जबकि तीन अन्य कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि फरार होने की कोशिश कर रहे एक अन्य कैदी की गोली लगने से मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि वह (कैदी) पांच वर्ष कैद की सजा काट रहा था। पुलिस ने इलाके में व्यापक खोज अभियान शुरू किया है।

जेल प्रमुख तथा कुछ अन्य अधिकारि बर्खास्त : इस बीच, अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी और जेल प्रमुख तथा कुछ अन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि कुछ अधिकारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। समा टीवी की खबर के अनुसार, रावलकोट जेल के उपाधीक्षक समेत सात अधिकारियों को हिरासत में लेकर सुरक्षा उल्लंघन की जांच शुरू कर दी गई है। खबर के मुताबिक, सुरक्षा चूक के मद्देनजर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की सभी जेलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सरकार ने कैदियों के फरार होने के कारणों की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग के गठन का अनुरोध किया है।

ट्रंप का मामला निचली अदालत में वापस भेजा

वाशिंगटन, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने मुकदमे में छूट से जुड़े मामले की सुनवाई की

अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमे से छूट से जुड़े मामले को सुनवाई के लिए वापस निचली अदालत में भेज दिया है। इस कदम से ट्रंप के खिलाफ वाशिंगटन आपराधिक मामले में सुनवाई लंबी खिंच सकती है और इससे यह संभावना समाप्त हो गई कि पूर्व राष्ट्रपति पर नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले मुकदमा चलाया जा सकता है।

ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को पलटने की साजिश रची थी। न्यायाधीशों ने 6-3 के ऐतिहासिक फैसले में पहली बार कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों को उनके आधिकारिक कृत्यों के लिए मुकदमे से पूर्ण छूट है, लेकिन अनाधिकारिक कृत्यों के लिए कोई छूट नहीं है। हालांकि, न्यायाधीशों ने निचली अदालत को आदेश दिया कि वे यह तय करे कि ट्रंप के मामले में निर्णय को कैसे लागू किया जाए। वहीं, रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं पूर्व राष्ट्रपति ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है और दावा किया है कि यह अभियोजन और तीन अन्य मामले उन्हें व्हाइट हाउस में वापस आने से रोकने के लिए राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। मई में, ट्रंप न्यूयॉर्क की अदालत में एक अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बने। उन्हें 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान एक पोर्न अभिनेत्री को पैसे दिये जाने के प्रकरण को छिपाने के लिये कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का दोषी पाया गया था।

श्रीलंकाई नेता संपन्थन का निधन, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

कोलंबो। श्रीलंका में तमिल नागरिकों के लिए शांति, न्याय और सम्मान का जीवन सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करने वाले उदारवादी तमिल नेता आर संपन्थन का रविवार रात निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था।

संपन्थन ने 2004 से तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) का नेतृत्व किया और सिंहली बहुल देश में मुख्य विपक्षी नेता बनने वाले दूसरे तमिल बने। वह लंबे समय से बीमार होने के कारण संसद के मौजूदा सत्र में शामिल नहीं हो रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीलंकाई तमिल नेता के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा टीएनए के अनुभवी नेता आर संपन्थन के परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मोदी ने लिखा उनके साथ हुई मुलाकातों की यादें हमेशा संजोकर रखूंगा।

पेरिस में प्रदर्शन, आंसू गैस के गोले छोड़े

पेरिस, एजेंसी

पेरिस में प्रदर्शन के दौरान ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का उपयोग किया। यह जानकारी आरआईए नोवोस्ती ने सोमवार को दी। फ्रांस में संसदीय चुनावों के पहले दौर के पहले नतीजों की घोषणा के बाद पेरिस के प्लेस डे ला रिपब्लिक में प्रदर्शन शुरू हुआ। विरोध प्रदर्शन में एक हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

- ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथियों ने दिया भड़काऊ भाषण

प्रदर्शन कई घंटों तक शांतिपूर्ण रहा, फिर एकाएक ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथी युवा कार्रवाई में शामिल हो गए। कट्टरपंथियों ने पुलिस के खिलाफ भड़कना शुरू कर दिया, कूड़ेदानों में आग लगा दी और कैफे की खिड़कियां तोड़ दीं। धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी पहले दौर के चुनाव में 34.2% के साथ आगे चल रही है, इसके बाद वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ का मध्यमार्गी गठबंधन क्रमशः 29.1% और 21.5% पर है।

पेरिस की सड़कों पर प्रदर्शन करते लोग।

मैक्रों का निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी का मुकाबला करने के लिए अपनी टीम को देश के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश दिया है। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने रविवार को कहाकि पहले एग्जिट पोल के अनुसार, नेशनल रैली 34.2 प्रतिशत के साथ पहले दौर के चुनावों में आगे चल रही है, उसके बाद वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन 29.1 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्री मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन 21.5 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। श्री मैक्रों कथित तौर पर चुनावों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को एलीसी पैलेस में एक रणनीतिक बैठक करेंगे।

सिंगापुर में विपक्षी नेता प्रीतम सिंह वर्कर्स पार्टी के पुनः महासचिव बने

सिंगापुर। भारतीय मूल के विपक्ष के नेता प्रीतम सिंह को वर्कर्स पार्टी का महासचिव पुनः निर्वाचित किया गया है। पुनः निर्वाचित चेयरवुमैन सिल्विया लिम की अगुवाई में कुल 14 सदस्यों ने केंद्रीय कार्यकारी समिति (सीईसी) के लिए वोट दिया जो वर्कर्स पार्टी की शीर्ष निर्णय निर्धारण संस्था है। सिंह (48) को रविवार को निर्विरोध चुन लिया गया। वह 2018 से पार्टी के महासचिव हैं। सिंह ने पत्रकारों से कहा शानदार नतीजे।

हम अगले दो साल इस सीईसी के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। चैनल न्यूज एशिया ने सिंह के हवाले से कहा यह उम्मीदवारी के बारे में नहीं था, यह पार्टी का आंतरिक चुनाव था इसलिए मेरी टिप्पणियां उस तक ही सीमित रहेंगी। मीडिया की खबरों में कहा गया है कि दो साल के लिए चुने जाने वाली वर्कर्स पार्टी की सीईसी सिंगापुर के अगले आम चुनाव के लिए तैयार है जो नवंबर 2025 तक होने हैं लेकिन इन्हें इससे पहले भी कराया जा सकता है।

बॉलीवुड हलचल

अमिताभ ने बेटे अभिषेक के साथ देखी कल्कि 2898 एडी

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 एडी अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ देखी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित फिल्म कल्कि 2898 एडी 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है।'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। इस फिल्म ने अब तक 555 करोड़ का ग्रॉस कारोबार कर लिया है।अमिताभ बच्चन ने इस फिल्म में अश्वत्थामा का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। अमिताभ ने बेटे अभिषेक के साथ फिल्म कल्कि 2898 एडी देख ली है। अमिताभ ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि रविवारों का रविवार। बड़े पर्दे पर कुछ दोस्तों के साथ कल्कि देखी है। इसको पहली बार देखा। आईमैक्स में थिएटर्स का माहौल, खूबसूरती और सुविधाएं काफी प्रभावशाली थीं। सालों से बाहर नहीं निकला था, लेकिन प्रगति देखने के लिए बाहर निकलना बहुत संतोषजनक था।

13 सितंबर को रिलीज होगी करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की आने वाली फिल्म द बकिंघम मर्डर्स, 13 सितंबर को रिलीज होगी। करीना कपूर इन दिनों हंसल मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म द बकिंघम मर्डर्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। बालाजी मोशन पिक्चर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने फिल्म के दो पोस्टर शेयर किए हैं और साथ ही इसकी रिलीज डेट भी बता दी है। पोस्ट शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है। फिल्म द बकिंघम मर्डर्स एक मर्डर मिस्ट्री है। इस फिल्म में करीना कपूर खान के साथ रणवीर बरार, कीथ एलन और ऐश टंडन समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं। वहीं, इस फिल्म को शोभा कपूर, एकता कपूर और करीना कपूर ने प्रोड्यूस किया है और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर, राघव राज कक्कड़ ने इसे लिखा है।

14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी नखरेवाली

मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार आनंद एल राय की आने वाली फिल्म नखरेवाली, 14 फरवरी 2025 में रिलीज होगी फिल्म नखरेवाली का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म वैलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म नखरेवाली के नये पोस्टर में अंश दुग्गल और प्रगति श्रीवास्तव किस करते नजर आ रहे हैं। आनंद एल राय के कलर येलो प्रोडक्शंस और जियो स्टूडियोज के बीच दूसरा कॉलोबोरेशन होगा। फिल्म का निर्देशन राहुल शांकल्या कर रहे हैं, वहीं इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा लिख रही हैं।

जापान ने नए एच3 रॉकेट से पृथ्वी निगरानी उपग्रह किया प्रक्षेपित

तोक्यो। जापान ने सोमवार को एक नया महत्वाकांक्षी एच3 रॉकेट प्रक्षेपित करने के साथ ही आपदा प्रतिक्रिया और सुरक्षा के लिए एक उन्नत पृथ्वी निगरानी उपग्रह अंतरिक्ष में तैनात कर दिया। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने बताया कि एच3 नंबर 3 रॉकेट ने दक्षिण पश्चिमी जापान के एक द्वीप पर तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और करीब 16 मिनट बाद तय योजना के अनुसार अपना पेलोड (उपग्रह) छोड़ा। उन्नत भूमि निरीक्षण उपग्रह या एएलओएस-4 को आपदा प्रतिक्रिया तथा मानचित्रण के लिए पृथ्वी की निगरानी करने तथा डेटा एकत्रित करने का काम सौंपा गया है। यह सैन्य गतिविधि जैसे कि मिसाइल प्रक्षेपण पर नजर रखने में भी सक्षम है। पहले यह प्रक्षेपण रविवार को किया जाना था लेकिन खराब मौसम के कारण इसमें देरी हुई।

नियुक्ति 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को दिया गया पद

ऑस्ट्रेलिया में दूसरी महिला गवर्नर जनरल नियुक्त

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को सैम मोस्टिन को अपना गवर्नर जनरल नियुक्त किया। 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को इस पद पर नियुक्त किया गया है। यह, वर्ष 2022 में महाराजा चार्ल्स तृतीय का कार्यकाल शुरू होने के बाद से इस तरह की पहली ऑस्ट्रेलियाई नियुक्ति है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी सरकार की ओर से भी यह पहली नियुक्ति है।

लेबर पार्टी सरकार ब्रिटिश क्राउन के स्थान पर ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रपति को राष्ट्र प्रमुख के रूप में नियुक्त करना चाहती है। कारोबारी महिला और लैंगिक समानता की पक्षधर सैम मोस्टिन ने ऑस्ट्रेलिया की 28वीं गवर्नर जनरल के रूप में शपथ ली। वर्ष 1901 के बाद से यह दूसरी बार है जब इस पद पर कोई महिला आसीन हुई है। वह 2005 में ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग की पहली महिला कमिश्नर भी रह चुकी हैं। नयी भूमिका में अपने पहले भाषण में मोस्टीन ने ऑस्ट्रेलिया की पहली महिला गवर्नर-जनरल क्वींटिन ब्राइस को उद्धृत किया।

मोस्टीन ने कहा मैं एक आशावादी गवर्नर जनरल बनूंगी : मोस्टीन ने कहा मैं एक आशावादी, आज के दौर के साथ चलने वाली और सभी की पहुंच में रहने वाली गवर्नर-जनरल बनूंगी। मैं उस सेवा और योगदान के लिए प्रतिबद्ध रहूंगी जिसकी अपेक्षा ऑस्ट्रेलिया के सभी लोग करते हैं। मोस्टीन ने कहा कि उन्होंने इस भूमिका के बारे में जानने के लिए उन सभी पांच पूर्व गवर्नर जनरल से बातचीत की जो कि अभी जीवित हैं, जिनमें ब्राइस भी शामिल हैं। ब्राइस को लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा नियुक्त किया गया था और वे 2008 से 2014 तक इस पद पर रहीं।